


# आदिवासी एक्सप्रेस

आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार

रांची, मंगलवार
13 मई 2025
वर्ष: 38, अंक: 160
पृष्ठ: 12, मूल्य: 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961



फीचर

पाकिस्तानी यूजर ने पति को छोड़ने की दी सलाह, तो देवोलीना भट्टाचार्जी ने उड़ाई धज्जियां....



देश

पूर्वी सिंहभूम: मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों की लिस्ट में गड़बड़ी



हज़ारीबाग

प्रसिद्धि के अनुरूप गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बांट रहा व्यावहारिक ज्ञान: सांसद




## भारत ने आतंक के हेडक्वार्टर को नष्ट कर दिया: प्रधानमंत्री मोदी

### भारत-पाक पर ट्रंप बोले- अमेरिका ने ख़तरनाक परमाणु युद्ध को रोका

डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी हस्तक्षेप ने भारत और पाकिस्तान के बीच एक खतरनाक परमाणु युद्ध को टालने में मदद की जब दोनों देशों ने कई संघर्षों के बाद संघर्ष विराम पर सहमति जताई। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, हमने एक परमाणु युद्ध को रोका। मुझे लगता है कि यह एक खतरनाक परमाणु युद्ध हो सकता था, जिसमें लाखों लोग मारे जा सकते थे। इसलिए मुझे इस पर बहुत गर्व है।

**व्यापार बड़ी वजह है, जिससे उन्होंने लड़ाई बंद की :**

भारत-पाक के बीच युद्धविराम को लेकर ट्रंप ने कहा, हमने बहुत मदद की, और हमने व्यापार के साथ भी मदद की। मैंने कहा, चलो, हम आप लोगों के साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं। इसे रोक दो, इसे रोक दो। अगर आप इसे रोकते हो, हम व्यापार करेंगे। अगर इसे नहीं रोकते, हम कोई व्यापार नहीं करेंगे। लोगों ने वास्तव में व्यापार का इस्तेमाल उस तरह से नहीं किया जैसा मैंने किया। इससे मैं आपको बता सकता हूँ, और अचानक उन्होंने कहा, हमें लगता है कि हम रुकने वाले हैं, और वे रुक गए।

### भारत, पाकिस्तान डीजीएमओ की बातचीत पूरी

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम समझौते की घोषणा के दो दिन बाद दोनों पक्षों के सैन्य संचालन महानिदेशक यानी डीजीएमओ की सोमवार की बातचीत पूरी हो चुकी है। दोनों सैन्य अधिकारियों ने 10 मई को दोनों पक्षों के बीच सैन्य कार्रवाइयों और गोलीबारी को रोकने पर पहुंची सहमति के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। बातचीत का नतीजा क्या निकला, अभी तक इसके बारे में जानकारी नहीं मिली है।
दोनों देशों के बीच डीजीएमओ स्तर की वार्ता पहले सोमवार दोपहर के आसपास होने वाली थी, लेकिन बाद में यह शाम के लिए तय की गई। दोनों देशों ने शनिवार को पाकिस्तान डीजीएमओ द्वारा अपने भारतीय समकक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को किए गए कॉल के बाद गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर सहमति जताई।

### उमर अब्दुल्ला पुंछ में पीड़ितों परिवारों से मिले

जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को पुंछ जिले में पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित लोगों से मुलाकात की और क्षेत्र में बंकरों की स्थापना की जरूरत पर बल दिया। बुधवार से अब तक कुल 27 मौतों में से सबसे अधिक 20 मौतें पुंछ जिले में हुई हैं, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह घटना भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद की है, जिसमें 22 अप्रैल को पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत का बदला लेने के लिए पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया था। अब्दुल्ला ने अपने सलाहकार नासिर असलम वानी और विधायक एजाज जान के साथ पुंछ पहुंचे हैं। उन्होंने गोलाबारी में मारे गए लोगों के परिवारों, विशेष रूप से अमरजीत सिंह और अमरीक सिंह के परिवारों से मुलाकात की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

**दिल्ली ब्यूरो**

**दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारे बहादुर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के उद्देश्यों को हासिल करने में अद्वितीय वीरता दिखाई है। आज, मैं उनकी साहस, उनकी बहादुरी और उनके शौर्य को उन्हें समर्पित करता हूँ। मैं इस वीरता को हमारे राष्ट्र की प्रत्येक माता, बहन और बेटी को भी समर्पित करता हूँ।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर केवल एक नाम नहीं है, यह लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमने सेनाओं को आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने की खुली छूट दी। आज, सभी आतंकी शिविरों ने हमारी बेटियों और बहनों के सिंदूर को मिटाने का परिणाम समझ लिया है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोमवार के भाषण में भी उल्लेख किया कि भारत के पाकिस्तान पर हमले में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में यह भी कहा कि जब हमारे मिसाइलों और ड्रोनों ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह किया, तो न केवल उनकी इमारतें बल्कि उनका हौसला भी चकनाचूर हो गया।

**वायुसेना अगले मिशन के लिए तैयार :** एयर मार्शल ए के भारती ने सोमवार को मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि भारत के सभी हवाई अड्डे, रक्षा प्रणालियाँ और उपकरण पूरी तरह से चालू हैं और अगले मिशन के लिए तैयार हैं। एयर मार्शल ने आगे कहा कि भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के पाकिस्तानी प्रयासों को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया।

**पाकिस्तान ने चीनी मिसाइल का इस्तेमाल किया:** डीजी एयर ऑपरेशन एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से चीन में बनी मिसाइल का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने बताया कि पीएल-15 मिसाइल, जो चीनी मूल की है; यह मिसाइल अपने लक्ष्य से चूक गई, और आप इसके टुकड़े देख सकते हैं जो हमारे पास उपलब्ध हैं। एक और हथियार जो मिला है वह लंबी दूरी के रॉकेट थे। हमने लोइटर युद्ध सामग्री और मानव रहित हवाई प्रणालियों के बारे में बात की है... इन सभी को हमारे प्रशिक्षित चालक दल और वायु रक्षा प्रणाली ने नीचे गिरा दिया।

**स्थिति सामान्य हो रही है :** राजस्थान में सोमवार सुबह सीमावर्ती जिलों में सामान्य स्थिति दिखाई दी। लोग चाय की दुकानों और अन्य जगहों पर जमा हुए और सामान्य बातचीत में व्यस्त हो गए। जम्मू कश्मीर से भी यही सूचना है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि रविवार से स्थिति सामान्य नज़र आ रही है।

**सभी 32 एयरपोर्ट खुले:** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 15 मई तक 32 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करने की सूचना जारी की थी। लेकिन सोमवार को बताया गया कि इन सभी एयरपोर्ट को खोल दिया गया है। ये हवाई अड्डे अब तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान संचालन के लिए उपलब्ध हैं।

## हेमंत सोरेन ने नए अत्याधुनिक सीएम आवास की रखी नींव

**बिशेष प्रतिनिधि द्वारा**

**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने सोमवार को नए मुख्यमंत्री आवास की नींव रखी। यह आवास अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें बैठकों के लिए हाईटेक इंतजाम भी होंगे। मुख्यमंत्री आवास परिसर में पूजा-अर्चना के बाद इसकी आधारशिला रखी गई।

**पुराने भवन को ध्वस्त करने के बाद नया निर्माण :** मुख्यमंत्री के नए आवास का निर्माण भवन निर्माण विभाग करा रहा है। पहले इसके प्रथम तल को तोड़ा गया था। पुराने भवन को ध्वस्त करने के बाद अब नया निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। इस आवास को लेकर कई मिथक जुड़े हुए हैं। ऐसा माना जाता है कि इस आवास में रहने वाला कोई भी मुख्यमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया।
इस आवास का नाम कैफोर्ड हाउस है, जिसे सीएम हाउस भी कहा जाता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कांके रोड स्थित आवास नंबर पांच का विस्तार किया जा रहा है। दोनों आवासों को मिलाकर एक आधुनिक आवास बनाया जाएगा। इसमें हेलीपैड, बड़े कॉन्फ्रेंस हॉल और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम जैसी सुविधाएं होंगी।

**सीएम आवास को लेकर कई मिथक :** इस कैफर्ड आवास से जुड़े कई मिथक हैं, जिन्हें इसके पुनर्निर्माण का एक बड़ा कारण माना जाता है। इस आवास का नाम कैफोर्ड हाउस है, जिसे सीएम हाउस भी कहते हैं। एक मिथक है कि इस आवास में रहने वाला कोई भी मुख्यमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया।

**हेलीपैड समेत अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं उपलबध होगी :** सीएम हेमंत सोरेन के कांके रोड स्थित आवास नंबर पांच का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अभी जहां रहते हैं और कैफोर्ड हाउस के बीच सिर्फ एक दीवार की दूरी है। मुख्यमंत्री पहले से बने इस आवास का उपयोग समय-समय पर करते रहे हैं। विधायकों के साथ बैठक या अन्य बैठकों में मुख्यमंत्री इस आवास का इस्तेमाल करते रहे हैं। अब इन दोनों आवासों को मिलाकर एक आधुनिक आवास बनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार, इस आवास में हेलीपैड जैसी सुविधाएं होंगी। इसके अलावा, बड़े-बड़े कॉन्फ्रेंस हॉल और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम भी होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस आवास में पार्किंग के लिए उचित व्यवस्था और गार्डन भी होगा।

**पहली बार सीएम बनने पर भी इस आवास में नहीं रहे :** कैफोर्ड हाउस को लेकर कई तरह के मिथक हैं। इसे झारखंड में मुख्यमंत्री का आवास कहा जाता रहा है। हेमंत सोरेन जब 13 जुलाई 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब भी वे इस आवास में नहीं रहे थे।



### रघुवर दास ने वास्तु में किया था बदलाव

2014 में रघुवर दास राज्य के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने मिथक तोड़ने की दूसरी कोशिश की। उन्होंने कहा कि वे इन सब बातों पर यकीन नहीं करते। उन्होंने इस आवास में कुछ वास्तु बदलाव जरूर किए। उन्होंने कांके रोड वाले गेट से आने-जाने की जगह मोरहाबादी वाले गेट का इस्तेमाल किया। उन्होंने अपना कार्यकाल जरूर पूरा किया, लेकिन वे दूसरी बार मुख्यमंत्री नहीं बन सके।

## इरफान अंसारी ने नाबालिग की गिरफ्तारी पर सीपी सिंह को घेरा



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**जामताड़ा:** सूबे के स्वास्थ्य मंत्री और जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने भाजपा विधायक सीपी सिंह की शिकायत पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बड़ा बयान दिया है. इतना ही नहीं इरफान अंसारी ने सीपी सिंह को धोखेबाज और समाज का तोड़ने वाला व्यक्ति बताया है.
उन्होंने कहा कि बच्चा यदि गलती करता है तो पुलिस है, जांच होगी. इरफान अंसारी गलत का साथ नहीं देता है, लेकिन बेवजह किसी को फंसा कर जेल भेजने से कोई लड्डू नहीं मिल जाएगा.
इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में कोई आतंकवाद नहीं है. उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि सभी धर्म का सम्मान करें. मैं मुस्लिम हूं, लेकिन सभी जाति धर्म का सम्मान करते हूं. आरएसएस बजरंग दल के लोग भी उल्टा सीधा बोलते रहते हैं, क्या सभी को जेल भेजने का काम करें. उन्हें सुधरने का मौका देते हैं. यहां हेमंत सोरेन की सरकार है, जो सबका विकास-सबका सम्मान देने का काम करती है.
बता दें कि विधायक सीपी सिंह ने रांची निवासी एक नाबालिग के द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए आपत्तिजनक पोस्टर को लेकर शिकायत की थी. जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया और उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है.

## डीजीपी बिना पैसा के कर रहे काम! पक्ष-विपक्ष भी आपस में उलझे

**विशेष संवाददाता द्वारा**

**रांची:** झारखंड में डीजीपी को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है. केंद्र सरकार की आपत्ति के बावजूद अनुराग गुप्ता राज्य सरकार के निर्देशानुसार झारखंड के डीजीपी के पद पर कार्यरत हैं. अब इस मामले पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है. सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं. बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने डीजीपी अनुराग गुप्ता के बहाने मौजूदा राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की. तो वहीं जेएमएम ने भी बाबूलाल मरांडी का पलटवार करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बेशर्मी की भी हद होती है, लेकिन @HemantSorenJMM सरकार ने उसे पार कर दिया है. झारखंड देश का पहला राज्य बन गया है, जहां पिछले दस दिनों से छ्तक्का पद खाली है और जो व्यक्ति 'DGP' के पद पर कार्यरत है, वह बिना वेतन के सेवा कर रहा है! वाह मुख्यमंत्री जी, यह नए भारत का निर्माण है- बिना वेतन, बिना संवैधानिक वैधता, केवल भ्रष्टाचार के आधार पर प्रशासन!

**अब क्यों न एक नई नीति ही बना दी जाए:** धनबाद, हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो जैसे लाभदायक कोयला क्षेत्रों और बाकी खनिज क्षेत्रों में भी बिना वेतन, केवल कमीशन आधारित सेवा के लिए सेवानिवृत्त और अनुभवी लोगों से आवेदन आमंत्रित करें. वही मॉडल लागू करें जो DGP साहब कर रहे हैं, जहां वेतन की जगह वसूली हो और संविधान की जगह किचन कैबिनेट के आदेश मान्य हों.
दरअसल, ऐसा लगता है कि राज्य सरकार ने न केवल संविधान के अनुच्छेद 312 को खारिज कर दिया है, जो यूपीएससी को अधिकार देता है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह मामले के निर्देशों को भी कूड़ेदान में फेंक दिया है. हेमंत सोरेन जी ने शायद अब खुद को सुप्रीम कोर्ट से भी ऊपर मान लिया है और प्रशासन को बहुत नीचे गिरा दिया है. आज झारखंड उस मुकाम पर पहुंच गया है, जहां जेपीएससी की हर सीट बोली पर बिक रही है और यूपीएससी द्वारा चयनित अधिकारियों को भी रेट लिस्ट से गुजरना पड़ रहा है. हेमंत जी, आपने एक क्रांतिकारी प्रयोग किया है - योग्यता नहीं, सुविधा शुल्क पर आधारित प्रशासन. आपने जो परंपरा शुरू की है, वह न केवल सरकारी व्यवस्था की विश्वसनीयता को खत्म कर रही है, बल्कि आने वाले वर्षों में झारखंड के प्रशासनिक ढांचे के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी.

**क्या है मामला:** केंद्र सरकार ने झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के रिटायरमेंट को लेकर राज्य सरकार को पत्र भेजा था और जानकारी दी थी कि अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल तक ही झारखंड के डीजीपी के पद पर अपनी सेवा दे सकेंगे. लेकिन झारखंड सरकार ने इसे खारिज कर दिया और अनुराग गुप्ता को झारखंड के डीजीपी के पद पर काम करने की अनुमति दे दी. वहीं राज्य सरकार की तरफ से केंद्र सरकार को पत्र लिखा गया था, जिसमें बताया गया था कि अनुराग गुप्ता को कानूनी तौर पर 2 साल के लिए डीजीपी के पद पर नियुक्त किया गया है और कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया है. वहीं डीजीपी की नियुक्ति को लेकर कोर्ट में मामला भी चल रहा है, जिसमें आदेश आना बाकी है. आदेश आने तक अनुराग गुप्ता डीजीपी के पद पर अपनी सेवा दे सकते हैं, यह न्यायोचित है.



### झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दी तीखी प्रतिक्रिया

बाबूलाल मरांडी के इस बयान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा, बीजेपी को सिर्फ वही चीजें दिखती हैं जो उनके हित में नहीं हैं. क्या उन्हें याद नहीं है कि आरके अस्थाना को रिटायरमेंट के दो दिन बाद ही दिल्ली में पुलिस कमिश्नर बना दिया गया था? और उत्तर प्रदेश में मौजूदा डीजीपी की नियुक्ति किस प्रक्रिया से हुई? उन्होंने कहा कि बीजेपी को नैतिकता का पाठ पढ़ाने से पहले खुद को आईने में देखना चाहिए.

## गुमला में नाबालिग का अपहरण कर हैवानियत, पुलिस ने छह आरोपियों को पकड़ा

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**गुमला:** गुमला जिला अंतर्गत सुरसांग थाना क्षेत्र में छह युवकों ने एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसका बलात्कार किया। लड़की बेहोश हो गई तो युवकों ने उसे मरा समझकर जंगल में फेंक दिया। होश आने पर लड़की किसी तरह घर पहुंची। वारदात की एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने सभी छह आरोपियों को अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में गुमला जिले के सुरसांग थाना क्षेत्र के सुरेंद्र नगेसिया, विमल कुमार और संजू राम और सिमडेगा जिले के पाकरटांड़ थाना क्षेत्र निवासी अर्पण रोशन सोरेंग, दिनेश तिर्की उर्फ नितिन और अमरदीप कुल्लू शामिल हैं। आरोपियों की उम्र 18 से 23 वर्ष के बीच है। बताया गया कि सुरसांग थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को एक वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित हो रहा था। गांव में सिमडेगा जिले से बारात आई थी।
वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल चार लड़कियां रात करीब नौ बजे शौच के लिए एकांत इलाके में गईं तो छह लड़कों ने वहां पहुंचकर उनके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। तीन लड़कियां तो वहां से बचकर निकल गईं, लेकिन वे एक नाबालिग लड़की को उठाकर जंगल की ओर ले गए। सभी युवकों ने बारी-बारी से उससे दुष्कर्म किया। इस दौरान लड़की बेहोश हो गई तो उन्होंने उसे जंगल में एक झाड़ी में फेंक दिया। सुरसांग के थाना प्रभारी मुकेश प्रसाद टुडू ने बताया कि रविवार को पीड़िता के पिता ने एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को अलग-अलग जगहों से पकड़ा। पकड़े गए युवकों ने जुर्म कबूल किया है। लड़की की मेडिकल जांच कराई गई है।
उधर,, रांची में भी पुलिस ने यौन शोषण के दो अलग-अलग मामलों में सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पिठौरिया थाने के प्रभारी ने बताया कि शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने और उसके बाद मुकर जाने की शिकायतों के आधार पर रातू थाना क्षेत्र के भोडा ग्राम निवासी सुफियान अंसारी और सतकनादू गांव निवासी सुनील मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।




## के विक्रम राव : पत्रकारों के लिए लड़ने वाला आखिरी मसीहा चला गया

**नवेन्दु उन्मेष**

सोमवार की सुबह वरिष्ठ पत्रकार डा. के विक्रम राव के सुपुत्र का मेरे पास मैसेज आया कि पिता जी नहीं रहे। मैसेज पढ़कर मैं स्तब्ध रहा गया। डा. राव जब भी कोई फीचर लिखते थे तो मुझे भेज देते थे। मैं जिस भी अखबार में रहा उनका फीचर अवश्य प्रकाशित किया।
वे जब भी रांची आते मुझसे मिलते। मैं जब भी लखनउ जाता उनसे मिलना नहीं भूलता। वे एक बड़े पत्रकार थे। वे पत्रकारों के हक के लिए लड़ने वाले एक मात्र पत्रकार थे। उनके संघर्ष का परिणाम था कि सरकार को पत्रकारों के लिए वेतन आयोग की स्थापना करनी पड़ी। अखबारों के मालिकों को पत्रकारों को न्यूनतम वेतनमान देना पड़ा। रेलवे में पत्रकारों के लिए छूट की व्यवस्था की गयी। डा. राव डंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उन्होंने कुछ दिनों पूर्व मुझे बताया था कि एसोसिएशन के देशभर में लगभग चालीस हजार सदस्य हैं।
डा. राव ने आपातकाल के दौरान पत्रकारों और समाचार पर अंकुश लगाये जाने का जमकर विरोध किया था। तब इंदिरा गांधी ने उन्हें गिरफतार कर जेल में डाल दिया था। वे लगभग 16 माह जेल में रहे। जीवनपर्यन्त वे पत्रकारों के हक के लिए लड़ते रहे। प्रेस कौंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य के रूप् में भी उन्होंने पत्रकारिता की गरिमा को बचाये रखने का काम किया।
डंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन का 1996 में एक बार रांची के मेकन हाल में अधिवेशन का आयोजन किया गया था जिसका उद्घाटन तत्कालीन रेल मंत्री रामबिलास पासवान ने किया था। उस दौरान ही उनके साथ मेरे आत्मीय संबेध हो गये थे। हम दोनों घूम-घूमकर अधिवेशन की व्यवस्था में लगे रहे। एक दिन मैंने उनसे पूछा आप तो यूनियन चलाते हैं लेकिन आपका घर कैसे चलता है। उन्होंने उत्तर दिया मेरी पत्नी रेलवे में डाक्टर है। इस कारण मुझे घर चलाने की चिंता नहीं रहती। मैंने संकल्प लिया है कि मैं आखिरी दम तक पत्रकारों के लिए लड़ता रहूगा। दो दिन पूर्व शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मिले थे। मुझे जो तस्वीर भेजी उसे देखकर मुझे लगा वे काफी वृद्ध हो चुके हैं। लेकिन मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने उनके स्वास्थ्य के बारे में अवश्य पूछा। इसका भी मैसेज डा. राव ने मुझे भेजा।
तेलुगु भाषी होने के बावजूद डा. राव की हिन्दी में अच्छी पकड़ थी। वे अंग्रेजी के पत्रकार थे और टाइम्स ऑफ इंडिया से अवकाश ग्रहण करने के बाद हिन्दी में लिखा करते थे। उन्होंने वायस ऑफ अमेरिका के वाशिंगटन डीसी स्थित कार्यालय में भी कार्य किया था। उन्होंने पत्रकारिता पर कई पुस्तकों की रचना की। उन्होंने कई देशों में घूमकर वहां के पत्रकारों की स्थिति की जानकारी हासिल की। इसके बाद भारत सरकार को कई सुझाव दिये कि यहां के पत्रकारों के लिए क्या किया जाना चाहिए। अवकाश ग्रहण करने के बाद वे एक स्तंभकार के रूप् में काफी चर्चित रहे। विभिन्न राजनीतिक विशयों पर प्रतिदिन लेख लिखा करते थे और आपने मित्र पत्रकारों को छपने के लिए भेज दिया करते थे। नहीं छपने पर फोन कर कारण भी जानना चाहते थे।
डा़ के विक्रम राव के पिता रामा राव भी एक पत्रकार थे। पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा स्थापित नेशनल हेराल्ड के लखनउ संस्करण के वे संपादक थे। डंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन की स्थापना 28 अक्टूबर 1950 को नई दिल्ली में की गयी थी। कई सालों तक के चलपति राव इसके अध्यक्ष रहे। चलपति राव ने देशभर के पत्रकारों को एक मंच पर लाने का काम किया। उनके निधन के बाद डा. के विक्रम राव को उसका अध्यक्ष चुना गया। वे मुझसे अकसर कहा करते थे कि झारखंड में हमारी यूनियन की स्थिति अच्छी नहीं है। तुम इसे संगठित करने का पुनः प्रयास करो लेकिन चूंकि मेरी दिलचस्पी यूनियनबाजी में कभी नहीं रही इस कारण मैंने कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया।



ऑपरेशन सिंदूर



# खाक हो गए आतंक के 5 आका.. भारत ने टारगेट लॉक कर यूं कर दिया ढेर

रुचिर शुक्ला

नई दिल्ली: भारत और पाकिस्तान में जंग जैसे हालात के बाद अब बॉर्डर पर शांति है। हालांकि, भारतीय सेना ने दो टूक कहा कि ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है। सेना ने बताया कि 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के पहले दिन पाकिस्तान और ढङ्क में आतंकी ठिकानों पर हमले किए गए थे। भारतीय सेना ने इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया। सेना ने बताया कि मारे गए आतंकियों में लश्कर-ए-तैयबा (छीळ) और जैश-ए-मोहम्मद (खीट) के पांच बड़े कमांडर भी शामिल थे। इन कमांडरों में मुदस्सर खादियान खास, खालिद उर्फ अबू अकाशा, मोहम्मद युसूफ अजहर, हाफिज मोहम्मद जलील और मोहम्मद हसन खान जैसे नाम थे। ये सभी आतंकी भारत में कई हमलों में शामिल थे।

**ऑपरेशन सिंदूर में मारा गया जैश आतंकी मोहम्मद युसूफ अजहर :** 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान मारा गया मोहम्मद युसूफ अजहर सबसे खतरनाक आतंकी था। वह जैश-ए-मोहम्मद (खीट) के बड़े आतंकियों में से एक था। उसे उस्ताद जी, मोहम्मद सलीम और घोसी साहब के नाम से भी जाना जाता था। युसूफ अजहर, खीट के संस्थापक मसूद अजहर का रिश्तेदार था। वह 1999 के क्ळ-814 विमान अपहरण मामले में भी शामिल था और भारत का मोस्ट वांटेड आतंकी था। 2000 से वह इंटरपोल की रेड नोटिस लिस्ट में भी था। 2019 में, जब भारतीय वायुसेना (क्आ) ने पुलवामा हमले के जवाब में बालाकोट में खीट के ट्रेनिंग कैंप पर हमला किया, तब यूसुफ अजहर ही उस कैंप को चला रहा था। उस कैंप में आतंकवादियों को आत्मघाती हमलों के लिए तैयार किया जाता था।

**इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट आईसी-814 अपहरण में निभाई थी बड़ी भूमिका :** मोहम्मद यूसुफ अजहर ने इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट आईसी-814 के अपहरण में भी बड़ी भूमिका निभाई थी। इस विमान को अफगानिस्तान के कंधार में ले जाया गया था। इसके बाद मसूद अजहर को भारतीय जेल से रिहा कर दिया गया था। हालांकि यूसुफ अजहर खुद विमान में मौजूद नहीं था, लेकिन वह अपहरण की साजिश रचने और उसे अंजाम देने में शामिल था। उसने अपहरणकर्ताओं को हथियार और भागने की योजना बनाने में भी मदद की थी।

**भारत के एक्शन में मारा गया आतंकी मुदस्सर खादियान खास :** मुदस्सर खादियान खास लश्कर (छीळ) का एक बड़ा नेता था। वह पाकिस्तान के मुरीदके में मरकज तैयबा का काम देखता था। मरकज तैयबा को छीळ का मुख्यालय माना जाता है। यहीं पर छीळ का चीफ हाफिज मोहम्मद सईद अपने भाषण देता था और बड़े आतंकी हमलों की योजना बनाता था। 26/11 के आतंकवादी अजमल कसाब और डेविड कोलमैन हेडली को भी इसी जगह पर ट्रेनिंग दी गई थी।

**अबू जुंदाल के नाम से जाना जाता था मुदस्सर :** मुदस्सर खास को मुदस्सर और अबू जुंदाल के नाम से भी जाना जाता था। उसे छीळ के डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद कसूरी ने छीळ में शामिल किया था। पहले, वह हाफिज अब्दुल रऊफ (अल खिदमत कमेटी के चेयरमैन) के साथ उनकी सुरक्षा का काम करता था। उसने हाफिज सईद के दामाद हाफिज खालिद वलीद के साथ भी काम किया था, जो लाहौर में पीएमएमएल नाम की एक राजनीतिक पार्टी का जनरल सेक्रेटरी है।

**मुदस्सर के जनाजे में दिखे पाकिस्तानी आर्मी चीफ :** मुदस्सर जिस जगह का काम देखता था, उसे 1980 के दशक में हाफिज सईद और उसके साथियों ने बनाया था। उन्होंने छीळ को मरकज दावा वाल इरशाद से अलग करके बनाया था। यह जगह 200 एकड़ में फैली है। यहां ट्रेनिंग के लिए मैदान, रहने के लिए कमरे और अन्य सुविधाएं हैं। यह छीळ का विचारधारा और भर्ती केंद्र था। यहां आतंकवादियों को अलग-अलग चरणों में सैन्य ट्रेनिंग दी जाती थी। मुदस्सर कितना पॉवरफुल था कि उसके जनाजे के वीडियो में नजर आया कि पाकिस्तान आर्मी ने उसे गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पाक आर्मी चीफ और पंजाब के मुख्यमंत्री (मरियम नवाज) की तरफ से फूल भी चढ़ाए गए। पाक आर्मी का एक लेफ्टिनेंट जनरल और पंजाब पुलिस का आईजी भी शामिल हुआ। उसकी अंतिम प्रार्थना एक सरकारी स्कूल में हुई, जिसे हाफिज अब्दुल रऊफ ने करवाया। हाफिज अब्दुल रऊफ को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित किया गया है।

**मारे गए आतंकियों में हाफिज मोहम्मद जलील भी शामिल :** हाफिज मोहम्मद जलील खीट का एक बड़ा नेता था। वह खीट के संस्थापक मसूद अजहर का सबसे बड़ा साला था। सूत्रों के मुताबिक, वह पाकिस्तान पंजाब के बहावलपुर में खीट के मुख्यालय मरकज सुभान अल्लाह का इंचार्ज था। सेना के मुताबिक, जलील खीट की शूरा (सबसे बड़ी निर्णय लेने वाली संस्था) का सदस्य था और मसूद अजहर का करीबी था। सेना ने बताया कि जलील अक्सर ढङ्क जाता था ताकि खीट के लिए नए लोगों को भर्ती कर सके और पैसे जुटा सके।

**कौन था आतंकी जलील जो एयर स्ट्राइक हुआ जमींदोज : सूत्रों** के मुताबिक, जलील के परिवार के कुछ सदस्यों की भी हवाई हमले में मौत हो गई है। खीट ने 1999 में मसूद अजहर द्वारा स्थापित बहावलपुर सुविधा को 2009 तक विकसित किया। यह 6.5 एकड़ का एक परिसर है, जिसका इस्तेमाल आतंकवादियों को ट्रेनिंग देने के लिए किया जाता था। इस परिसर को जामिया मस्जिद सुभानल्लाह के नाम से जाना जाता है। यह पाकिस्तान आर्मी के 31 कोर के मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर है। सूत्रों के मुताबिक, इस सुविधा का इस्तेमाल 2016 के पठानकोट एयरबेस हमले और 2019 के पुलवामा आत्मघाती हमले में भी किया गया था, जिसमें 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे।

**मोहम्मद हसन खान भी भारतीय सेना का बना निशाना :** मोहम्मद हसन खान खीट के ढङ्क के ऑपरेशनल कमांडर मुफ्ती असगर खान कश्मीरी का बेटा था। वह भारतीय भगोड़े आशिक नेंगरू के साथ भी जुड़ा हुआ था, जो 2019 के पुलवामा हमले में वांटेड था। सेना ने एक बयान में कहा कि वह शाकरगढ़ स्थित खीट के आतंकवादियों, जैसे मोहम्मद अदनान अली उर्फ डॉक्टर मुसादिक, अली काशिफ जान उर्फ उस्मान हैदर और मोहम्मद यासिर के साथ भी मिलकर काम करता था। सेना ने कहा कि मुफ्ती असगर खान अपने पिता के साथ शूरा की बैठकों में जाता था। कश्मीरी खीट के ट्रेनिंग कैंपों का काम देखता है, जिसमें मुजफ्फराबाद में मरकज सैयदाना बिलाल कैंप भी शामिल है। यह कैंप आतंकवादियों को जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करने से पहले ट्रेनिंग देने का काम करता है।




**मारे गए आतंकियों में खालिद उर्फ अबू अकाशा :** खालिद उर्फ अबू अकाशा जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी हमलों में शामिल था। उसने एलईटी के लिए अफगानिस्तान से हथियार लाने में भी बड़ी भूमिका निभाई थी। पाकिस्तान में भारत के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा देने में उसकी भूमिका को इस बात से समझा जा सकता है कि फैजाबाद में उसके जनाजे में पाकिस्तान आर्मी के बड़े अधिकारी और फैजाबाद के डिप्टी कमिश्नर भी शामिल हुए थे। भारतीय सेना ने रविवार को बताया कि खालिद लश्कर का ट्रेंड आतंकवादी था। वह जम्मू कश्मीर में काम करता था और फिर पाकिस्तान भाग गया था। वहां से वह पेशावर में काम करता था। हाल ही में वह मुरीदके में एलईटी के मुख्यालय में चला गया था और ग्रुप की सेंट्रल कमेटी का हिस्सा बन गया था। वह लश्कर/जैश के बड़े नेताओं, जैसे याह्या मुजाहिद, कारी याकूब शेख, अब्दुल रहमान, खालिद वलीद, इंजीनियर हारिस डार और अब्दुल रहमान आबिद के साथ मिलकर काम करता था।

# भारत से तुर्की किस बात की दुश्मनी निकाल रहा है...एर्दोगन को क्या है टीस

दिनेश मिश्र

**नई दिल्ली :** 2016-17 की बात है, जब तुर्की में एक विद्रोह हुआ। तुर्की ने इसके लिए अमेरिका स्थित तुर्की के धार्मिक नेता फेतुल्लाह गुलान के संगठन को जिम्मेदार बताया था। तुर्की ने तब आरोप लगाया था कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी उक्अ उनका इस्तेमाल कर तुर्की में तख्तापलट करना चाहती है। गुलान मूवमेंट भारत में भी सक्रिय रहा है। उस वक्त तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन ने भारत से उम्मीद की थी कि वो अपने यहां गुलान मूवमेंट के जो भी स्कूल या दफ्तर हैं, उन्हें बंद करवा दे। माना जाता है कि उस वक्त भारत ने तुर्की की अपील अनसुनी कर दी। इसके बाद से ही राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन लगातार कश्मीर का मुद्दा उठाने लगे। हालांकि, इस दुश्मनी की जड़ें अतीत में कहीं बेहद गहरे तक धंसी हुई हैं। हाल ही में पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इसके बाद तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन ने पाकिस्तान और पाकिस्तानियों के प्रति हमदर्दी जताई है। इस बीच, सीजफायर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच ॲटड लेवल की बात होनी है। जानते हैं तुर्की से दुश्मनी की वो कहानी।




**दिल्ली सल्तनत के 4 वंश मूल रूप से तुर्क थे :** आज से करीब 800 साल पहले जब हिंदुस्तान में दिल्ली सल्तनत की स्थापना हुई। यह सल्तनत काल 1206 से 1526 तक रहा। इसमें पहले के चार वंश गुलाम वंश (या मामलुक वंश), खिलजी वंश, तुगलक वंश और सैयद वंश मूल रूप से तुर्क थे। कुतुबुद्दीन ऐबक जो दिल्ली सल्तनत का पहला सुल्तान था, एक तुर्क गुलाम था। ऐबक ने मोहम्मद गोरी की हत्या के बाद दिल्ली की सत्ता संभाली। वहीं, गुलाम वंश का प्रमुख शासक इल्तुतमिश भी एक तुर्क था और दिल्ली सल्तनत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति था। हालांकि, खिलजी वंश को स्थापित करने वाला अलाउद्दीन खिलजी भी तुर्क ही था। उसने तो तुर्कियों के अलावा अन्य जातीय समूहों को अपनी सेना और शासन में शामिल किया। इसी तरह तुगलक वंश के सुल्तानों की सेना और शासन में भी तुर्क महत्वपूर्ण पदों पर थे।

बाबर की तुजुके बाबरी भी मूल रूप से तुर्की में :अब जरा इतिहास की ओर चलते हैं। दिल्ली के सुल्तानों और शुरुआती मुगलों के शासनकाल के दौरान भारतीय राजनीति पर तुर्की भाषा का महत्वपूर्ण प्रभाव रहा है। तुर्की के कई शब्दों का इस्तेमाल आमतौर पर हिंदी, उर्दू और अन्य भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं में भी किया जाता है। मुगल सम्राट बाबर तुर्क-उजबेक भाषा का इस्तेमाल करने वाले एक सफल लेखक और कवि थे। उन्हें गद्य और पद्य दोनों में एक विशेष शैली के आविष्कारक के रूप में भी जाना जाता है। रामपुर की रजा लाइब्रेरी में 50 ऐसी दुर्लभ पुस्तकों और पांडुलिपियों का संग्रह मौजूद है, जो तुर्की भाषा में हैं।

**शीत युद्ध के दौरान भारत ने गुटनिरपेक्षता को अपनाया :** भारत और तुर्की के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना 1948 में हुई। मगर, जब अमेरिका और रूस शीतयुद्ध में उलझे तो तुर्की अमेरिका के समर्थन में उतर आया। वहीं, भारत-रूस की गहरी दोस्ती थी, मगर भारत ने गुट निरपेक्षता को अपनाया। इसके बाद से तुर्की पाकिस्तान के करीब आता गया। क्योंकि पाकिस्तान भी अमेरिका का परंपरागत दोस्त बनता गया।

**बाल्कन युद्धों के दौरान तुर्की गए थे डॉ. एमए अंसारी :** हिंदी और तुर्की भाषाओं में 9,000 से भी अधिक शब्द समान हैं। 1912 में बाल्कन युद्धों के दौरान मशहूर भारतीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ. एमए अंसारी के नेतृत्व में तुर्की के लिए चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई गई थी। भारत ने 1920 के दशक में तुर्की के स्वतंत्रता संग्राम और तुर्की गणराज्य के गठन में भी सहयोग दिया था। इसके अलावा प्रथम विश्व युद्ध के अंत में तुर्की पर हुए अन्याय के खिलाफ महात्मा गांधी ने भी उनका साथ दिया था। 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता की घोषणा के ठीक बाद तुर्की ने भारत को मान्यता दी और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध स्थापित हुए।

# तुम व्योम छूने के लिए बनी हो... विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पूरा किया सपना

अनुभव शाक्य

**नई दिल्ली :** राजधानी दिल्ली की तंग गलियों से लेकर नीले आसमान की अनंत ऊंचाइयों तक, व्योमिका सिंह की कहानी किसी सुपरहीरो की तरह है। एक ऐसी लड़की, जिसका नाम ही 'व्यों' यानी हवा से बना, और जिसने हवाओं को अपना रास्ता बनाकर देश का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। कभी उनकी टीचर ने लिखा था- 'तुम व्योम को छूने के लिए बनी हो।' यह सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि एक भविष्यवाणी साबित हुई। आज, विंग कमांडर व्योमिका सिंह भारतीय वायु सेना की शान हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की कहानी देश के सामने रखकर इतिहास रचा।

**स्कूल का वो आखिरी दिन जब एक लाइन ने बदली तकदीर :** बात उन दिनों की है जब दिल्ली के सेंट एंथनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक स्टूडेंट व्योमिका अपनी ऑटोग्राफ बुक लिए स्टाफ रूम के बाहर कतार में थी। ये स्कूल का आखिरी दिन था, और हर स्टूडेंट अपने टीचर्स से कुछ यादगार शब्द चाहता था। जब व्योमिका की बारी आई, उनकी हिंदी टीचर नीलम वासन ने उनकी बुक में लिखाः 'व्योम को छूने के लिए बनी हो। नीलम मैम को क्या पता था कि ये लाइन सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि व्योमिका की जिंदगी का नक्शा बन जाएगी। आज, वही व्योमिका इंडियन एयर फोर्स की विंग कमांडर हैं, जो न सिर्फ आसमान छू रही हैं, बल्कि देश की शान बढ़ा रही हैं।

**बचपन का वो जज्बा :** इंडियन एक्सप्रेस ने व्योमिका की बचपन की दोस्त के हवाले से एक कहानी शेयर की। व्योमिका की दोस्त शालिनी



रामन परक्कट, जो अब बैंगलोर में आर्टिस्ट हैं ने बताया, एक बार दिल्ली की बस में एक लड़के ने व्योमिका को परेशान करने की कोशिश की। वो बस से उतरने वाली थीं, लेकिन रुक गईं। फिर उस लड़के को ऐसी डांट पड़ी कि वो डर गया। शालिनी हंसते हुए कहती हैं, 'वो ट्यूशन सेंटर आई तो थोड़ा परेशान हुई थी, लेकिन डर? वो तो उसकी डिक्शनरी में था ही नहीं। ऐसी थी हमारी व्योमिका!

**क्लासरूम से कोर्ट तक, हर जगह जलवा :** स्कूल में व्योमिका वो स्टार थीं, जो हर जगह चमकती थीं। उनकी इंग्लिश टीचर ज्योति बिष्ट बताती हैं, 'वो इंग्लिश और हिंदी दोनों में डिबेट करती थी। उसकी बातों में इतना दम था कि सामने वाला चुप हो जाता था। बास्केटबॉल कोर्ट पर भी वो कमाल थी।' बिष्ट कहती हैं, 'टीवी पर उसे देखकर लगा कि वह वही व्योमिका है, लेकिन अब देश के लिए एक मजबूत आवाज बन चुकी है।'

**पतंग से प्लेन तक का सफर :** 1998 में स्कूल खत्म करने के बाद व्योमिका ने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। लेकिन उनका दिल तो आसमान को छूने में था। उनकी दोस्त सुरुचि जैन बताती हैं, 'क्लास 11 में उसने पतंग उड़ाने पर एक फिजिक्स प्रोजेक्ट बनाया था। आज वो खुद आसमान में बिना किसी डोर के उड़ रही है। व्योंमिका ने इंडियन एयर फोर्स जॉइन की और विंग कमांडर बन गईं। उनकी दोस्त शालिनी कहती हैं, 'उस वक्त फौज में लड़कियां कम थीं। घरवालों को मनाना आसान नहीं रहा होगा, लेकिन व्योमिका ने कर दिखाया।

**ऑपरेशन सिंदूर की कहानी दुनिया को बताई :** हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 नागरिकों को निशाना बनाया। भारत ने इसका जवाब ऑपरेशन सिंदूर से दिया, जिसमें पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया। इस मिशन की जानकारी देने के लिए सरकार ने दो महिला ऑफिसर्स को चुना। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह। टीवी पर व्योमिका की दमदार आवाज और कॉन्फिडेंस देखकर हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। व्योंमिका आज एक बेटी की मां भी हैं। लेकिन देश की सेवा में वो कभी पीछे नहीं हटतीं। उनकी दोस्त शालिनी बताती हैं, '2013 में स्कूल के व्हाट्सऐप ग्रुप में हम दोबारा मिले। जब पता चला कि व्योमिका एयर फोर्स में है, हम सब हैरान थे। वो वही मस्तीखोर लड़की थी, बस अब वर्दी में।

## संक्षिप्त समाचार

### आपरेशन सिंदूर पर बनाई मनभावन रंगोली



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के 18वें वार्षिकोत्सव पर प्रशिक्षुओं ने मनभावन और संदेशपरक रंगोली बनाई। इसमें ब्रह्मोस मिसाइल की कार्रवाई को शानदार तरीके से दिखाया गया। सांसद मनीष जायसवाल समेत सभी अतिथियों ने इसकी सराहना की। सांसद प्रतिनिधि मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी ने इसे अपने मोबाइल के कैमरे में कैद किया।

### बड़कागांव पश्चिम पंचायत भवन मे मनाई गई भगवान बुद्ध जयन्ती



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता बड़कागांव**
**बड़कागांव।** प्रखंड अंतर्गत पश्चिम पंचायत भवन मे भगवान बुद्ध जयन्ती समरोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर रामसेवक महतो ने किया संचालन पूर्व पंचायत समित सदस्य राजीव रंजन ने किया। वही उपस्थित वक्ताओं के द्वारा भगवान बुद्ध के जीवन की अवलोकन करते हुए उनके द्वारा दिए गए चार उपदेश वर्णन किया गया। मौके पर प्रोफेसर राम सेवक एवं एडवोकेट अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि जीवन में दुख अनिवार्य है । सिविल सोसाइटी के प्रखंड अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि तृष्णाऔर इच्छाएं दुख का मुख्य कारण है। आत्मज्ञान प्राप्ति के लिए ध्यान और साधना जरूरी है।पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन ने कहा अहिंसा का पालन करें ,मानसिक शांति ही सच्ची स्वतंत्रता है। लखेंद्र ठाकुर ने कहा कि हर चीज अस्थाई है इसे समझ सत्य बोले और शुद्ध आचरण रखें आत्मनिर्भर बने। हमें भगवान बुद्ध के बताए हुए मार्गों पर चलना चाहिए तभी एक स्वच्छ समाज का निर्माण संभव है। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो. इब्राहिम, रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष असेश्वर राम ,नगर इकाई अध्यक्ष रामेश्वर राम, प्रखंड सचिव रघुनाथ राम ,भाजपा के युवा नेता राजेश कुमार , शिबू मेहता, उदय मेहता, धनु साव, सोनू इराकी ,राकेश मेहता, मिथिलेश कुमार, संजय निगम, बिहारी राम, अमित कुमार, नागेंद्र कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत तीन घायल



**आदिवासी एक्सप्रेस संवादाता चरही**
**चरही।** चरही थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ के समीप सोमवार दोपहर को हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रामगढ़ की ओर आ रही एक बोलेरो को चरही बाजार टांड़ के समीप ही उसी दिशा से आ रही ट्रेलर ने टक्कर मार दी जिस क्रम में बोलेरो अनियंत्रित हो गया और सड़क के किनारे खड़े व्यक्ति ज्योति कुमार उम्र लगभग 45वर्ष को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बोलेरो का नियंत्रण इतनी बुरी तरह से बिगड़ चुका था कि व्यक्ति की चपेट में लेने के बाद सड़क की दूसरी ओर डिवाइडर पार करते हुए दूसरे गाड़ियों से टकरा गया। हजारीबाग की ओर से आ रही एक फॉर्च्यूनर और स्विफ्ट डिजायर भी इस दुर्घटना का शिकार हुई।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मृतक मांडू का रहने वाला था और ऑटो चलाता था। वहीं इस दुर्घटना में तीन अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस द्वारा हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल भेजा गया है जबकि मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भी हजारीबाग उक्त अस्पताल में भेजा गया।घायल व्यक्ति अन्य दोनों गाड़ियों में सवार थे जिससे दुर्घटना के बाद उनको चोट आई।

सोमवार को लगने वाले बाजार में लोग नेशनल हाईवे पर गाड़ी को खड़ा कर देते हैं जिससे अक्सर बाजार के दिन स्थान पर जाम की स्थिति और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है हालांकि प्रशासन हमेशा वहां पर सजग रहता है लेकिन कुछ लोगों की इस तरह की लापरवाही के कारण बाजार के दिन वहां पर इस तरह की घटना होने का खतरा बना रहता है।

# प्रसिद्धि के अनुरूप गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बांट रहा व्यावहारिक ज्ञानः सांसद

- समारोहपूर्वक मना गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव
- जयंती सह परिचर्चा पर याद किए गए भगवान बुद्ध, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बिखरी सतरंगी छटा





**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग का 18वां वार्षिकोत्सव सोमवार को विवेकानंद सभागार में समारोहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर भगवान बुद्ध की जयंती भी मनाई गई और उनकी जीवनी पर परिचर्चा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी प्रसिद्धि के अनुरूप गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्रशिक्षुओं में शिष्टाचार, अनुशासन और व्यावहारिक ज्ञान बांट रहा है। यह देश का इकलौता कॉलेज है, जहां तमाम दबाव के बावजूद हर दिन प्रशिक्षुओं की उपस्थिति दूसरे ट्रेनिंग कॉलेजों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को यह अनुशासन संजोकर रखने की सलाह दी ताकि उनका भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सके। चूंकि देश के भविष्य कहे जानेवाले नौनिहालों का भावी जीवन इन्हीं शिक्षक प्रशिक्षुओं के हाथों में है।

बतौर विशिष्ठ अतिथि विनोबाभावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ बालेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि बुद्ध का अर्थ ज्ञान की ऊंचाइयों को प्राप्त करना है। वैश्विक विषमता बुद्ध के उपदेशों के चिंतन से ही दूर किया जा सकता है।

विभावि के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ बंशीधर रूखैयार ने कहा कि बुद्ध ने जिस भारत में ज्ञान प्राप्त किया, वहां के लोग अभी क्रोध में हैं। अहिंसा का अर्थ यह नहीं कि किसी हिंसा को बर्दाश्त करें। बुद्ध ने सत्य और अहिंसा में ही शक्ति निहित होने का पाठ पढ़ाया है।

सभाध्यक्ष सह विनोबाभावे विश्वविद्यालय के पूर्व अभिषद सदस्य सांवरमल अग्रवाल ने भी बुद्ध के दिए मध्यम मार्ग अपनाने की सलाह दी।

इससे पहले अतिथियों का स्वागत व सम्मान करते हुए महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि बुद्ध ने पूरी दुनिया को ज्ञान से अलौकित किया। आज गौतम बुद्ध के विचार संपूर्ण विश्व के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने बुद्ध के संदेश मध्यम मार्ग अपनाने की सलाह की वकालत की।

सचिव मिथिलेश मिश्र ने वर्ष 2007 में आरंभ हुए महाविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अब तक इस संस्थान में प्रशिक्षण पाकर हजारों प्रशिक्षु शिक्षक बन देश के कोने-कोने में शिक्षा की लौ बिखेर रहे हैं।

वार्षिकोत्सव के दौरान बी.एड. और डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सतरंगी छटा बिखेरी। लावणी नृत्य को सभी ने खूब पसंद किया। गणेश वंदना से शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थानी, मराठी, नागपुरी लोकनृत्य से प्रशिक्षुओं ने समां बांध दिया। वहीं भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन और वर्तमान में उनके उपदेशों की प्रासंगिकता पर भी प्रशिक्षुओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विभिन्न स्पर्धाओं में अव्वल आए प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर अतिथियों ने सम्मानित व पुरस्कृत किया।

मंच संचालन प्रशिक्षु कुमारी श्वेता, कुमारी कोमल और कपिल देव ने किया। प्राचार्या डॉ बसुंधरा कुमारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर पूरा कॉलेज परिवार उपस्थित था।

# हजारीबाग में बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास मनाया गया

- भगवान गौतम बुद्ध की गणना आध्यात्मिक गुरुओं के रूप में की जाती हैं: विनोद कुमार



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** बुद्ध पूर्णिमा भारत का प्रमुख पर्व है, जिसे हर साल वैशाख पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस दिन मुख्य रूप से भगवान बुद्ध का स्मरण और पूजा-पाठ, हवन और दान-दक्षिणा जैसे पुण्य कार्य किए जाते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार बुद्धि पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। खास बात यह है कि इस दिन उन्हें ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति भी हुई थी। ऐसे में बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए यह दिन विशेष है।

हजारीबाग में भी सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास मनाया गया। डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर अनूसूचित जाति संघ जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने भगवान बुद्ध को याद करते हुए कहा कि भगवान गौतम बुद्ध की गणना आध्यात्मिक गुरुओं के रूप में की जाती हैं। उन्होंने सदैव सभी को करुणा और सहिष्णुता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया है, इसलिए इस दिन को शांति और सत्य का प्रतीक माना जाता है।

उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से इस अवसर पर भगवान बुद्ध के करुणा, सद्भाव एवं मानवता के मूल्यों के आधार पर चलने एवं उनके उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर बासुदेव राम, कीर्तन राम, रंजीत कुमार, डॉ अजय रंजन, इंजीनियर एसके भारती, डी.एन.रविदास, केशव राम, जुगेश्वर राम, विजय कुमार, श्यामलाल राम, बाढ़ो राम, बब्लू कुमार, प्रवील कुमार दास, प्रदीप कुमार दास, जमुना राम, प्रोफेसर डी. एन. राम शामिल थे।

## 7 गोल्ड, 2 सिल्वर व 4 ब्रॉन्ज मेडल पर जमाया कब्ज़ा



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** गत दिनांक 09 से 11 मई 2025 को स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ़ झारखण्ड के द्वारा खेलगांव, रांची में झारखण्ड राज्य स्तरीय सब जूनियर, कैडेट और जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के लगभग सभी जिलों से 550 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया उसी में हज़ारीबाग के जेबरा रोड स्थित द कोबरा कराटे अकादमी से 15 खिलाड़ियों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन के साथ अन्य जिलों के खिलाड़ियों को पाछाड़ते हुए। गोल्ड, 2 सिल्वर और 4 ब्रोन्ज मेडल पर अपना कब्ज़ा जमाया। गोल्ड मेडल जितने वालो में शिवा यादव, विहान कश्यप (2), कार्तिक राज गुप्ता, मन्दाकिनी यादव, तल्हा फ़िरदौसी एवं प्रांजल कुमार है, सिल्वर मेडल जितने वालो में प्रांजल श्रीवास्तव और प्रिया कुमारी साथ ही ब्रोन्ज मेडल जितने वालो में वातशल्या दास, स्वास्तिका गुप्ता, अभिजीत वर्मा एवं प्रांजल कुमार शामिल है। इस प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि साउथ एशियान कराटे फेडरेशन व कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा उपस्थित हुए एवं विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहना करके सम्मानित किया। इनकी इस उपलब्धि का श्रेय इनके लगातार अभ्यास और अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक सेम्पई चंद्र प्रकाश उपाध्याय, सहायक प्रशिक्षक प्रमोद यादव, संजय कुमार एवं सभी अभिभावकों को जाता है जिन्होंने अपना कीमती समय निकाल कर बच्चों का मार्गदर्शन किया और उनका समर्थन किया।

**8 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित**

द कोबरा कराटे अकादमी के संस्थापक व मुख्य प्रशिक्षक सेम्पई चंद्र प्रकाश उपाध्याय ने बताया की शिवा यादव, विहान कश्यप, कार्तिक राज गुप्ता, मन्दाकिनी यादव, तल्हा फ़िरदौसी व प्रांजल कुमार का चयन काता व कुमिते इवेंट में वहीं मन्दाकिनी यादव, रिया राज व सुबी कुमारी का चयन टीम काता इवेंट में राष्ट्रीय स्तरीय सब जूनियर, कैडेट और जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2025 के लिए हो गया है, जो 11 से 15 जून तक उत्तराखंड के देहरादून में कराटे इंडिया आर्गेनाईजेशन के द्वारा आयोजित किया जायेगा। खिलाड़ीयों कि उपलब्धि पर शोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के मुख्य प्रशिक्षक एवं स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ़ झारखण्ड के अध्यक्ष हांसी मानस सिन्हा, टेकनिकल डायरेक्टर कयोशि नरेंद्र सिंहा, सिहान शशि पाण्डेय, सेंसई सुमित कुमार, सेंसई संजय सोनकर, अकादमी के संरक्षक डॉ सी. एम. उपाध्याय, डॉ. रबिन्द्र कुमार मिश्रा, डॉ. हर्षवर्धन कुमार एवं अकादमी के अन्य सदस्य संजीत कुमार, उत्सव नीलाभ, उज्जवल नीलाभ, गौतम कुशवाहा, मनीष राज, प्रियंका कुमारी, संध्या कुमारी, शिवा कुमारी, उदय राज सोय आदि ने शुभकामनायें दी।

# खामोश चालों में तेज दिमागों की टक्कर हजारीबाग में फाइड रेटिंग टूर्नामेंट का शानदार हो रहा है आयोजन

- हजारीबाग की धरती पर शतरंज प्रतिभाओं का महाकुंभ साकार हो रहा है,यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों के लिए अवसर है, बल्कि जिले के गौरव का प्रतीक भी है: करण जायसवाल



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** हजारीबाग के खेल इतिहास में एक गौरवशाली अध्याय जुड़ गया है। हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में, ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन की अधिकृत अनुमति से तृतीय एचडीसीए ऑल इंडिया ओपन फाइड रेटिंग चेस टूर्नामेंट 2025 का विधिवत उद्घाटन रविवार, 11 मई को शंकरपुर स्थित एंजेल हाई स्कूल परिसर में हुआ। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे खेलप्रेमियों, अभिभावकों एवं बुद्धिजीवियों की गरिमामयी उपस्थिति ने माहौल को अत्यंत प्रेरणादायक बना दिया। प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों से कुल 600 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे खिलाड़ियों में नए खिलाड़ी, पुराने खिलाड़ी और बरसों से खेलने आ रहे अनेकों खिलाड़ी शामिल है.

सोमवार को टूर्नामेंट के दूसरे दिन पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ा। प्रतियोगिता के चौथे राउंड तक की स्थिति में झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल से आए कुल दस खिलाड़ी टॉप-5 की होड़ में बने हुए हैं। इन खिलाड़ियों में अभिषेक दास, पल्लब बाला, रूपम मुखर्जी, शॉन चौधरी, अंगजीत बनर्जी, सिकंदर अनीस, कुमार गौरव, अभिनव सिंह, अभीर मित्रा एवं अधिराज मित्रा का नाम प्रमुखता से आया है। इन खिलाड़ियों की चालों में आत्मविश्वास और अनुभव की झलक थी, जो दर्शकों को रोमांचित कर रही थी। अयोजकों ने टूर्नामेंट के संचालन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की व्यवस्था की है जिसमें डिजिटल घड़ियाँ, निर्णायकों की स्वतंत्र टीम तथा चिकित्सा सुविधा जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। एंजेल हाई स्कूल परिसर को पूरी तरह खेल-अनुकूल वातावरण में तब्दील कर दिया गया है जहाँ हर आयु वर्ग के प्रतिभागी एक समर्पित मंच पा रहे हैं। टूर्नामेंट के डायरेक्टर करण जायसवाल ने बताया कि यह आयोजन हजारीबाग को राष्ट्रीय शतरंज मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने बताया कि विजेताओं को आकर्षक ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। टूर्नामेंट 15 मई तक चलेगा, जिसके बाद समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन ने न केवल हजारीबाग को गौरवांवित किया है, बल्कि जिले में बौद्धिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में टूर्नामेंट से जुड़े सभी अधिकारी तीव्रता के साथ कार्य कर रहे हैं। वही हजारीबाग संघ के सचिव मनमीत अकेला ने बताया की हमारा उद्देश्य है कि स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच मिले और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँच सकें।

# धर्मनगरी हजारीबाग में मुनि श्री 108 समता सागर जी के सान्निध्य में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का महापूजन कार्यक्रम हर्षोल्लास से संपन्न



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** नगर गौरव मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज की जन्मभूमि हजारीबाग में धर्म और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। पूज्य मुनि श्री 108 समता सागर जी महाराज ससंघ का नगर में मंगल प्रवेश कल संपन्न हुआ था, और आज उनके पावन सान्निध्य में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का भव्य महापूजन समारोह श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

प्रातः मुनिश्री ने बड़ा बाजार जैन मंदिर में दर्शन करने के पश्चात, बड़म बाजार जैन मंदिर पहुंचे, जहां प्रातः 8:00 बजे महापूजन कार्यक्रम आरंभ हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य श्री के चित्र के अनावरण और दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे समाज के अध्यक्ष, मंत्री, कार्यकारिणी सदस्यों, महिला समाज की पदाधिकारीगण एवं पूर्व अध्यक्षों द्वारा संपन्न किया गया। इसके उपरांत रिद्धिश और जिनिशा छाबड़ा द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया उनके भक्ति नृत्य ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

मंगलाचरण के उपरांत बाहर से पधारे अतिथियों एवं महिला समाज की ओर से मुनिश्री को शास्त्र भेंट अर्पित किए गए। शांति धारा अभिषेक करने वाले को मुनिश्री समता सागर जी एवं पवित्र सागर जी के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। साथ ही मुनि भक्तों एवं गुणायतन के पदाधिकारियों द्वारा श्रीफल अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

महापूजन कार्यक्रम का संगीतमय संचालन ब्रह्मचारी अनूप भैया जी (विदिशा) ने अत्यंत मधुर स्वर में किया। पूजन की स्थापना समाज के पदाधिकारीगण के द्वारा किया गया।

जलः महिला समाज की पूर्व पदाधिकारीगण,
चंदनः वर्तमान महिला पदाधिकारीगण
अक्षतः जैन युवा परिषद पुष्पः वरिष्ठ समाजजन,
नैवेद्यः जैन महिला मिलन, दीपः विहार में चल रहे त्यागी व्रतीगण,
धूपः पाठशाला शिक्षक-शिक्षिकाएं,
फलः बाहरी अतिथिगण, अर्घः वरिष्ठतम सदस्य,
महाअर्घः दिगंबर जैन पंचायत एवं महिला, समाज द्वारा अर्पित किया गया।

ततपश्चात प्रवचन का कार्यक्रम हुआ।

प्रवचन में क्रमशः क्षुल्लक संयम सागर जी, एलक निजानंद सागर जी, एलक निश्चय सागर जी, मुनि श्री 108 पवित्र सागर जी एवं अंत में पूज्य मुनि श्री 108 समता सागर जी महाराज ने प्रवचन दिए।

मुनिश्री ने कहा, जिसके जीवन में गुरु नहीं, उसका जीवन शुरू नहीं। उन्होंने समाज को अपने नाम में जैन शब्द जोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे जैन समाज की वास्तविक संख्या का आंकलन संभव हो सकेगा। उन्होंने बताया कि केवल महाराष्ट्र में ही 50-60 लाख जैन रहते हैं, परंतु अलग-अलग टाइटल के कारण आंकड़े स्पष्ट नहीं हो पाते।

प्रवचन के पश्चात प्रातः 10:30 बजे आहारचर्या कार्यक्रम हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। संध्या में 6:30 बजे आचार्य भक्ति, गुरु भक्ति, आरती, तथा शंका समाधान का कार्यक्रम हुआ।

मंच संचालन विजय लुहाड़िया ने किया। एवं समस्त जानकारी मीडिया प्रभारी राजेश लुहाड़िया द्वारा प्रदान की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### राजपुर के रंजीत साहू का सड़क दुर्घटना में मौत

● पत्नी और बच्चा गंभीर रूप से घायल, बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल किया गया रेफर



**विकाश कुमार कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर निवासी रंजीत साहू का सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वही साथ में बाइक पर सवार पत्नी और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का सूचना मिलते ही चतरा सांसद कालीचरण सिंह एवं राजपुर मुखिया विकाश कुमार सिंह ने घायलों की गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वही रंजीत साहू के शव को इटखोरी पुलिस के मदद से पोस्टमार्डम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार रंजीत अपने पत्नी और एक बच्चे के साथ अपने रिश्तेदार के यहां से शादी समारोह के बाद घर वापस लौट रहा था जिसके बाद भुरकुंडा जंगल के समीप एक अज्ञात वाहन के चकमा देने से बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ में जा लगा। रंजीत साहू का मौके पर ही मौत हो गया वही बच्चे और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। रंजीत साहू के तीन बच्चे है जिनका राजपुर बाजार में मोबाइल का दुकान चलाकर पालन पोषण करता था। रंजीत अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। रंजीत साहू का असमय निधन से उसका परिवार का भविष्य अंधकारमय हो गया है। वही घटना के बाद से ही राजपुर बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है लोगों की आंखे नम है।

### गेहूं लदा एलपी ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा चालक बाल बाल बचा उपचालक हुआ घायल



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**इटखोरी (चतरा)।** हजारीबाग इटखोरी मुख्य मार्ग पर प्रखंड के गोलकाबर चौक के पास एक अनियंत्रित एलपी ट्रक पलट गया। घटना शनिवार रात तकरीबन 12 बजे की है। दुर्घटनाग्रस्त एलपी ट्रक में गेहूं लोड था। उक्त एलपी ट्रक चतरा से गेहूं लोड कर हजारीबाग की ओर जा रहा था। इसी दौरान उक्त स्थल पर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में वाहन चालक बाल बाल बच गया। वहीं इसका उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल उपचालक को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद गहन चिकित्सा के लिए उसे हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद रविवार को दुर्घटनाग्रस्त एलपी ट्रक को क्रेन के द्वारा उठाया गया। इस हादसे में सबसे बड़ी बात यह रही कि घटना के वक्त उक्त पथ से कोई भी वाहन एवं बाइक चालक आवागमन नहीं कर रहे थे। जिसके कारण बड़ी दुर्घटना टल गई।

### पीपरा बना पत्थर व गिट्टी माफियाओं का अड़ा प्रशान मौन-युवा समाजसेवी निरंजन कुमार सिंह



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- यमुना प्रसाद यादव**

**पीपरा, पलामू।** पीपरा प्रखंड के कुछ क्रेशर संचालक के द्वारा प्रतिदिन लाखों के सरकारी राजस्व में लुट मची हुई हैं क्रशर संचालक खुलेआम प्रतिदिन अवैध खनन के द्वारा सरकारी खजाना में लुट मची हैं। इस बात की जानकारी युवा समाजसेवी निरंजन कुमार सिंह उपाध्या ने दिया। वहीं उन्होंने बताया कि माइंस माफिया अपने आप में एक दो दिन के अंदर करलें सुधार नहीं तो आंदोलन के लिए हो जाए तैयार ।आपको बताते चले कि निरंजन कुमार सिंह उपाध्या ने बताया कि पीपरा प्रखंड अंतर्गत तेंदुई के कुम्हारा नामजद क्रेशर प्लांट एस्ट्रा वेन्चर के द्वारा बिना चालान सें बिना राजस्व के काफी तेजी से अवैध धुलाई कराया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि क्रेशर संचालक के द्वारा प्रतिदिन अवैध तरीके से गिट्टी एवं पत्थर का ढुलाई करवाया जा रहा हैं। वहीं प्लांट संचालक का नाम नितिन गुप्ता एवं अक्षित गर्ग हैं। जो सरकार को खुली चुनौती दे रही हैं। इनके द्वारा लोकल दबंग एवम पत्थर माफियाओ के साथ मिल कर इस कार्य को किया जा रहा हैं। वही लोकल लोगों का पत्थर माफियाओं को संरक्षण दिया जाता हैं। वहीं लोकल पत्थर माफियाओ को लम्बी दुरी के लिए 250 -300cft का एक चालान 24- 26 घंटे तक का देकर पत्थर माफियायों के द्वारा 2400-3000cft गिट्टी का दुलाई करवाया जा रहा हैं। जबकि एक चालान से केवल एक बार ही ढुलाई करना होता हैं। इस अवैध राजस्व वसूली के खिलाफ़ उचितजाँच कर पर्दाफाश किया जा सकता हैं।और राजस्व को बचाया जा सकता हैं। जिस प्रकार से ये सारी घटनाएं घटित हो रही इससे साफ़ साफ़ पता चलता हैं कि राजस्व विभाग व वरीय अधिकारियों की संलिप्तता ज़रूर हैं। यदि ऐसा नहीं हैं तो पलामु उपयुक्त टीम बना कर इसकी जांच कर खनन माफियाओं पर नकेल कसने का कार्य करे। ये सारी बातें युवा समाजसेवी निरंजन कुमार सिंह उर्फ़ उपाध्या जी ने दिया। जबकि इन सभी बातों की जानकारी क्रेशर संचालक नितिन गुप्ता से लिया गया तो उन्होंने आपसी विवाद बताते हुए सारे आरोपों को शिरे से खारिच कर दिया।

# भारत विकास परिषद ने उपायुक्त, एसडीओ एवं नगर परिषद के कार्यों की सराहना

● सभी के सहयोग से ही पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है- अरुण ओझा

● रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर लोगों को जागरूक करने का भी लिया गया निर्णय



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**झुमरी तिलैया-** भारत विकास परिषद झुमरी तिलैया कोडरमा की एक आम बैठक रविवार की संध्या ब्लॉक परिषर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने किया । जबकि संचालन सचिव विमल कुमार पचिशीया ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पर्यावरण संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, परिषद के स्थापना दिवस अहिल्याबाई की 300 वी जयंती मनाने एवं अधिक से अधिक नए सदस्य बनाने पर विशेष रूप पर चर्चा की गई। बैठक में 5 जून को पर्यावरण दिवस विशेष रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही वैसे जगह को चिन्हित करने का निर्णय लिया गया जहां पर पौधारोपण किया जा सके और उसे बड़ा होने तक देखभाल की जा सके। इसके लिए एक टीम बनाई गई जिसमें पर्यावरण संयोजक अजय अग्रवाल, सिटी मैनेजर हिमांशु कुमार, संपर्क प्रमुख दिलीप सिंह, के अलावा परिषद के अध्यक्ष एवं सचिव को रखा गया। वही 5 जून को पौधारोपण करने के लिए बचपन प्ले स्कूल हसनाबाद एवं क्लोरोफिल स्कूल महाराणा प्रताप चौक प्रांगण का चयन किया गया। इसके अलावा अड्डी बांग्ला दुर्गा मंडप प्रांगण, ब्लॉक स्थित तालाब परिसर, विश्राम बाग एवं अन्य जगहों का चयन किया गया, जहां पौधारोपण किया जा सके। इस अवसर पर अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने कहा कि सभी के सहयोग से भी पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। इसके अलावा बैठक में प्लास्टिक नहीं जलाने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को लेकर नगर परिषद प्रशासन के साथ मिलकर लोगों को जागरूक करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान झुमरीतिलैया शहर को जाम से निजात दिलाने, स्वच्छ एवं सुंदर रखने को लेकर जिला प्रशासन, खासकर उपयुक्त मेघा भारद्वाज, एसडीओ रिया सिंह एवं नगर परिषद के सिटी मैनेजर लेवांशु कुमार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। साथ ही जिला प्रशासन एवं नगर परिषद को हर संभव सहयोग करने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर सुरेश जैन, मधुसूदन दारूका, नारायण सिंह, कुंज बिहारी त्रिवेदी, सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार, गोपाल कुमार गुतुल, धर्मेंद्र सिंह, अजय अग्रवाल, रविकांत तिवारी, मनोज कुमार सिंह, विकास सेठ, अभय चरण पहाड़ी, डॉ मनोज कुमार, दिलीप सिंह, प्रकाश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# होटल जयश्री में संत मरियम के शिक्षकों के लिए इन- हाउस ट्रेनिंग का आयोजन



**मेदिनीनगर।** रेडमा स्थित ग्रैंड जयश्री होटल मे संत मरियम स्कूल के शिक्षकों के लिए इन- हाउस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। सीबीएसई के निर्देशानुसार क्रिटिकल एंव क्रिएटिव थिंकिंग विषय को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित की गई जहां सीबीएसई पटना रीजन के रिसोर्स पर्सन राकेश चौबे के द्वारा इससे संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई साथ ही उन्होंने बताया कि बच्चों को कैसे रचनात्मक एवं तार्किक सोच को विकसित कर बच्चों के सीखने की शैली को कैसे बदल सकते हैं। उक्त मौके पर विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने श्री चौबे को अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि संत मरियम का उद्देश्य सिर्फ बच्चों को परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करा देना ही नहीं बल्कि उनके संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए हमें हमेशा प्रयास करते रहना होगा, विद्यालय विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा दे रही हैं, और बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं। वहीं प्राचार्य ने कहा कि बच्चों को अनुशासित करने के लिए पहले हमें अनुशासन में रहना होगा। संत मरियम के तमाम शिक्षक श्रेष्ठ है, यद्यपि सिर्फ समर्पण के साथ बच्चों को शिक्षा देने की आवश्यकता है, निश्चित रूप से विद्यालय एक नई ऊंचाई को प्राप्त करेगी। उक्त मौके पर उपप्राचार्य एसबी शाहा, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, रिजवाना परवीन, रोशन राज, निकिता गुप्ता समेत सैकड़ो शिक्षक मौजूद रहे।

### लाभुकों को निर्धारित समय पर अनाज का भुगतान करें, शिकायत का मौका नहीं दें: कृष्णा राम



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता बड़कागांव**

**बड़कागांव।** डांडीकला पंचायत के अंतर्गत गीता स्वयं सहायता समूह के जन वितरण प्रणाली खाद्य दुकान का उद्घाटन सांसद सह प्रतिनिधि कृष्ण राम के द्वारा फीता काट कर किया गया । महिला समूह के अध्यक्ष गीता देवी सचिव समुद्री देवी के द्वारा दीप ज्वलित कर दुकान का शुरूआत किया गया । मुख्य अतिथि कृष्णा राम ने कहा कि सामूहिक स्थान पर यह दुकान खोला गया है ।ताकि सभी कार्ड धारियों को सरकार के द्वारा प्राप्त अनाज खाद्य सामग्री चावल, गेहूं, तेल, नामक, दाल इत्यादि समय पर मिल सके । संचालित सदस्यों का कहना है, कि हम लोग लाभुकों की सुविधा के लिए हमेशा तैयार हैं। कुछ तो परेशानियां होगी पर धीरे धीरे सब ठीक हो जायेगा। मौके पर सांसद सह प्रतिनिधि पंसस कृष्णा राम, अध्यक्ष गीता देवी ,सचिव समुद्री देवी, रूपा देवी, दर्शनी देवी ,कबिलाश देवी, बसंती देवी, रीना देवी ,प्रदीप कुमार, कौलेश्वर महतो ,कृष्ण कुमार ,नितेश कुमार ,मिथिलेश पटेल, पन्नालाल महतो, ललन कुमार सिंहा , अभय पटेल ,आर्यन कुमार, कुमारी माही ,जगन्नाथ महतो, मंगल महतो ,रणधीर पटेल, लखन महतो एवं व अन्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ होती है नर्स: सारिका लड्ढा



नारायण क्लिनिक में नसों को सम्मानित करती हुई प्रेरणा शाखा की पदाधिकारीगण व सदस्य

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**झुमरी तिलैया।** जिले के अनेक अस्पतालों में नर्स दिवस का आयोजन रविवार को किया गया। इस दौरान अलग-अलग तरीके से नर्सों का मनोबल ऊंचा हो सके उनके साथ केक काटकर खुशी का इजहार किया गया। झुमरी तिलैया के एड्डी बांग्ला स्थित नारायण क्लिनिक में में प्रेरणा शाखा के द्वारा दर्जनों नर्सो को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शाखा अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि नर्स का नाम सुनते ही सबसे पहले जो मन में भाव आता है वह सेवा का होता है। एक नर्स अपने मरीज की भलाई एवं सेवा के कार्यों में तत्पर रहती है। नर्स अपने मरीजों की सेवा के लिए दिन-रात खड़ी रहती है, कहा कि एक नर्स स्वास्थ्य विभाग में रीढ़ की तरह होती है। प्रेरणा शाखा की सचिन आकृति चौधरी ने कहा कि नर्स के बिना चिकित्सा सेवा अधूरी होती है। मरीज की सेवा करने के साथ-साथ वह मरीज का हौसला भी बढ़ती है। उन्हें प्रेम से सिस्टर कहकर पुकारते हैं। बिना भेदभाव के इस बोल के रिश्ते को अपने पेशे के साथ बेखूबी निभाती है। सह-सचिव प्रिया अग्रवाल ने कहा की सेवा और समर्पण का दूसरा नाम है नर्स। नर्स दुनिया में नया जीवन लाने में मदद करती है। मरीजों के प्रति उनकी सेवा, साहस और उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रत्येक वर्ष 12 मई को ÷इंटरनेशनल नर्स डे÷ मनाया जाता है ,और प्रेरणा शाखा भी उनकी सेवा को नमन करती है। मानव जीवन में नर्स अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है। डॉक्टरों और धर्म गुरुओं की श्रेणी में आने वाले प्रशिक्षित नर्स मानव जाति के लिए सबसे बड़ा वरदान है।

### संगठन सृजन अभियान को लेकर प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक सम्पन्न



**संवाददाता राम कुमार**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मो0 आमिर हयात की अध्यक्षता में आयोजित की गई। यह बैठक कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित की गई थी। जिसका उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करना और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना है। बैठक में बालूमाथ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, बूथ कमेटियों के गठन, जनसंपर्क अभियान को लेकर चर्चा की गई।इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मो0आमिर हयात ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जड़ें आम जनता से जुड़ी हुई हैं।संगठन सृजन अभियान के माध्यम से हम एक बार फिर गांव-गांव,घर-घर पार्टी को मजबूत करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं।कार्यकर्ताओं को संगठित कर,हर बूथ को मज़बूत बनाना हमारा लक्ष्य है।बैठक में मौजूद वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद जुबैर जी ने कहा कि आज की जरूरत संगठन को पुनः जीवंत और सशक्त बनाने की है।हमें कांग्रेस की मूल विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना है। कार्यकर्ताओं की भूमिका इस अभियान में सबसे अहम है।हम सब मिलकर पार्टी को फिर से मजबूती की ओर ले जाएंगे।बैठक में कई अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता,पंचायत प्रतिनिधि, महिला और युवा कांग्रेस के सदस्य भी उपस्थित रहे।बैठक का समापन एकजुटता अनुशासन और पार्टी के प्रति समर्पण की शपथ के साथ किया गया।

# आजसू नेता केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर पहुंचे इटखोरी के मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना कर किया बुद्ध का दर्शन

**इटखोरी को पर्यटन सर्किट से जोड़ने की आवश्यकता पर दिया जोर**



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**इटखोरी (चतरा)** आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर सपरिवार सोमवार को इटखोरी के प्रसिद्ध ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर पहुंचे और मां भद्रकाली का दर्शन कर पूजा अर्चना की। श्री प्रभाकर का इटखोरी पहुंचने पर जिला उपाध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष बिरजू राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रवीण प्रभाकर ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा का भी दर्शन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इटखोरी का अपना एक विशिष्ट ऐतिहासिक महत्व है। यह सनातन संस्कृति के हिंदू, बौद्ध और जैन मतों का अदभुत संगम स्थल है। श्री प्रभाकर इटखोरी संग्रहालय भी गए और खुदाई में प्राप्त हुए ऐतिहासिक पुरातात्विक अवशेषों से अवलोकन किया। श्री प्रभाकर ने कहा कि इटखोरी को विकसित करने पर बल दिया ताकि देश-विदेश से पर्यटक एवं श्रद्धालु यहां आ सकें। उन्होंने कहा कि इटखोरी में अपेक्षित आधारभूत संरचना विकसित कर देने पर देवघर गया और पारसनाथ जैसे तीर्थ स्थलों पर आने वाले पर्यटक और श्रद्धालु भी यहां आ सकेंगे। इसके लिए पर्यटन सर्किट तैयार किया जाना चाहिए। श्री प्रभाकर ने कहा कि झारखंड में पर्यटन उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन पर ध्यान देने पर एक ओर तेजी से विकास होगा। वहीं रोजगार के साधन भी उपलब्ध होंगे। इस मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष बिरजू राणा,संजय दांगी, मंटू दांगी समेत मौजूद थे।

# हेरहंज में विधायक प्रकाश राम ने लगाया जनता दरबार



**संवाददाता राम कुमार**

**हेरहंज।** हेरहंजप्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का आयोजन हुआ।जिसकी अध्यक्षता विधायक प्रकाश राम ने की। जनता दरबार में महिला-पुरुषों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखी गई। विधायक प्रकाश राम ने जनता दरबार में कहा, मेरी सोच है कि लातेहार विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए ग्रामीणों को बार-बार प्रखंड कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी उद्देश्य से मैंने प्रत्येक माह सभी प्रखंडों में जनता दरबार लगाने का निर्णय लिया है। यहां ग्रामीणों,जनप्रतिनिधियों और प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक कर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने प्रखंड एवं अंचल कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि जनता को बेवजह परेशान न किया जाए और अगली बैठक में जनता की कोई शिकायत उनके पास नहीं आनी चाहिए। यदि शिकायतें बनी रहती हैं,तो कार्यवाही की जाएगी। जनता दरबार में कुल पाँच आवेदन आए और कई मौखिक शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें भूमि संबंधी केडू के हेरंगलोइया आहरा का मामला सामने आया, जिस पर विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी अमित कुमार को निर्देश दिया कि मामले की जांच कर जल्द समाधान करें। इसके अलावा पीएचडी विभाग के कर्मियों को निर्देशित किया गया कि नल-जल योजना में जहां भी त्रुटियाँ हों, उन्हें सुधारें। विशेष रूप से इनातू एवं श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित पीएचडी विभाग के जेई व प्रधान लिपिक धर्मराज पाठक ने कहा कि इनातू एवं श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में अधूरे नल-जल योजना के कार्यों को दो दिन के भीतर पूरा कर दिया जाएगा। मौके पर-जिला परिषद सदस्य चंचला देवी, प्रखंड प्रमुख पार्वती देवी, उप-प्रमुख विजय उरांव, अंचल निरीक्षक शोएब अख्तर, अंचल उप निरीक्षक मो0अलीमुद्दीन अंसारी, प्रखण्ड प्राधान सहायक महेश मोची, रंजीत जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, उपेंद्र यादव,मनीष जायसवाल, विजय गुप्ता, मो0जनाब अंसारी, टुनु राम, अशोक गुप्ता, शिवनाथ रजक, अनिल उरांव, मंगल उरांव, विश्वनाथ उरांव, गेनदिया देवी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर समेत प्रखंड एवं अंचल कर्मियों के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

# हिरणपुर में अवैध खनन और उत्खनन पर प्रशासन की कार्रवाई, 2 हाईवा जप्त

● नगर थाना में चिप्स लदे दो हाईवा जब्त, पत्थर माफिया में हड़कंप



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**हिरणपुर (पाकुड़)** अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर जिला प्रशासन और पुलिस ने किया करवाई, विभिन्न थाना से कुल 12 हाईवा जप्त किए गए। फलस्वरुप अवैध कारोबारीयों और ट्रैफिक नियमों की दिन दहाड़े उल्लंघन करने वाले माफियाओं में मची हड़कम। जानकारी के अनुसार सोमवार को हिरणपुर थाना क्षेत्र के चौड़ा मोड से जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार के द्वारा बिना माइनिंग चालान के पत्थर लदे दो हाईवा डब्लूबी 93 भी 7995 और जेएच 16 जी 1394 को होटल पोखर की ओर ले जाने के क्रम में डीएमओ ने दोनों वाहनों को रोका, जांचोपरांत ओवरलोड पाया गया और पत्थर से संबंधित माइलिंग चालान तत्काल प्रस्तुत नहीं कर पाया। जिसे तत्काल जप्त किया गया। वही नगर थाना क्षेत्र से ओवरलोड चिप्स ला दे दो हाईवे को पकड़ा गया नियमों की अनदेखी करते इन वाहनों की जप्ती यह स्पष्ट करती है कि अब कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पालोजोरी प्रमुख और बीडीओ प्रकरण मामले का सीओ ने कराया आपसी समझौता के खत्म



**आदिवासी एक्सप्रेस/देवघर**

पालोजोरी प्रमुख और बीडीओ प्रकरण मामले की सोमवार को आपसी समझौता के साथ सीओ अमित भगत की मौजूदगी में खत्म कराया गया। बीडीओ और प्रमुख की उपस्थिति में सोमवार को पालोजोरी प्रखंड के सभागार में मुखिया संघ के प्रतिनिधी और पंचायत समिति की बैठक में सकारात्मक चर्चा करके विवाद को निपटा लिया गया। वहीं प्रमुख उषा किरण मराण्डी ने कहा कि सभी से मिलकर यह निर्णय लिया गया कि मेरे साथ बीडीओ पालोजोरी के द्वारा किये गए दुर्व्यवहार का मामला को लेकर बीडीओ ने दो से तीन बार हमसे मिलकर माफी मांगे थे। मैंने भी दो दिन का समय लेकर काफी चिंतन मनन करने के बाद अंदर सोच-विचार करके निर्णय लिये की सभी का जनहितों का ख्याल करते हुए इस मामले को यहीं पर खत्म किया जाये। मौके पर मुखिया संघ के पदाधिकारियों के आलावे पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

# गिरिडीह के शिव मुहल्ला स्थित शिव मंदिर सार्वजनिक न्यास की नई समिति का हुआ गठन



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** झारखंड राज्य हिन्दू धर्मिक न्यास पर्षद द्वारा गिरिडीह के शिव मुहल्ला स्तिथ शिव मंदिर सार्वजनिक न्यास की ग्यारह सदस्यीय समिति का गठन किया गया। जिसमें विकास कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, आलोक केशरी व अमित तर्वे को उपाध्यक्ष, आयुष कुमार सिन्हा को सचिव, विशाल गुप्ता व विशाल कुमार को उपसचिव, गौतम कुमार को कोषाध्यक्ष और विवश जालान, पंकज तर्वे, राहुल कुमार व हिमांशु शेखर को सदस्य नियुक्त किया गया है। इस दौरान बताया गया कि समिति को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि मंदिर की जो भी चल-अचल संपत्ति है उसकी देख रेख करनी है। वहीं मंदिर के सदस्यों को मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यों के आयोजन के साथ मंदिर के जीणोद्धार का भी जिम्मा सौंपा गया गया।

# छत पर रखे पुआल के पल्ले में लगी आग लग गई



**आदिवासी एक्सप्रेस** W . Alam

**साहिबगंज।** बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड 14 के लबदा में छत पे रखे पुआल के पल्ले में आग लग गई. आग लगने से आस पास के लोगों में अफरा- तफरी मच गई. हो हल्ला सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंच कर कड़ी मेहनत कर आग मे पानी डालकर आग पर काबू पाया.हालांकि आगजनी की घटना मे किसी भी प्रकार के जान माल का कोई नुकसान नहीं हुई है. लेकिन लगी आग से पशुधन के उपयोग में आने वाले चारा पूरी तरह से जलकर राख हो गया.पुआल के मालिक गोपाल महतो ने बताया कि धान के कटाई होने के बाद एक वर्ष तक पशुओ के चारा के लिए पुआल को जमा कर छत में रखे थे. लेकिन अचानक आग लग गई . आग लगने के उपरांत ही ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया.

# बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान गौतम बुद्ध के प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**

**पाकुड़-** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पाकुड़ रेलवे कॉलोनी स्थित सिद्धार्थ नगर में स्थापित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर आमजनों सहित मोहल्ले वासियों में निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा के नेतृत्व में माल्यार्पण कर नमन करते हुए विश्व शांति की लिए प्रार्थना की।मौके पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पाकुड़ विधानसभा के प्रत्याशी रहे अजहर इस्लाम, भाजपा के वरिष्ठ नेता हिसाबी राय मौजूद थे। माल्यार्पण के क्रम में बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि,संघं शरणं गच्छामि का उद्घोष किया गया।



इस अवसर पर अजहर इस्लाम ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा को ही बैसाख पूर्णिमा कहा जाता है। इस दिन महात्मा बुद्ध का जन्म नेपाल के लुंबिनीवन में ईसा पूर्व 556 में हुआ था। भगवान बुद्ध ने नई दिशा दी। भगवान बुद्ध ने छुआछूत सामाजिक बुराइयों की भावना को खत्म करने के लिए लोगों को जागरूक किया। छठी ईशा पूर्व में भगवान बुद्ध ने धार्मिक सुधार आंदोलन का नेतृत्व किया।विश्व शांति अहिंसा और करूणू का संदेश दिया।निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा ज्ञान शांति और आत्मनिरीक्षण का प्रतीक है। लोग बहुत श्रद्धा पूर्वक मानते हैं।बुद्ध पूर्णिमा का पर्व उनके आदर्शों और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में सुशील साहा रूपेश मंडल मुरारी मंडल अनिकेत गोस्वामी निवर्तमान वार्ड पार्षद अशोक प्रसाद पिन्टू हाजरा मनोरमा देवी श्याम पोद्दार मिथिलेश मंडल अर्चना पोद्दार अल्पना मुखर्जी अधिवक्ता संजीत मुखर्जी मनीष कुमार पांडेय रणजीत राम सादेकुल आलम हरि नारायण साह धर्मेंद्र साह राजेश डोकानियां सादेकुल शेख संगीता साहा रिंकू दास मंगली दास रेखा रजक सावित्री राय जीतू सिंह अमित साहा मधुसूदन साह पुर्णेदु गांगुली बहादुर मंडल भुटू कुनाई कन्हैया रजक मौजूद थे।

# टेंपू पलटने से एक महिला की मौके पर ही मौत, बच्चा समेत दस घायल

**आदिवासी एक्सप्रेस** W . Alam

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के जलेबिया घाटी स्थित बजरंगबली मंदिर के पास सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे अनियंत्रित टेंपू पलट जाने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इसमे बच्चा समेत दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि टेंपू चालक संजू बास्की टेंपू छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर जिरवाबाड़ी थाना पुलिस घटना स्थल पहुच घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि मृत महिला के शव कब्जे में लेकर को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घायल में सभी बोरियो थाना क्षेत्र के बाग़मुंडी के सिदो किस्कु की नौ वर्षीय पुत्री रौशमी किस्कु, पुरले किस्कु की पुत्री लिली किस्कु(9), भागवत बास्की का पुत्र बुधराम बास्की(14), राजेश मुर्मू की पत्नी कहामुनि सोरेन (40), मनु मुर्मू की पुत्री मोरिता मुर्मू (18), पप्पू मुर्मू (30), बिर्धन हासदा की पुत्री मरियम हासदा(10), जट्टा मुर्मू की पुत्री मेरीला मुर्मू(13), राम बास्की की पुत्री चंची बास्की(12), पतरु बास्की की पुत्री मरंगम्य सोरेन गंभीर रूप से घायल है।



घायल ने बताया कि वे लोग गाँव के ही टेंपू चालक संजू बास्की के टेंपू से बोरियो से साहिबगंज के महादेवगंज खेत में काम करने के लिए आ रहे थे। इसी दौरान घाटी से उतरने के दौरान टेंपू में ब्रेक नही लगा। इस कारण टेंपू अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गई है। वही मृत महिला 30 वर्षीय बागमुंडी गांव के प्रधान की पत्नी सुरुज मरांडी के रूप में पहचान हुई है 7वही शव का पोस्टमार्टम किया गया और परिजनों को सौंप दी गई इधर परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# साहेबगंज के रणवीर ने जीता स्वर्ण, शिवानी को कांस्य झारखंड सब जूनियर वूशु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन



**आदिवासी एक्सप्रेस** W . Alam

**साहिबगंज।**आर.के. आनंद स्टेडियम, नामकुम में 10-11 मई तक आयोजित 21वीं झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर वूशु चैंपियनशिप में साहेबगंज जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। रणवीर ठाकुर ने 32 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तर पर जिले का परचम लहराया, वहीं शिवानी कुमारी ने 42 किलो वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर जिले को गर्व की अनुभूति कराई। झारखंड वूशु संघ, रांची के तत्वावधान में आयोजित इस चैंपियनशिप में राज्य के 15 जिलों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। साहेबगंज जिला वूशु संघ के सचिव सह प्रशिक्षक मृतुंजय राय के नेतृत्व में जिले की टीम ने भाग लिया और यह गौरव हासिल किया। विजयी खिलाड़ियों को जिला खेल पदाधिकारी पंकज झा, जे.ए.ए. सदस्य राजेश यादव, जिला ओलंपिक सचिव माधव चंद्र घोष, उपाध्यक्ष कल्याण श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष संतोष उर्फ टिंकू, वूशु संघ के अध्यक्ष संतोष स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष पिंकू महतो, एथलेटिक्स कोच योगेश यादव, अशोक कुमार, सचिदानंद मिश्रा, प्रो. रंजीत सिंह, शिक्षक अभिनव कुमार, और खेल शिक्षिका जूली मुर्मू समेत जिले के कई खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी ने विभिन्न विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

**आदिवासी एक्सप्रेस** W . Alam

**साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी मो. यूसुफ ने आज राजमहल प्रखंड के पंचायत कसवा, लालमाटी एवं खुटहरी का दौरा कर ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत कसवा और लालमाटी में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत लंबित आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लाभुकों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य पूर्ण करें। साथ ही पंचायत सचिव राकेश कुमार को निर्देशित किया गया कि दो दिनों के भीतर सभी पात्र लाभुकों को कार्य की प्रगति के अनुसार अगली किस्त का भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा पंचायत खुटहरी में मनरेगा अंतर्गत संचालित बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना एवं बिरसा हरित ग्राम योजना का भी निरीक्षण किया गया। बीडीओ ने इस वर्ष चयनित लाभुकों को गड्ढा खुदाई के पश्चात घेराबंदी शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने रोजगार सेवक को निर्देशित किया कि आवास योजना के अंतर्गत कार्य कर रहे लाभुकों को मनरेगा मद से मिलने वाली मजदूरी का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के दौरान बीपीओ गगन बापू, आवास कोऑर्डिनेटर रविकांत रवि, पंचायत सचिव सिराजुल हक, राकेश कुमार, राहुल कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



# अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**हिरणपुर (पाकुड़) डांगापडा-** शहरग्राम मुख्य सड़क के तेलोपड़ा गांव के समीप सोमवार दोपहर को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दलदली गांव के निवासी 45 वर्षीय मरंग मुर्मू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना लगभग दिन के 12:00 कि बताई जा रही है। घटना के उपरांत आक्रोर्षित ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया।

सूचना मिलते ही हिरणपुर अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रभारी थाना प्रभारी गोपाल कुमार महतो एवं एएसआई गोविंद साव ने ग्रामीणों से वार्ता कर दाह संस्कार को लेकर आर्थिक सहयोग किया। घटना के उपरांत बाबूपुर पंचायत के मुखिया जंतु सोरेन और केंदुआ मुखिया स्टीफन मुर्मू भी उपस्थित थे। वार्ता के उपरांत हिरणपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोना सोनाजोड़ी स्थित सदर अस्पताल भेजा। घटना के संबंध में ग्रामीणों के अनुसार सड़क किनारे जारी में एक व्यक्ति को मृत अवस्था में पड़ा देखा गया। जिसकी सूचना तत्काल ग्रामीणों के द्वारा हिरणपुर पुलिस को दी गई, प्रथम दृष्टया दाहिने पैर में गंभीर जख्म देखा गया। बताया जाता है कि मृतक बगल के गांव आसान झूला में किसी रिश्तेदार के घर में आए पत्नी बेटीसुनी करने से मिलने आया था। मृतक की दो पत्नी और तीन बच्चे हैं। घटना के संबंध में शंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन से धक्का मारे जाने से सड़क दूर से जाकर गिरा होगा। वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना था कि मृतक मोटरसाइकिल में सवार था पर घटनास्थल में मोटरसाइकिल नहीं पाया गया, जो अनुसंधान का विषय है। इस संबंध में थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों से जानकारी ली जा रही है आगे इसकी सदन जांच की जाएगी की दुर्घटना कैसे हुई है। इस घटना से पृथक की पत्नी बच्चे सहित स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

# हिरणपुर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई,नो एंट्री में घुसे खाली 8 कोयला हाईवा को किया जप्त लगाये जुर्माना

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**

**हिरणपुर (पाकुड़)** नो एंट्री क्षेत्र में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए घुसे 8 खाली कोयला हाईवे को मौके पर ही जप्त किया गया, यह कार्रवाई की कदम जनहित में जहां यातायात सुलभ की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण रही वहीं यही परंपरा चलती रही तो यह कदम न केवल ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने की दिशा में रही बल्कि यह भी दर्शाता है कि अब किसी को कानून तोड़ने की छूट नहीं दी जाएगी। हलांकी यह कार्रवाई प्रशासन की सतर्कता को दर्शाता है।

मालूम हो कि सभी हाईवे पाकुड़ रेलवे स्टार्टिंग में कोयला उतार कर हिरणपुर के रास्ते अमड़ापाड़ा पर की ओर जा रहे थे, इसी क्रम में सभी को जप्त किया गया, उक्त कार्रवाई सोमवार को की गई।



बताते चले की जिला प्रशासन की ओर से कोयला हाईवे की परिचालन हिरणपुर रास्ता होते हुए रात 11:00 से सुबह 6:00 तक की समय अवधि निश्चित की गई है।

**इसके बावजूद हाईवे चालकों की मनमानी के चलते आए दिन आम जनों को साथ**

जाम से दिन में कई बार दो चार होना पड़ता है। नाला निर्माण के करण संकीर्ण सड़क रहने के कारण जाम होना और कोयला डंपरों की मनमानी के चलते आम लोगों को राह चलना मुश्किल ही नहीं भीषण गर्मी में चिलचिलाते धूप पर खड़ा रहना दुष्कर साबित होता है।

बताते चले की इसके पूर्व भी सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 11 खाली कोयला हाईवा को जप्त कर हजारों आर्थिक जुर्माना लगाया गया था, परंतु फिर भी इनके मनमानी के चलते अंकुश नहीं लग पा रही थी। अब देखना यह है कि प्रशासन आगे कितना सख्त रहती है, हालांकि प्रशासन ने सांप संकेत दे दिया है कि नियम तोड़ने वाले को किसी भी हालत में बक्सा नहीं जाएगा।

# पी0एम0-जनमन कार्यक्रम के धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अन्तर्गत दुमका जिला के 4404 पी0वी0टी0जी0 के लाभुकों को मिल रहा आवास का लाभ

**दुमका।** झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में स्थित दुमका जिला, जहां की अधिकांश जनसंख्या संथाल एवं पी0वी0टी0जी0 समुदायों की है, वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन कर रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान ने इन इलाकों की तत्त्वीर बदल दी है। जिससे जो ग्राम पहले सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से जूझ रहा था, अब एक आदर्श ग्राम बनने की राह पर है।




प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 4404 पी0वी0टी0 जी0 लाभुकों को आवास की स्वीकृति मिली है। जिससे पहले झोपड़ी में रहने वाले पी0वी0टी0जी0 परिवारों को अपना पक्का मकान मुहैया हो पायेगा। दुमका जिलान्तर्गत 15 वनधन विकास केन्द्र संचालित है। जिससे महिला गाँव और वन क्षेत्र में ही वन उपज पर स्थानीय रोजगार मिला है, जिसके कारण ग्रामीणों का पलायन कम हुआ है। इस योजना के तहत महिलाओं को स्वयं सहायता समूह (स्ा्त) के माध्यम से प्रशक्षिण प्राप्त कर अपना स्वरोजगार एवं घरेलू उद्योग के माध्यम से अपना आय का साधन में बढ़ावा मिला है। इस जिला को पी0वी0टी0जी0 बाहूल्य क्षेत्र में 4 मल्टी पर्पस सेंटर का निर्माण प्रस्तावित है। जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में हर घर जल योजना से स्वच्छ पेयजल की सुविधा का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना एवं आयुष्मान भारत योजना के कार्ड बनने से लोगों को ग्राम से शहर इलाज के लिए नहीं जाना पड़ता है। गांव में स्कूलों में कम्प्यूटर एवं डिजिटल क्लासरूम के माध्यम से ऑनलाईन शिक्षा मुहैया करायी जा रही है। महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण दिया जाता है, जिससे कई महिलाओं ने बकरी पालन, हस्तशिल्प और कृषि आधारित लघु उद्योग शुरू किया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामों में पक्की सड़क का निर्माण हुआ है एवं वर्त्तमान में 34 सड़को का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे बाजार और प्रखंड मुख्यालय तक पहुँचना आसान हुआ है।

# आतंक पर पाक को कड़ी चेतावनी देते रणनीतिक बदलाव

## >> विचार

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरकार के प्रवक्ता द्वारा दी गई प्रस्तुति में, सीमा पार से चलाए जा रहे आतंकवाद से हुई क्षति को रेखांकित करने के वास्ते पिछले आतंकी हमलों (2001 में संसद पर हमले से लेकर मुंबई 2008, उड़ी 2016, पुलवामा 2019 और पहलगाम हमले) का लेखा-जोखा दिखाया गया, जिसके अंत में 'ड्वअब और नहीं' स्क्रीन पर चमका। भले ही यह प्रस्तुति नाटकीय दिखाई दे, लेकिन यह भारत के संकल्प को रेखांकित करती है कि वह पाकिस्तानी धरती से निकल रहे आतंकवाद को और बर्दाश्त नहीं करेगा। द्वितीय, सीजफायर के बाद पाकिस्तानी सेना के सामने दो विकल्प हैं।**

**ले.जन. डीएस हुड्डा (से.नि.)**

छह-सात मई की रात, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे के खिलाफ शृंखलाबद्ध सैन्य हमले किए गए। नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाया, जिनमें से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में और चार उसके पंजाब प्रांत में थे। सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों में मुरीदके और बहावलपुर रहे। लाहौर के नजदीक मुरीदके लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और उसके प्रमुख संगठन जमात-उद-दावा का मुख्यालय है। द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), जिसने पहलगाम नरसंहार की जिम्मेदारी ली, एलईटी से संबंधित बताया जाता है। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है। इसके बाद दो दिन और यह ऑपरेशन चला जिसमें दोनों ओर से भीषण गोलाबारी हुई। भारत ने दुश्मन के कई शहरों पर मिसाइलें गिराईं वहीं पाक की ओर से भी ऐसी कोशिशें हुई। अब 10 मई को सीजफायर का ऐलान हुआ। ऑपरेशन सिंदूर 2016 और 2019 में सीमा पार किए गए सैन्य हमलों की तुलना में झ पैमाने और दायरे में झ काफी बड़ा रहा। इसका संदेश कहीं अधिक तगड़ा और स्पष्ट है। जिसमें, पाकिस्तान से निबटने के लिए भारत की भविष्य की रणनीति में किए गए कुछ महत्वपूर्ण बदलाव झलकते हैं। प्रथम, बड़े आतंकी हमलों का दंडात्मक प्रतिकर्म होगा। चूंकि 2016 और 2019 के सीमित हमले पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को एक औजार की भांति इस्तेमाल किए जाने वाली अपनी राष्ट्रीय नीति त्यागने में असरदार नहीं रहे, इसलिए उन लोगों को दर्द महसूस करवाना जरूरी बन गया, जो आतंकवादी करतूतों को नियंत्रित कर रहे हैं। यदि पाकिस्तानी सेना आतंकवादी नेतृत्व पर लगाम लगाने को तैयार नहीं, तो भारत सैन्य संसाधन का उपयोग करके ऐसा करेगा। भारत ने रणनीतिक और सामरिक कारणों से लंबे समय तक संयम मुद्रा अपनाए रखी। हालांकि, बदलते सुरक्षा परिवेश, विशेषतः पहलगाम हमले ने, पुनर्संतुलन में उत्प्रेरक का काम किया। 6-7 मई की रात बहावलपुर और मुरीदके जैसी अंदरूनी जगहों को निशाना बनाना संकेत है कि भारत अब सरसरी जवाबी



कार्रवाई पर्याप्त नहीं मानता। नया दृष्टिकोण सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों के लिए लागत-लाभ वाली गणना बदलने का प्रयास करता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरकार के प्रवक्ता द्वारा दी गई प्रस्तुति में, सीमा पार से चलाए जा रहे आतंकवाद से हुई क्षति को रेखांकित करने के वास्ते पिछले आतंकी हमलों (2001 में संसद पर हमले से लेकर मुंबई 2008, उड़ी 2016, पुलवामा 2019 और पहलगाम हमले) का लेखा-जोखा दिखाया गया, जिसके अंत में 'ड्वअब और नहीं' स्क्रीन पर चमका। भले ही यह प्रस्तुति नाटकीय दिखाई दे, लेकिन यह भारत के संकल्प को रेखांकित करती है कि वह पाकिस्तानी धरती से निकल रहे आतंकवाद को और बर्दाश्त नहीं करेगा। द्वितीय, सीजफायर के बाद पाकिस्तानी सेना के सामने दो विकल्प हैं। या तो वह स्वयं द्वारा लंबे समय से पोषित सैन्य-जिहाद परिसर को खत्म करे या फिर देश को भारत के साथ विनाशकारी संघर्ष में डुबाने का जोखिम उठाए। जो पाकिस्तान को और अधिक अस्थिरता और संकट में धकेल सकता है। दशकों से, पाकिस्तानी सेना ने जिहादी समूहों को अपनी रणनीतिक संपत्ति के रूप में माना है, उनका उपयोग भारत को जख्म देने के लिए किया जाता है, जबकि आधिकारिक रूप से इनकार करता है। ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिए भारत ने स्पष्ट किया कि राज्य और उसके द्वारा प्रायोजित छद्म स्वरूपों के बीच कोई अंतर नहीं है। पाकिस्तान में कई अंदरूनी जगहों को निशाना बनाकर भारत ने संकेत दे दिया है कि सुरक्षित पनाहगाहें भी अब उतनी सुरक्षित नहीं रहीं। प्रेस ब्रीफिंग में 6-7 मई की कार्रवाई पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत की 'कार्रवाई नपी-तुली, चीजों को और आगे न भड़काने वाली, आनुपातिक और जिम्मेदाराना थी। इसके निशाने का केंद्र आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना और भारत में भेजे जाने वाले आतंकवादियों को निष्क्रिय करना था।' यह पाकिस्तान के लिए संदेश था कि अगर वह किसी भी सैन्य जवाबी कार्रवाई से परहेज करे और आतंकवादी गतिविधियों पर लगाम लगाने के दीर्घकालीन उपाय करे, तो बढ़ते तनाव को नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि पाकिस्तानी सेना ने प्रतिक्रिया में युद्ध जैसे हालात रखे, जिसकाभारतीय सेना ने माकूल जवाब दिया। तृतीय, भारत इस बार स्पष्ट है कि परमाणु युद्ध की नौबत बनने से जरा पहले तक, सीमित पारंपरिक संघर्ष के वास्ते गुंजाइश मौजूद है। जब भी भारत-पाकिस्तान संकट बनता है, तो पाकिस्तान सबसे पहले अपना परमाणु कार्ड लहराने लग जाता है। मंत्री हनीफ अब्बासी ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को निलंबित करके पाकिस्तान को पानी की आपूर्ति रोकता है, तो इस्लामाबाद परमाणु हथियारों से हमला करने को तैयार रहेगा। पाकिस्तान के राजदूत ने भी ऐसी ही धमकी दी। पाकिस्तान की परमाणु ब्लैकमेलिंग से भारत अब खुद को बंधक नहीं मानता। पारंपरिक बलों के इस्तेमाल के जरिए पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी ढांचे को निशाना बनाने में वाले तौर-तरीके में धीरे-धीरे बदलाव आया है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी पंजाब समेत कई आतंकी गढ़ों पर धावा बोलने में, हवाई हमले को उपयोगिता के रूप में नया मानक स्थापित हुआ है। चतुर्थ, भारत में हुए आतंकी हमलों के तार पाकिस्तान से जोड़ने वाले प्रत्यक्ष सबूत उपलब्ध करवाने की कुछ अंतरराष्ट्रीय हलकों की मांग अब जाती रही है। भारत दशकों से पाक प्रायोजित आतंकवाद का शिकार रहा है और जब भी वह कहता है कि आतंकवाद का स्रोत पाकिस्तान है, तो यह बात सही है। समस्या यहां हमले करने वाले की नहीं, बल्कि पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी और उस सैन्य नेतृत्व की है, जो आतंकवाद को पाल-पोस रहे हैं। अकाट्य सबूत की मांग छद्म युद्ध की प्रकृति को नजरअंदाज करती है। आतंकी संगठनों का ढांचा ही इस प्रकार तैयार किया जाता है कि सिद्ध करना मुश्किल हो जाए। भारत में आतंकी हमलों की निरंतरता, अपराध करने वालों की पहचान, प्रशिक्षण केंद्र और फंडिंग स्रोत- ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र की ओर इशारा करते हैं जो राज्य के संरक्षण बिना काम नहीं कर सकता। पंचम, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए भी एक संदेश है। आतंकवाद को शह-मदद करने वाले पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराने में संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं की अक्षमता को लेकर भारत में निराशा है। बेशक,भारत के लिए, अंतर्राष्ट्रीय जनमत और कूटनीतिक समर्थन जुटाना अहम है किंतु पाकिस्तान के आतंकवाद का जवाब देने में, भारत के लिए विकल्पों पर निर्णय लेते वक्त अड़चन बनने में ये कारक अहम नहीं रहे। इस बार उकसावे के बावजूद संयम बरतने का आह्वान करने वाली बातों को भारत ने नजरअंदाज किया। तीन दिन चले ऑपरेशन सिंदूर ने नए सैद्धांतिक मानदंड स्थापित किए हैं कि आतंकी ढांचे पर हमला किया जाएगा; कि परमाणु हमले का डर दिखाना छिपकर करतूतें करने वालों को नहीं बचा पाएगा; कि वैश्विक समुदाय की नैतिक दुविधा भारत की संप्रभुता के विकल्पों को नजरअंदाज नहीं कर सकती; कि पाकिस्तानी सेना को जिहादी समूहों के साथ लंबे समय से जारी अपने गठजोड़ के परिणामों का सामना करना होगा। यह स्थिति दक्षिण एशिया को कम स्थिर क्षेत्र बनाती है। यदि पाकिस्तान अब भी आतंकवाद को राज्य-नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल करने की राह पर बढ़ता रहा, तो उसे भविष्य में कठोर सच्चाई का सामना करना होगा।

**(लेखक थल सेना की उत्तरी कमान में कमांडर रहे हैं।)**

## संपादकीय

# 'ऑपरेशन सिंदूर' अधूरा

एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव हो गया है। यह युद्धविराम नहीं है।' जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाकों से लेकर पंजाब और राजस्थान के कई शहरों और गुजरात के कच्छ तक पाकिस्तान ने ड्रोन हमले कर सेना के ठिकानों और आम नागरिक जिंदगी को निशाना बनाने की कोशिश की। अंततः नाकाम रहा और उसके हमलों को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। क्या युद्धविराम का सच यही है? गंभीर सवाल यह है कि क्या भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपना तय लक्ष्य हासिल कर लिया है? भविष्य में देश में आतंकी हमला होगा, तो क्या उसे वाकई 'युद्ध' करार देते हुए भारत पलटवार करेगा? बेशक भारतीय सेनाओं ने जिस तरह आतंकियों के अड्डे 'मिट्टी-मलबा' किए हैं और 100 से अधिक आतंकियों को मौत के घाट उतारा है, वह निश्चित ही विराट सफलता है, लेकिन आतंकियों का आका पाकिस्तान बच गया है। बहुत कुछ मिट्टी में मिलाया नहीं जा सका। पाकिस्तान की वायुसेना का बर्बाद ढांचा फिर से खड़ा किया जा सकता है। चीन और तुर्किये की मदद से एयर डिफेंस, रडार सिस्टम और अन्य सुरक्षा बंदोबस्त दोबारा हासिल किए जा सकते हैं। आईएमएफ ने पाकिस्तान का एक अरब डॉलर का कर्ज मंजूर कर दिया है। हालांकि यह राशि हथियारों के लिए नहीं है। चीन और तुर्किये उधार पर भी मदद कर सकते हैं। फिलहाल भारत के पास सटीक मौका था। लड़ाई का ऐसा मोर्चा निकट भविष्य में बनना असंभव है। इस बार पाकिस्तान की सेना को छिन्न-भिन्न किया जा सकता था। बल्कि उसे सेनाविहीन की स्थिति में लाया जा सकता था। पाकिस्तान जैसे आतंकी और गैर-जिम्मेदाराना देश से 'परमाणु शक्ति' छीनने के प्रयास भी किए जा सकते थे। 'इस्लामी परमाणु बम' की अवधारणा के खिलाफ भारत विश्व-मत तैयार कर सकता था। एक सिरफिरा और आत्मा से 'रक्तबीज' जैसा देश कभी भी परमाणु हथियारों का दुरुपयोग कर सकता है। भारत ऐसी भूमिका से वंचित रहा। भारत यह टकराव जीत कर भी विजेता नहीं बन सका। हम युद्धोन्मादी, युद्ध के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन ऐसे अवसर को खोया भी नहीं जा सकता। पाकिस्तान आतंकिस्तान है।

# इसे कहते हैं सेना को युद्ध की भट्टी में झोंकना !

**संजय पराते**

जब बिना किसी सुविचारित नीति के चुनाव को नजर में रखकर युद्धोन्माद फैलाया जाता है और फिर जनता को संतुष्ट करने और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को मजबूत करने के लिए युद्ध की 'रचना' की जाती है, तो उसका वही हश्र होता है, जो कल हमें दिखा। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पूरे देश में युद्ध और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का जो वातावरण बनाया गया, उसमें पाकिस्तान पर 'सीमित हमला' करना जरूरी था, वरना भाजपा के घरेलू चुनाव के मोर्चे पर मात खाने की उम्मीद बन रही थी। गोदी मीडिया द्वारा इस सीमित हमले को इस तरह दिखाया गया कि अब दुनिया के नक्शे से पाकिस्तान का नाम ही मिटने वाला है और पाक हुक्मरान दया की भीख मांग रहे हैं। मीडिया ने कराची और पेशावर तक चढ़ाई कर दी थी कि अमेरिका ने युद्ध विराम का फैसला सुना दिया और भारत ने उसे एक अच्छे बच्चे की तरह मान लिया। लेकिन फिर खबर आई कि पाकिस्तान ने अमेरिका-प्रायोजित इस युद्ध विराम का भी उल्लंघन कर दिया है। सेना की सर्वोच्च अधिकारी राष्ट्रपति मौन है, प्रधानमंत्री आम जनता से नजरें चुरा रहे हैं। उधर पाकिस्तानी हुक्मरान संसद से मुखातिब है और वहां भारत की हार का जश्न मनाया जा रहा है। कश्मीर का जो मामला वर्ष 1971 के बाद से आज तक द्विपक्षीय बना हुआ था, अब उसके अंतर्राष्ट्रीय बनने की संभावना बलवती हो गई है। भारत-पाक के किसी युद्ध में या झड़प में भारत की ऐसी हास्यास्पद स्थिति कभी नहीं हुई, जैसी आज हो रही है। आम जनता यह सवाल पूछ रही है कि आखिर इस युद्ध से भारत को क्या हासिल हुआ? असली सवाल यही है कि इस सीमित युद्ध से और जब पाकिस्तान पर भारत हर दृष्टि से हावी था, युद्धविराम करके भारत को हासिल क्या हुआ? भारत को हासिल क्या हुआ, यह सवाल पहली बार नहीं पूछा जा रहा है? उस समय भी पूछा गया था, जब नोटबंदी की गई थी। तब बताया गया था कि इससे आतंकवाद की कमर टूट जाएगी। पता चल रहा है कि नोटबंदी के बाद आतंकवाद और मजबूत हो गया है कि हमारी ही कमर तोड़ रहा है। जब कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करके उसे टुकड़ों में बांटा गया, तब भी यही कहा गया कि इससे आतंकवाद खत्म हो जाएगा, लेकिन आतंकी हमले रुके नहीं। इस आतंकी हमले ने पहलगाम में कश्मीरियों पर भी हमला किया, उनकी भी शहादतें लीं। पाक-प्रायोजित आतंकियों ने पर्यटकों का धर्म पूछकर उन्हें मारा, ताकि आतंकवाद के धर्म को दिखाया जा सकें, लेकिन कश्मीर की हिंदू-मुस्लिम जनता ने एकजुटता के साथ यह दिखा दिया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। आतंक केवल आतंक होता है, बस! इसलिए आम जनता यह सवाल पूछ रही है कि आखिर इस युद्ध से भारत को क्या हासिल हुआ? यह सवाल जायज भी है, क्योंकि बिहार की धरती से हमारे प्रधानमंत्री ने कसम खाई थी कि "आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगे।" इस सीमित युद्ध के दौरान बताया जा रहा था कि आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जा रहा है, ताकि कोई इस देश में घुसकर आतंकी हरकत करने की हिम्मत न कर पाए। पाकिस्तान में 40 से ज्यादा शिविर हैं, जहां आतंकवादियों को प्रशिक्षित किया जाता है, उन्हें पाला-पोसा जाता है। खबरों के अनुसार, 8-10 शिविर नष्ट हुए हैं। बाकी को क्यों छोड़ दिया गया, किसके कहने पर छोड़ा गया, यह सब जानने का अधिकार जनता का नहीं है? बचे हुए आतंकी शिविर क्या अमेरिका में आतंक फैलाने का काम करते हैं, जिससे निपटने की जिम्मेदारी अमेरिका पर छोड़ दी गई है? मोदी सरकार ने जिस सीमित लक्ष्य के साथ यह युद्ध छेड़ा था, उसे भी प्राप्त करने में असफल रही है। यह हमारी युद्ध नीति की भी असफलता है और कूटनीति की भी। और यह असफलता क्यों हैं? इसलिए कि घरेलू मोर्चे पर मोदी सरकार आजादी के बाद की सबसे ज्यादा असफल सरकार साबित हुई है, जिसने घरेलू समस्याओं को हल करने के बजाए, आम जनता का ध्यान इससे हटाने के लिए हर मौके पर विभाजनकारी नीतियां अपनाई और लगातार सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के जरिए चुनाव जीतने और सत्ता में बने रहने को अपना एकमात्र लक्ष्य बना लिया है। देश विरोधी ताकतें भी इसका फायदा उठाने में लगी है, जो पहलगाम में आतंकी हमले से सही साबित होता है। ये ताकतें चाहती थी कि सांप्रदायिक आधार पर पहले से ही विभाजित भारतीय समाज और ज्यादा ध्रुवीकृत हो। उन्हें इसमें कामयाबी भी मिली, जब प्रधानमंत्री कश्मीर जाने के बजाए, दो-दो सर्वदलीय बैठक में जाकर विचार-विमर्श करने के बजाए, बिहार जाकर इसे चुनावी मुद्दा बनाते हैं और संघी गिरोह पूरे देश भर में मुस्लिमों पर हमला करके हिंदुओं की शहादत का बदला लेता है।युद्ध की परिस्थितियों में सरकार और सत्ताधारी पार्टी की जिम्मेदारी पूरे देश को एकजुट करने की होती है, इसके बजाय वह देश को और विभाजित करने का काम कर रही थी। इस सबके बावजूद, पूरा विपक्ष और पूरा देश सरकार के साथ एकजुट था कि वह इस आतंकी हमले का प्रतिकार करने के लिए किसी भी प्रकार का कदम उठाने को स्वतंत्र है। मोदी सरकार ने कूटनीति के जरिए पाकिस्तान की घेराबंदी करने के बजाए, युद्धनीति को प्राथमिकता दी। पहलगाम में आतंकवादी हमले की अभी तक मोदी सरकार ने साफ साफ जिम्मेदारी नहीं ली है। बैसरन घाटी में सुरक्षा बलों की अनुपस्थिति के बारे में सर्वदलीय बैठक में उसने जो सफाई दी है, वह गले उतरने लायक नहीं है और उसकी इस सफाई पर प्रश्नचिन्ह भी लग चुके हैं। आम जन मानस में यह सवाल भी तैर रहा है कि हर चुनाव के पहले ही आतंकी हमले क्यों होते हैं और इसकी आड़ में एक धार्मिक समुदाय को निशाने पर लेकर युद्धोन्मादी वातावरण क्यों बनाया जाता है? जिस तरह पहले की आतंकी घटनाओं की कोई विश्वसनीय जांच रिपोर्ट सामने नहीं आई हैं, पहलगाम की घटना के भी कोई तथ्य सामने नहीं आने वाले हैं। अब अगला सवाल यह है कि इस सीमित युद्ध का जो हश्र हुआ, क्या उसकी ही कोई जिम्मेदारी मोदी सरकार लेने के लिए तैयार है? इस युद्ध विराम से पहले हमारी सेना को भी विश्वास में लिया गया है, ऐसा भी नहीं लगता। यह हमारी सेना के शौर्य और सैनिकों की शहादत का अपमान नहीं, तो और क्या है!आज तक हम इस नीति का पालन कर रहे थे कि भारत और पाकिस्तान के बीच का कोई भी विवादित मुद्दा हमारा आपसी मामला है और दोनों देश आपसी संवाद के जरिए कश्मीर सहित सभी मुद्दों को सुलझा सकते हैं। शिमला समझौते की भावना भी यही है। पाकिस्तान ने बार-बार इस समझदारी का उल्लंघन किया है, लेकिन उसे कभी सफलता नहीं मिली और हमारी सरकार की सफल कूटनीति ने विश्व जनमत को हमारे पक्ष में बनाए रखा।लेकिन वर्ष 1971 के बाद यह पहली बार हो रहा है कि भारत-पाक विवाद का हल अमेरिका की मध्यस्थता में खोजा जा रहा है। यह आश्चर्य की बात है कि युद्ध विराम की घोषणा भारत या पाकिस्तान नहीं, अमेरिका करता है। पाकिस्तान इसकी मीडिया में पुष्टि करता है और भारत दबी जुबान "ऐसा नहीं" कहने पर मजबूर है, लेकिन अमेरिका की मध्यस्थता का खंडन करने की हिम्मत नहीं करता। अमेरिका ही यह घोषणा भी करता है कि "दोनों पक्ष बड़े मुद्दों पर किसी तटस्थ स्थल पर वार्ता के लिए सहमत हो गए हैं।" अब यह बड़ा मुद्दा कश्मीर के सिवा और क्या हो सकता है? यह स्पष्ट नहीं है कि "किसी तटस्थ स्थल" पर अमेरिका की मौजूदगी होगी या नहीं? लेकिन संचार-प्रौद्योगिकी के इस युग में अमेरिका की भौतिक उपस्थिति कोई मायने नहीं रखती। युद्ध विराम में मध्यस्थता और बड़े मुद्दों पर वार्ता की अमेरिका की घोषणा से ही जाहिर है कि अब भविष्य में कश्मीर मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण होने जा रहा है, जो पाकिस्तान के मन-माफिक है। इसलिए युद्ध विराम की अमेरिकी घोषणा को पाकिस्तान अपनी जीत और भारत की हार बता रहा है, तो इसमें गलत क्या है? अमेरिका चाहता तो पाक प्रायोजित आतंकवाद पर लगाम लगा सकता था। लेकिन अमेरिका ही है, जो पूरी दुनिया में आतंकवाद का निर्यात करता है और आतंकवादियों को पनाह भी देता है। पाकिस्तान के राजनेताओं ने भी, जो जब-तब सत्ता में भी रहे हैं, यह माना है कि उनकी जमीन पर आतंकवाद अमेरिका के इशारे पर और उसके हितों के लिए पाला-पोसा गया है। इसलिए भारत में आतंकवाद केवल पाक-प्रायोजित ही नहीं है, अमेरिका-समर्थित आतंकवाद भी है। इसलिए पाकिस्तान के खिलाफ लड़ना जितना जरूरी है, उससे ज्यादा जरूरी आतंकवाद के सरगना अमेरिका के खिलाफ लड़ना है। लेकिन मोदी सरकार के पास बाबर और औरंगजेब के औलादों के खिलाफ लड़ने की ताकत तो है, अमेरिका के खिलाफ चूं तक करने की हिम्मत नहीं है। जब अमेरिका हमारे प्रवासी देशवासियों को जंजीर से जकड़कर हमारी ही धरती पर पटक रहा था, तो इस अपमान के खिलाफ मोदी सरकार की न केवल घिग्घी बंधी हुई थी, बल्कि संसद के अंदर उसने अमेरिका के इस कुकृत्य को सही भी ठहराया था, जबकि पूरी दुनिया अमेरिका की इस दादागिरी के खिलाफ लड़ रही थी। इसलिए इस सीजफायर के लिए मध्यस्थता कर रहे अमेरिका की किन शर्तों को भारत ने माना है, इसका भी खुलासा उसे आम जनता के सामने करना चाहिए। दो देशों के बीच का युद्ध वास्तव में उन देशों की सत्ताधारी पार्टियों और शासक वर्ग के बीच का युद्ध होता है, जिसमें जनता को सुनियोजित रूप से खींचा जाता है। आजादी के बाद से ही भारतीयों के मन में पाकिस्तानी जनता के खिलाफ और पाकिस्तानियों के मन में भारतीय जनता के खिलाफ नफरत पैदा करने का काम होता रहा है। भारत-पाक के इस सीमित युद्ध के जरिए दोनों देशों के सत्ताधारियों के हित साधे गए हैं। पाकिस्तान में सैन्य शासकों ने वैधता प्राप्त करने की कोशिश की है, तो भारत में मोदी सरकार ने बिहार चुनाव को साधने की। वास्तव में तो सेना को, उसकी इच्छा-अनिच्छा के परे, युद्ध की भट्टी में ही झोंकने का काम किया गया है। वह एक लोकतांत्रिक सरकार के अधीन अपना सैन्य कर्तव्य ही पूरा कर रही थी। अमेरिका की मध्यस्थता में हुए इस युद्ध विराम ने वास्तव में भारतमाता के माथे के सिंदूर को थोड़ा-सा और पोंछने का ही काम किया है।*(लेखक अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा के उपाध्यक्ष हैं)

# दूषित नदियों से सेहत के बढ़ते खतरे

**विजय गर्ग**

वर्तमान युग को पर्यावरणीय संकट का युग कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति न होगी। विकास, शहरीकरण, उद्योगीकरण और बढ़ती जनसंख्या के दबाव ने प्राकृतिक संसाधनों पर जो बोझ डाला है, उसका परिणाम आज हमारे सामने साफ दिखाई दे है। जल संसाधनों का संकट भी इन्हीं समस्याओं का विकराल रूप है। भारत की संस्कृति और सभ्यता नदियों के किनारे विकसित हुई, लेकिन आज वह नदियों के अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रहा है। कनाडा के शोधकर्ताओं ने हाल ही में प्रकाशित एक अध्ययन में भारत की नदियों के संदर्भ में चिंताजनक स्थिति उजागर की है। अध्ययन के अनुसार भारत की लगभग अस्सी फीसद नदियां प्रदूषण के कारण गंभीर पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संकट का सामना कर रही हैं। इस शोध में 72 के 877 नदी स्थलों 21 सामान्य एंटीबायोटिक की मौजूदगी का परीक्षण किया और पाया गया कि भारत, पाकिस्तान, नाइजीरिया, इथियोपिया और वियतनाम जैसे देशों में स्थिति बेहद भयावह है। एंटीबायोटिक प्रदूषण का अर्थ है- मानव, पशु चिकित्सा या कृषि में प्रयुक्त दवाइयों के अंशों का अनियंत्रित, अनियमित एवं अनावश्यक रूप से पर्यावरण में उत्सर्जित होना । जब ये अंश जल, मृदा या वायु में प्रवेश करते हैं, तो ये केवल स्थलीय जीवन को नहीं, जलीय और समग्र पारिस्थितिकी तंत्र को भी प्रभावित करते हैं। भारत में विशेष रूप से कई दवाओं के अत्यधिक स्तर पाए गए हैं। इनमें से 'सेफिक्सिम' की उपस्थिति भारतीय नदियों में व्यापक पाई गई है। ये तथ्य स्वयं इस बात की पुष्टि कही हैं। वर्तमान अध्ययन के निष्कर्षों के करते हैं कि एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग और निपटान में गंभीर त्रुटियां हो अनुसार, भारत में लगभग 31.5 करोड़ लोग ऐसे क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं, जहां जलस्रोत एंटीबायोटिक अवशेषों से प्रभावित हैं। यह तथ्य अत्यंत गंभीर है क्योंकि दूषित जल मानव स्वास्थ्य के लिए प्रत्यक्ष खतरा उत्पन्न करता है। दिल्ली, लखन, गोवा और चेन्नई जैसे प्रमुख महानगरों में नदियों के जल में एंटीबायोटिक दवाओं की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सुरक्षित सीमा से दो से पांच गुना अधिक पाई गई है। इस संदर्भ में यह समझना आवश्यक है कि जल में उपास है कि जल में उपस्थित एंटीबायोटिक अवशेष सीधे तौर पर न



केवल मानव जीवन, बल्कि जलीय जीव-जंतुओं, सूक्ष्मजीवों और संपूर्ण खाद्य श्रृंखला को प्रभावित करते हैं। पर्यावरण में एंटीबायोटिक पोटिक प्रदूषण के विविध स्रोत हैं। प्रमुख औषधि उद्योगों से उत्पन्न अपशिष्ट जल शामिल है, जिसे उपचारित किए बिना जल स्रोतों में प्रवाहित कर दिया जाता है। भारत में अनेक औषध निर्माण इकाइयां पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करते हुए अपशिष्ट जल को नदियों, में मिलाती हैं। इसके अलावा मानव तथा पशु चिकित्सा में एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक तथा अनियंत्रित उपयोग भी इस संकट का बड़ा कारण है। अक्सर देखा जाता है कि बिना चिकित्सक के परामर्श के ही दवाइयां खरीदी जाती हैं और स्व-चिकित्सा की प्रवृत्ति आम हो चली है। इसके कारण न केवल दवाओं का अनावश्यक सेवन बढ़ता है, बल्कि इनके अवशेष शरीर से बाहर निकल कर जल स्रोतों को भी दूषित करते हैं। पशुपालन और कृषि क्षेत्र में भी वृद्धि दर बढ़ाने और बीमारियों से सुरक्षा के लिए एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग होता है। इसके परिणामस्वरूप मृदा तथा जल प्रदूषित होते हैं। एंटीबायोटिक प्रदूषण के दुष्परिणाम अत्यंत व्यापक हैं। जब जल स्रोतों में एंटीबायोटिक अवशेषों की अधिकता होती है, तो सूक्ष्मजीवी समुदायों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जलीय पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन बनाए रखने में सूक्ष्मजीवों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। इनके असंतुलन से संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो सकता है। जलीय जीवों की प्रजातियां, विशेष कर मछलियां झींगे आदि, एंटीबायोटिक प्रदूषण के प्रति अत्यंत संवेदनशील होती हैं। इससे उनकी जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जो दीर्घकाल में खाद्य श्रृंखला को भी प्रभावित करता है। मानव स्वास्थ्य पर भी इसके दुष्प्रभाव अत्यंत गंभीर हैं। एंटीबायोटिक अवशेषों के निरंतर संपर्क से जलजनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। दूषित जल के सेवन या उससे सिंचित फसलों के माध्यम से मानव शरीर में एंटीबायोटिक के प्रवेश कर कर सकते हैं, जिससे आंतों के संक्रमण, एलर्जी, प्रतिरक्षा तंत्र की दुर्बलता, यकृत तथा गुर्दे की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। सबसे गंभीर प्रभाव एंटीबायोटिक प्रतिरोध के रूप में सामने आता है। जब जीवाणु निरंतर एंटीबायोटिक दवाओं के के संपर्क में रहते हैं, तो वे उनके विरुद्ध प्रतिरोधी बन जाते हैं, जिससे सामान्य संक्रमणों का उपचार कठिन हो जाता है। वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एंटीबायोटिक प्रतिरोध को वैश्विक स्वास्थ्य संकटों में से एक घोषित किया है। भारत में प्रतिवर्ष लगभग अट्ठावन हजार नवजात शिशुओं की मृत्यु इसी कारण हो रही। इस संकट की गंभीरता को रेखांकित करता है। कृषि पर भी इस संकट का सीधा प्रभाव पड़ रहा । इस प्रकार एंटीबायोटिक प्रदूषण केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं, अपितु आर्थिक एवं सामाजिक समस्या भी बन चुका है, जिसका समाधान तत्काल आवश्यक है। भारत सरकार ने इस दिशा में कुछ प्रयास किए गए हैं।

**(विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब)**

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी** * **फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### गफूरिया मदरसा के पास उच्च स्तरीय पुल निर्माण का माननीय विधायक ने किया अनुशंसा, ग्रामीणों ने जताया आभार



आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam

**साहिबगंज।** माननीय राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा जी ने उधवा प्रखंड के दक्षिण पियारपुर पंचायत अंतर्गत गफूरिया मदरसा के पास लंबे समय से मांग की जा रही उच्च स्तरीय पुल निर्माण को लेकर अनुशंसा किया है.विधायक ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को अनुशंसा पत्र भेजा है. वहीं जिप सदस्य प्रतिनिधि अली हसन उर्फ अली कमीशन,जिप सदस्य अब्दुल बारिक शेख,सहनारा बीबी,रानी हांसदा ने संयुक्त रूप से जिला विशेष प्रमंडल कार्यपालक अभियंता रमाकांत को अनुशंसा पत्र सौंपा है. इस पर विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा जी ने कहा कि अपने क्षेत्र कि समस्या को लेकर हमेशा तत्पर हुं तथा समस्या का समाधान करने को लेकर प्रतिबद्ध हुं. दक्षिण पियारपुर पंचायत के लोगों ने विधायक के प्रति आभार जताया है.नदी आर - पार होने में लंबी दूरी तय करना पड़ता है.कहा कि यह पुल बन जाने से स्थानीय लोगों को आवागमन करने में आसानी होगी.

### पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण



आदिवासी एक्सप्रेस मोहित मंसूरी

**बरहरवा** प्रखंड के सोनाकर पंचायत के बन्सिकाटा गाँव के ग्रामीण पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। कुओं और तालाबों का सूख जाना और जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान न देना वास्तव में चिंताजनक है। यह स्थिति दर्शाती है कि गाँव में पीने के पानी की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बन गई है, खासकर गर्मी के इस मौसम में। कुओं पर पानी भरने के लिए लंबी कतारें और घंटों का इंतजार ग्रामीणों के दैनिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहा हे यह भी निराशाजनक है कि ग्रामीणों द्वारा चापाकल की मांग करने के बावजूद उन्हें अभी तक यह सुविधा नहीं मिल पाई है। इसके अतिरिक्त, गाँव के बीच स्थित सोलर सिस्टम जल मीनार का एक साल से खराब रहना समस्या को और बढ़ा रहा है। स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को इस मामले पर तत्काल ध्यान देना चाहिए। यह आवश्यक है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को समझें और उन्हें जल्द से जल्द राहत प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाएं।

### जेजेएमपी के लवलेश गंझु के घर पर न्यायालय के आदेश से इश्तेहार चिपकाया



**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के लवलेश गंझु के घर पर न्यायालय के आदेश से सोमवार को इश्तहार चस्पा किया. बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि बालूमाथ थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर अमित कुमार दास के नेतृत्व में दल बल के साथ बालूमाथ काण्ड संख्या-203/2022, धारा-147/148/149/387/120ब भादवि, 25(1-B)a (1-)/26/35 आर्म्स, 25(6)/25(7) आर्म्स अमेंडमेंड एक्ट एवं 17 सीएलएक्ट में फरार चल रहे जेजेएमपी नक्सली संगठन के प्राथमिकी अभियुक्त लवलेश गंझु उर्फ लवलेश जी पिता स्व. प्रधान गंझु, बालू, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को विधिवत दो स्वतंत्र गवाह के समक्ष अभियुक्त के घर के बाहर दीवार पर चस्पा किया।साथ ही उनके परिजनों को हिदायत दिया गया कि अभियुक्त को माननीय न्यायालय में एक माह के अन्दर आत्मसमर्पण कराएं नहीं करते हैं।तो उनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना किया

आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam

**साहिबगंज।** बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर सोमवार को शहर के बिजली घाट, शकुंतला सहाय घाट, पुरानी साहिबगंज ओझा टोली घाट, राजमहल प्रखंड के सूर्य देव घाट, फेरी घाट, संगत घाट, आदि गंगा घाटों पर उत्तर वाहिनी गंगा में साहिबगंज जिला के शहर, प्रखंड सहित बरहरवा, बरहेट, बोरियो, तीनपहाड़, केला बाड़ी, माधो पाड़ा, पाकुड़ आदि अन्य जगहों से आए



श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना किया। पिछले कई दिनों से हिट वेव के कारण अहले सुबह से ही विभिन्न गंगा घाटों में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगने लगा था। हालांकि सोमवार को आसमान में बादल छाए हुए थे इसलिए श्रद्धालुओं को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। बुद्ध पूर्णिमा पर पतित पावनी उत्तर वाहिनी गंगा में स्नान करने का विशेष महत्वपूर्ण माना जाता है। वैशाख मास की पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा कहा जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार इसी पूर्णिमा के दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था और इसी तिथि को कठिन साधना के बाद बौद्धत्व प्राप्त किया था। भगवान बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार कहा गया है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से विशेष पुण्य फल प्राप्त होता है। बुद्ध पूर्णिमा के श्रद्धालुओं ने बाजार में फल-फूल पूजा की सामग्री की जमकर खरीदारी किया। वैशाख पूर्णिमा का महत्व और पुण्य लाभ पौराणिक कथा के अनुसार वैशाख मास की पूर्णिमा को समुद्र मंथन के बाद दैत्यों के संहार के बाद समस्त साम्राज्य देवताओं को प्राप्त हुआ था। यह तिथि समस्त पापों का नाश करने वाली पुत्र पौत्रादि का फल देने वाली है। इस दिन गंगा स्नान करने से मनुष्य को भगवान विष्णु के चरणों में स्थान मिल जाता है।

# बायोफ्यूल्स पेट्रोल पंप का उद्घाटन पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम फीता काटकर किया

**बारियातू।** बारियातू प्रखंड मुख्यालय स्थित एनएच-९९ बारियातू से बालूमाथ जाने वाले मुख्य मार्ग पर सोमवार को शाहदे ब्रदर्स के द्वारा जिले के पहले बायोफ्यूल्स पेट्रोल पंप का उद्घाटन भव्य समारोह के साथ किया गया. शाहदेव ब्रदर्स द्वारा संचालित पेट्रोल पंप का उद्घाटन पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम,बायोफ्यूल्स के डायरेक्टर अशुतोष कुमार सिंह,बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी, साल्वे मुखिया राजीव भगत,जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू, संचालक के माता पदमावती कुंवर,संचालक जय कालीनाथ शाहदेव व लाल आशिष नाथ शाहदेव,प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उपप्रमुख निशा शाहदेव, पूर्व कांग्रेसी नेता मोतिउर्रहमान सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से वैदिक रीति से पूजा-अर्चना के पश्चात, फीता काट व नारियल फोड़ कर किया।



कार्यक्रम के दौरान शाहदेव ब्रदर्स की ओर से सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ, शॉल व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर बायोफ्यूल्स के डायरेक्टर अशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों के लिए बायोफ्यूल्स एक सस्ता, टिकाऊ व विश्वसनीय समाधान प्रदान करेगा।उन्होंने कहा कि यह ईंधन पूरी तरह सुरक्षित है और इससे वाहनों को किसी प्रकार की तकनीकी हानि नहीं होगी।साथ ही सभ ईंधन की तुलना में अधिक माइलेज व कम प्रदूषण सुनिश्चित करता है.

डायरेक्टर सिंह ने बताया कि कंपनी उच्च गुणवत्ता वाले बायोफ्यूल्स की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी, जिससे आम लोगों की पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता घटेगी. साथ ही इसका उपयोग पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होगा।उन्होंने कहा कि कंपनी का उद्देश्य ग्रामीण जनता को बेहतर विकल्प देना है, जिससे आमजन को आर्थिक रूप से भी लाभ होगा।

**शाहदेव ब्रदर्स निभाएंगे जिम्मेदारी**

पंप के संचालक जय कालीनाथ,व आशीष नाथ शाहदेव ने कहा कि कंपनी ने जो जिम्मेदारी हमें सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे. ग्राहकों को सुगमता से इंधन उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता होगी।

**आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सार्थक प्रयास- बैद्यनाथ राम**

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि लातेहार जिले के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है. जिले का पहला बायोफ्यूल्स पेट्रोल पंप बारियातू प्रखंड में खुला है, यह न केवल क्षेत्र को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा,बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार का अवसर भी देगा। उन्होंने शाहदेव ब्रदर्स को बधाई देते हुए कहा कि यह पंप विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर टोंटी पंचायत समिति सदस्य सह जेएमएम संगठन सचिव मो0 होजैफा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, कांग्रेस नेता कामेश्वर भोगता, प्रदीप गंझू, मो0जुबैर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो0आमिर हयात, पूर्व जिलाध्यक्ष अवध किशोर सिंह, प्रमोद प्रसाद सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी, समाजसेवी किशोर प्रसाद, शशि कुमार सिंह, विजय सिंह, कृष्णा सिंह, ननदू उरांव, इश्वरी उरांव, सविता देवी, उमेश प्रसाद,कृष्ण प्रसाद, पुनेश्वर प्रजापति, सुदामा प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, मो0इब्राहिम, मो0सलाउद्दीन (फुचानी), राकेश प्रजापति, महेंद्र उरांव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, स्थानीय लोग व वाहन चालक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने अपने स्कॉट वाहन में स्वयं ईंधन भर कर पंप का विधिवत शुभारंभ किया। इससे पूर्व डायरेक्टर अशुतोष कुमार सिंह ने उन्हें शॉल ओढ़ा कर व मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। वहीं, संचालक जय कालीनाथ शाहदेव व आशिष शाहदेव को डीलरशिप सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया।

# मोटरसाइकिल के आमने सामने की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए

आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam

**साहिबगंज।** तीनपहाड़-बोरियो मुख्य पथ के चतरा धोगोड़ा के पास दो मोटरसाइकिल के आमने सामने की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बोरियो थाना क्षेत्र के डहरलंगी निवासी हाकीम मुर्मू 25 वर्षीय एवं राजमहल थाना क्षेत्र जदवाटोली मंगलहाट के प्रवीण हेंब्रम 14 वर्षीय मोटरसाइकिल से तीनपहाड़ से बोरियो की ओर जा रहे थे। जिशु हेंब्रम तीनपहाड़ निवासी विपरीत दिशा में बोरियो से तीनपहाड़



की ओर जा रहे थे। जहां चतरा धोगड़ा के पास दोनों मोटरसाइकिल के आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में हाकीम मुर्मू व प्रवीण हेंब्रम बुरी तरह घायल हो गया। वही हाकीम मुर्मू का बाया हाथ टूट गया है और प्रवीण हेंब्रम का भी हाथ फैक्चर है तथा सर पर भी गंभीर चोटें लगी है। जहां राहगीरों की मदद से घायलों को इलाज के लिए बोरियो स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर बिनोद कुमार ने घायलों का प्राथमिकी उपचार किया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर सदर अस्पताल साहिबगंज रेफर कर दिया गया। जहां सदर अस्पताल में घायलों का डॉक्टर की देखरेख में इलाज चल रहा है। उधर बोरियो थाना की एएसआई नीलम कुमारी मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन की।

# हज़ारीबाग में आयकर विभाग के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन, माननीय वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किया लोकार्पण

आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर सोमवार को हज़ारीबाग पहुंचे, जहाँ उन्होंने आयकर विभाग द्वारा बनाए गए नवनिर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर हज़ारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, आयकर विभाग के आयुक्त समेत कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।उद्घाटन समारोह में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आयकर विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए विभाग के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आयकर



विभाग देश की आर्थिक रीढ़ है और इसकी संरचनात्मक मजबूती राष्ट्र निर्माण में सहायक होगी।

सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हज़ारीबाग जैसे विकसित होते शहरों में ऐसे भवनों का निर्माण प्रशासनिक कार्यों को बेहतर बनाने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर बुनियादी ढांचे को सशक्त बना रही हैं। आयकर विभाग के आयुक्त एवं वरीय अधिकारियों ने भवन निर्माण में मिले सहयोग के लिए सरकार का आभार जताया और विभाग की भावी योजनाओं की जानकारी दी।

समारोह के अंत में अतिथियों ने भवन का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों से विभागीय कार्यों के संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त की।

### मोटसाइकिल दुर्घटना में पति की मौत पत्नी और बच्चे हुए घायल, रेफर



आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास

**इटखोरी (चतरा)।** सोमवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत पितिज पंचायत के भुरकुंडा जंगल के पास एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में घटना स्थल पर ही कान्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर निवासी युवक रंजीत साव पिता ज्ञानी साव की मौत हो गई। इस घटना में मृतक की पत्नी व बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हो गए। क्षेत्र में दौरे पर निकले चतरा सांसद को जैसे ही इस दुर्घटना की सूचना मिली अपने कार्यकर्ताओं के साथ दुर्घटना की सूचना मिलते ही सांसद कालीचरण सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को चिकित्सा के लिए भेजने में सहयोग किये। इधर दुर्घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने विशेष तत्परता दिखाते हुए महिला व बच्चे को इलाज के लिए इटखोरी अस्पताल भेजवाया। जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुमित जयसवाल ने प्राथमिक इलाज के बाद दोनों घायलों की गंभीर अवस्था को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया। बताते चले कि मिले जानकारी के अनुसार रंजीत साव एक शादी समारोह से लौट कर अपने घर जा रहे थे, राजपुर में मोबाइल दुकान चलाते थे और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। इधर शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर भेज दिया गया है।

### पितिज के भुरकुंडा में पेड़ से बलेनो कार टकराई, चार लोग हुए घायल





**इटखोरी (चतरा)।** चतरा-इटखोरी मुख्य मार्ग पर भुरकुंडा जंगल स्थित इंडेन रसोई गैस केंद्र के बाहर एक अनियंत्रित बलेनो कार पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना रविवार दोपहर लगभग 2:45 बजे की है। इस भीषण दुर्घटना में पितीज बिंधानी गांव के प्रमोद यादव को आंशिक रूप से चोटें आई है। जिसकी हालत अभी ठीक है। वहीं इस दुर्घटना में नगवां परसौनी गांव के विकास यादव एवं बिंधानी गांव के सुनील यादव, कैलाश यादव और मुकेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बाद इन घायलों को इटखोरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें गहन चिकित्सा के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दी है। घटना के संबंध में घायल के परिजनों ने बताया कि वे लोग शनिवार रात बारात गए थे और वहां से 7 बजे सुबह घर लौट आए। वे लोग रात में जगे हुए थे। घर में कुछ देर आराम करने के बाद फिर वे लोग उसी कार से रविवार को इटखोरी बाजार कुछ आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी करने गए। जहां से वापस लौटने के दौरान चालक की आंख लग गई और उक्त स्थल पर दुर्घटना घट गई।

### हजरत दाता पीर बख्श शाह रह.अ .का सालाना उर्स संपन्न, कव्वाली की शाम में झूम उठे श्रोता



आदिवासी एक्सप्रेस लालू कुमार यादव हुसैनाबाद पलामू

हुसैनाबाद पलामू हजरत दाता पीर बख्श शाह रह. अ . की मजार पर शनिवार की रात सालाना उर्स श्रद्धा, भक्ति और सौहार्द्र के वातावरण में संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में आए सभी समुदायों के लोगों ने मजार पर चादरपोशी की और मुल्क में अमन-शांति की दुआ मांगी। कार्यक्रम एजाज हुसैन उर्फ छेदी हुसैन के अध्यक्षता में शांति पूर्वक संपन्न हुआ.

इस मौके पर इब्राहिम सेठ के सौजन्य से शानदार कव्वाली मुकाबले का आयोजन हुआ। बाबू गुलाम साबरी और रौनक परवीन की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को पूरी रात बांधे रखा। कव्वालों की देशभक्ति और सूफियाना कलाम ने माहौल को रूहानी बना दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक संजय कुमार सिंह यादव और सायरा बानो ने संयुक्त रूप से किया। विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और एकता का संदेश देते हैं।

उर्स के इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रत्याशी शेर अली, जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटु सिंह,आरजू खान, नसीम खान, पत्रकार शेख मुजाहिद हुसैनाबादी, मसूद आलम,नवाज़िश खान, मुमताज खान उर्फ बड़ा बाबू और सैयद जकी हुसैन उर्फ शमम् भी मौजूद रहे। सभी ने उर्स में शामिल होकर दाता पीर बख्श रह. अ.की मजार पर हाज़िरी दी। शांतिपूर्ण आयोजन के लिए अनुमंडल पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे और भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रोग्राम के आखिरी समय तक थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी के नेतृत्व में प्रशासन मुस्तैद दिखी।

# बराही धाम में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर, पलामू एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- लालू कुमार यादव

**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के चर्चित बाराही धाम में 14 मई को 551 फीट ऊंची मां दुर्गा मंदिर व 151 फीट ऊंचा नवग्रह मन्दिर के निर्माण कार्य को लेकर होने वाले भूमि पूजन में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,भोजपुरी स्टार पवन सिंह, भोजपुरी गायक गुंजन सिंह,शंकराचार्य रामभद्राचार्य व झारखंड बिहार समेत पूरे भारत वर्ष से हजारों की संख्या में साधु संतों व लाखों की संख्या में धार्मिक श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर जिलाभर में हलचल तेज हो गया है। सोमवार को पलामू पुलिस



कप्तान रेशमा रमेशन, हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो, छतरपुर एसडीपीओ अवध कुमार यादव,विश्रामपुर एसडीपीओ राजेश यादव, एसडीपीओ राजेश रंजन, प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांश शुक्ल, हुसैनाबाद अंचलाधिकारी पंकज कुमार,इंस्पेक्टर सह हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी,हुसैनाबाद महिला एवं बाल संरक्षण थाना प्रभारी पार्वती कुमारी,एसआई अफजल अंसारी, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार,देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार सहित जिला के आलाधिकारियों ने तपती धूप में निर्माण परिषर,कार्यक्रम स्थल,सीएम के आगमन ,सुरक्षा व्यवस्था, हेलीपैड आदि स्थलों का विधिवत निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिया। कार्यक्रम में झारखंड बिहार सहित देश के अन्य राज्यों से विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, भोजपुरी कलाकार,कथा वाचक व भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। वहीं 11 मई से 13 मई 2025 तक देश की प्रसिद्ध कथा वाचिका पूज्य गौरांगी गौरी जी द्वारा संध्या 6 बजे से प्रवचन की जा रही है।

**आज 13 मई को भव्य झांकी निकाली जाएगी**

13 मई 2025 दिन मंगलवार को बराही धाम परिसर से गाजे बाजे के साथ भव्य झांकी निकाली जाएगी। झांकी बराही धाम परिसर से शुरू होकर सोन नदी के किनारे स्थित दंगवार होते हुए जपला तक जाएगी एवं पुनः बराही धाम पहुंचकर समाप्त होगी। वहीं 14 मई को भक्ति रसों में हुसैनाबाद क्षेत्र सराबोर होगा।

विदित हो कि इससे पूर्व 2022 में यहाँ दक्षिण मुखी हनुमान जी की 105 फीट ऊंचा मूर्ति का निर्माण कराया गया।14 मई का दिन ऐतिहासिक होगा जिसदिन 551 फीट ऊंची विश्व की सबसे ऊंची दुर्गा मां एवं 105 फीट ऊंचा नवग्रह मंदिर की आधार शिला रखी जानी है। जिसमे सीने स्टार से लेकर राजनेता,धार्मिक प्रबुद्ध सन्त महात्मा आदि लोगो को आगमन हो रहा हैं। मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव, शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव सह पलामू ज़िप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ़ टूटू सिंह, इवेंट मैनेजर आकाश सिंहा, हुसैनाबाद प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी, मुखिया सुदामा यादव प्रिंस सिंह, अजीत सिंह, एंकर रवि सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरिडीह में बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर गिरिडीह के सिहोडीह स्थित महामाया प्यारी देवी बुद्ध विहार एवं बुद्ध ज्ञान विद्यालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान बुद्ध का जन्मोत्सव मनाया गया।सुबह 6 बजे धमम यात्रा निकाली गई, फिर 11 बजे मानव कल्याण के लिए वंदना और प्रसाद वितरण हुआ। शाम को बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर बोधगया से पधारे भनते अशवजीत ने भगवान बुद्ध के जीवन और उनके आहार-विहार पर विचार साझा किए। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय, संस्था और भक्तजनों का विशेष योगदान रहा।

### नैनो उर्वरकों से बढ़ेगी उपज एवं घटेगी किसानों की लागत



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** इफको के क्षेत्र अधिकारी देव कुमार ने पीरटांड प्रखण्ड के बिशनपुर में आयोजित किसान सभा में किसानों को इफको नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि दानेदार उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से हमारी मिट्टी, पानी, हवा के साथ साथ मनुष्य का स्वास्थ्य भी ख़राब हो रहा है और इन सबसे छुटकारा पाने के लिए किसान भाइयों को दानेदार उर्वरकों के उपयोग को आधा करते हुए नैनो उर्वरकों का उपयोग अपने सभी फसलों मे करना चाहिए। नैनो उर्वरक दाम में कहीं सस्ता होने के साथ साथ यह मृदा, जल एवं हवा के प्रदूषण को कम करता है। इसके प्रयोग से फसलों के स्वास्थ्य एवं उपज में वृद्धि भी होती है साथ ही साथ कीट के प्रकोप को भी कम करता है। इस खरीफ में अपने सभी फसलों में नैनो उर्वरक उपयोग करने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया गया।

### गिरिडीहः तिसरी क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** जिले में दो अलग-अलग दुखद घटनाओं में दो लोगों की जान चली गई। पहली घटना तिसरी प्रखंड पेसरा टांड़ जंगल की है, जहां महेंद्र सिंह के पुत्र अरुण सिंह का शव सखुआ पेड़ से रस्सी के सहारे झूलता मिला। परिजनों ने पुलिस के आने से पहले ही शव को पेड़ से उतार लिया, जिसके बाद तिसरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना पचंबा थाना क्षेत्र के राजपुरा में हुई, जहां भंडारी गांव निवासी प्रकाश तुरी गिरिडीह दवा लेने जाते वक्त सड़क हादसे में घायल हो गए। इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### संकल्प सेवा फाउंडेशन द्वारा संचालित पियाऊ केन्द्र का मिश्रौल में विधायक ने किया शुभारंभ

- **राहगीरों के लिए शीतल पेय जल की व्यवस्था बनाई है जो पूरे गर्मी भर सेवा प्रदान करेगाः ईश्वर पांडेय**




**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- अबुल कलाम**

**टंडवा- (चतरा)** भीषण गर्मी को देखते हुए संकल्प सेवा फाउंडेशन झारखंड के द्वारा संचालित पियाऊ केन्द्र का मिश्रौल में शुभारंभ सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल दास के द्वारा किया गया। शुभारम्भ के दौरान विधायक ने कहा कि भीषण गर्मी के मद्देनजर राहगीरों के लिए शुद्ध ठंडा पेय जल की व्यवस्था किया गया है, फाउन्डेशन के द्वारा यह एक मानवीय सार्थक पहल है। संकल्प सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष ईश्वर पांडेय ने कहा कि इस फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सोंच है कि यदि उसने एक प्यासे को पानी पिला दिया, यदि एक मुरझाए ओठों पर मुकुराहट ला दी, यदि उन कुछ बुझी बुझी आंखों में प्रसन्नता ला दी तो हम सब अपना अहोभाग्य समझते हुए फाउंडेशन के उद्देश्य की पूर्ति को सार्थक समझेंगे। चूंकि अभी भी समाज में एक वर्ग ऐसा है, जिसके पास भूख से कई गुना अधिक भोजन है तो दूसरी ओर कुछ ऐसे भी हैं जिसके पास भोजन से अधिक भूख है, प्यास है। इसलिए यह पियाउ व्यवस्था सभी राहगीरों के लिए प्यास समाप्त करने में, प्यास मिटाने में बहुत ही सार्थक व उपयोगी साबित होगा। यह शीतल पेय जल पूरे गर्मी भर संचालित किया जाएगा। मौके पर विशेष रूप में प्रमोद कुमार सिंह, फाउंडेशन के सचिव प्रो0 जय प्रकाश रजक, सुमन भारतीय, धनंजय पांडेय, प्रवेश कुमार पांडेय, अभिनव मिश्रा, नरेश तिवारी, राजू सिंह, संदीप कुमार व अन्य उपस्थित थे।

# हाईवे किनारे चल रहा था गौवंश का अवैध कत्लखाना, बगोदर पुलिस की छापेमारी में हुआ बड़ा खुलासा

**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में तिरला मोड़ के पास एक पुराने मकान में चल रहे अवैध गौ- वंशीय पशुओं के कत्लखाने का पर्दाफाश हुआ है। यह कत्लखाना नेशनल हाईवे के किनारे गुप्त रूप से संचालित किया जा रहा था। बगोदर पुलिस ने शनिवार रात को गुप्त सूचना के आधार पर इस ठिकाने पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को मौके से मवेशियों का चमड़ा, हड्डियां, एक 407 वैन, एक ऑटो और एक मोपेड बरामद हुई। साथ ही पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर



गिरिडीह जेल भेज दिया है। इस मामले में बगोदर थाना में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों में मोईन उदीन कुरैशी और इमरान कुरैशी नामक दो सगे भाई शामिल हैं, जो हुसैन नगर, बगोदर के निवासी हैं। वहीं अन्य दो आरोपी बंगाल निवासी दीपंकर सदर (मिनी ट्रक चालक) और देवाअनीष नोसको (खलासी) हैं। पुलिस ने मौके से मिनी ट्रक (डब्लू बी19क्यू-6907), ऑटो (जेएच11यू-2778) और मोपेड (जेएच11एआर-7618) को जब्त किया है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि कत्लखाने में मांस, हड्डियों और चमड़ों को तैयार कर बड़े वाहनों के जरिए पश्चिम बंगाल भेजा जाता था। पुलिस ने जब्त किए गए मवेशियों के अवशेषों को नियमानुसार गाड़ दिया है और कुछ सैंपल को जांच के लिए भेजा गया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि इस कत्लखाने का संचालन नुरूल होदा, बारिक अंसारी और हेसला टांड़ निवासी एहसान अंसारी जैसे स्थानीय लोगों द्वारा किया जा रहा था। वहीं, हेसला के आजाद अंसारी उक्त मकान का किराया लेते थे और कत्लखाने के संचालन में परोक्ष रूप से शामिल थे। थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के अलावा इस मामले में कई अज्ञात लोगों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में जब्त किए गए वाहनों के मालिकों की भी पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। इस पूरे मामले का खुलासा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सतर्कता से हुआ। उन्हें इस अवैध कत्लखाने की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने मौके पर जाकर स्थिति की पुष्टि की और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही बगोदर पुलिस मौके पर पहुंची और छापेमारी कर पूरे गिरोह को बेनकाब किया। यह कार्रवाई न सिर्फ कानून व्यवस्था की दृष्टि से अहम है, बल्कि धार्मिक और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए भी जरूरी कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर कौलेश्वरी में शांति एवं अहिंसा का संदेश

- **बुद्धा पार्क में मनाया जन्मोत्सव, बुद्ध प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर अंग वस्त्र समर्पित**
- **विश्व को महात्मा बुद्ध के संदेशों की जरूरतः रौशन**
- **विश्व में बुद्ध का विचार अनुकरणीयः अरुण**
- **विश्व में दिया बुद्ध ने शांति एवं अहिंसा का संदेशः रवि**

**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज के विश्व ख्याति प्राप्त तीन धर्मो का संगम स्थित कौलेश्वरी पहाड़ के तराई में हटवारिया बुद्धा पार्क में में सोमवार को भगवान बुद्ध का 2588वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलित करते हुए अंग वस्त्र समर्पित किया। हंटरगंज मंडल उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधी रौशन कुमार सिंह ने कहा कि विश्व को आज के समय में महात्मा बुद्ध के विचारों की जरूरत है । महात्मा बुद्ध के विचार ने पूरे दुनिया में शांति , प्रेम एवं भाईचारा स्थापित किया है । महात्मा बुद्ध के विचार से मानव-मानव में जुड़ाव एवं भाईचारा स्थापित हो सकती है। हम लोग भाग्यशाली हैं कि महात्मा बुद्ध जैसे महापुरुष हमारे भारत में जन्म लिए और महात्मा बुद्ध के विचार आज थाईलैंड , कोरिया , जापान , श्रीलंका , म्यांमार , भूटान आदि कई देशों में पालन किये जा रहे हैं । उन्होंने आगे कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पूरे भारत में कई कार्यक्रम होते हैं । महात्मा बुद्ध के संदेश को फैलाये जाते हैं। हमें महात्मा बुद्ध के जीवन से कई सीख लेने की जरूरत है क्योंकि महात्मा बुद्ध 24 घंटे में मात्र एक बार खाना खाते थे और वह भी



खाना भीक्षा मांग कर खाते थे ।हमें यह जरूर जानना चाहिए कि महात्मा बुद्ध राज परिवार में जन्म लिए । वह चाहते तो ऐशो आराम की जिंदगी जी सकते थे । लेकिन मानव जीवन की दुख को समझने के लिए मानव जीवन क्या है। यह तथ्य को समझने के लिए राजमहल त्याग कर वह जंगल में चिंतन करने के लिए साधना करने के लिए निकल पड़े और बोधगया में उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई । उनका प्रवचन बनारस में उनके द्वारा दिया गया जिसे सुनकर देश-विदेश तक फैलाया गया । वही भाजपा मंडल अध्यक्ष हंटरगंज अरुण कुमार चौरसिया ने कहा कि महात्मा बुद्ध विश्व के प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक माने जाते हैं । आज के ढाई हजार साल पहले महात्मा बुद्ध का जन्म भारत के राज परिवार में हुआ था । वह अपना राजकीय जीवन त्याग कर एक बौद्ध भिक्षु बनाकर भिखारी बनकर वे ज्ञान की तलाश में भटकते रहे और बोधगया में पीपल वृक्ष जिसे आज बोधि वृक्ष कहा जाता है के नीचे महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति हुई । महात्मा बुद्ध ने लोगों को अष्टांगिक मार्ग दिया कि उस मार्ग पर चलकर हम मानवीय समाज में शांति स्थापित कर सकते हैं। मानवों को प्रेम से जोड़ सकते हैं । वही इस मौके पर कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति के संस्थापक सदस्य सह सामाजिक चिंतक एवं विशलेषक समाजसेवी शिक्षक रविंद्र कुमार रवि ने बताया कि महात्मा बुद्ध ने पूरे दुनिया में सत्य , अहिंसा , प्रेम एवं शांति का पाठ पढ़ाया । उन्होंने चोरी व्यभिचारी , झूठ , बेईमानी शैतानी आदि अमानवीय कुकृतियों को समाज से भरपूर हटाने का काम किया । राज परिवार में जन्म लेने के बाद भी वे जीवन की सच्चाई को समझने के लिए घर से निकल पड़े और बोधगया में उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई । उसके बाद उन्होंने अपना पहला प्रवचन सारनाथ बनारस में दिया। उनके जीवन की सिद्धांत को राजा महाराजाओं ने अपनाया एवं देश-विदेश तक उनके महत्वपूर्ण संदेश को फैलाया गया । वही सुनील कुमार दास (कोबना) ने कहा कि महात्मा बुद्ध आज के लगभग ढाई हजार साल पहले दुनिया में जन्म लेकर के दुनिया की समस्याओं को उनकी जड़ तक पहुंचने का प्रयास किया और मानव के दुखों का कारण एवं पीड़ा की कारण एवं मानव को पीड़ा से छुटकारा एवं मुक्ति कैसे मिलेगी उसका निवारण भी महात्मा बुद्ध ने चिंतन कर पूरे दुनिया को एक नया विचार दिया। वही संतोष कुमार पासवान ने कहा कि महात्मा बुद्ध की जीवन शैली पूरे दुनिया को प्रभावित करती है ।आज जहां लोग लड़ने की बात करते हैं महात्मा बुद्ध ने युद्ध से बचने का पसंदेश दिया । लड़ाई झगड़ा से परे रहने की बात कही थी। भेदभाव मिटाने की बात कही थी मानवीय जीवन मानवों के लिए बनाने की बात कही थी । अरुण कुमार दास (कोबना) ने बताया कि हमें महात्मा बुद्ध के जितने भी सिद्धांत हैं उन्हें जरूर पालन करना चाहिए । महात्मा बुद्ध ने मानव जीवन को सर्वोत्तम बनाने के लिए कई विचार दिए हैं । आज पूरे दुनिया मे इस विचार से प्रेम , भाईचारा एवं शांति स्थापित हो सकती है।

### गोड्डा में सड़ रहा सरकारी अनाज, एफसीआई की लापरवाही पर राजकुमार राज ने उठाए गंभीर सवाल



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** भारतीय खाद्य निगम सलाहकार समिति झारखंड के पूर्व सदस्य राजकुमार राज ने झारखंड में भारतीय खाद्य निगम के अनाजों के रखरखाव एवं ट्रांसपोर्टिंग से लेकर हैंडलिंग तक के संवेदकों की कार्यशाली पर सवाल उठाया है और कहा कि यह जानकारी प्राप्त हुई है कि तीन-तीन एरिया मैनेजर के ब्लैकलिस्टेड करने की रिपोर्ट के बावजूद भी एक संवेदक को ब्लैक लिस्ट नहीं किया जा रहा है आज की घटना है की पोडिया हॉट गोड्डा में हजारों टन अनाथ गोदाम के बाहर पानी और धूप में खराब हो रहा है स्थानीय मजदूरों ने खबर किया है कि नहीं इसका रखरखाव हो रहा है नहीं इसको रिसेट किया जा रहा है ऐसी स्थिति में भारतीय खाद्य निगम जो भारत सरकार के द्वारा अनाज का संरक्षण करती है उसे पर सवाल उठता है एक खास संवेदक को प्रसन्न करने के लिए विभागीय लापरवाही बरती जा रही है श्रीराज ने कहा शीघ्र ही इस संबंध में माननीय मंत्री उपभोक्ता मामले एवं खाद आपूर्ति को मिलकर अपनी बात रखेंगे और झारखंड में भारतीय खाद्य निगम के पूरे खेल को बताएंगे।

### रामगढ़ बाजार चौक समेत तीन क्षेत्रों में जामा विस के झामुमो विधायक डॉ लुईस मरांडी के विधायक निधि से लगेगा हाई मास्क लाइट



**रामगढ़ /रामजी साह।**
जामा विस के झामुमो विधायक डॉ लुईस मरांडी के विधायक निधि 15.84 लाख रुपये की लागत से रामगढ़ बाजार चौक ,भालसुमर दुर्गा मंदिर परिसर तथा गंगवारा मवेशी हाट परिसर में हाई मास्क लाइट जगाया जायेगा।इस आशय की जानकारी सोमवार को एनआरपी विभाग के कनिय अभियंता प्रफुल्ल पटेल ने दिया। उन्होंने यह भी बताया प्रति हाई मास्क लाइट की लागत 5.28 लाख रुपये है।जो आगामी एक सप्ताह के अंदर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
यहां बता दें कि विधानसभा चुनाव के दोरान तीनों क्षेत्रों की जनता ने हाई मास्क लाइट लगवाने की मांग डॉ लुईस मरांडी से किया था जिसपर डॉ लूईस मरांडी ने लोगों को आश्वासन दिया था विधायक बनने के बाद आपके मांग को पुरा किया जायेगा।और विधायक बनने के बाद विधायक डॉ लुईस मरांडी ने लोगों से किये वादों को पुरा करके दिखा दिया कि हम लोगों से कभी झुठी आश्वासन नहीं देते हैं बल्कि जामा और रामगढ़ प्रखंड में समग्र विकास करना उनकी प्रथम प्राथमिकता होगी।वहीं विधायक डॉ लुईस मरांडी के इस पहल से रामगढ़ बाजार,भालसुमर तथा गंगवारा के लोगों ने विधायक डॉ लुईस मरांडी के प्रति आभार व्यक्त किया है।तथा लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# ब्राउन शुगर कारोबारियों के खिलाफ हजारीबाग पुलिस की बड़ी कामयाबी

**पांच ब्राउन शुगर कारोबारियों को किया गिरफ्तार**

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** अवैध ब्राउन शुगर कारोबारियों के खिलाफ हजारीबाग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच ब्राउन शुगर कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। हजारीबाग आरक्षी अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि पिकअप सं0- जे0एच0 02 ए0आर0 6716 एवं हुंडई आई 20 से ब्राउन सुगर का खरीद ब्रिकी करने हेतु बड़ा बाजार ओ0पी0 क्षेत्र अन्तर्गत इलिजाबेथ स्कुल के पास मिशन ग्राउण्ड में आने वाले है। उक्त सूचना पर त्वरीत कार्रवाई करते हुये अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग अमित अनांद के नेतृत्व में सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा उक्त स्थान पर पहुँच कर आसपास छुपाव स्थान में उपलब्ध बल को तैनात कर दिया गया कुछ समय के बाद हुंडई आई 20 आया एवं जिसके कुछ समय के बाद पिकअप वाहन आया और



दोनों वाहन से 04-05 व्यक्ति आपस में कुछ लेन देन करके जाने लगे तभी पुर्व से तैनात पुलिस बल के द्वारा उन सभी को खदेड़ कर पकड लिया गया जिसके पास से तलाशी के क्रम में सभी के पास से अलग-अलग मात्रा में अवैध ब्राउन सुगर एवं नकद रूपया बरामद किया गया तथा अवैध ब्राउन सुगर को विधिवत जप्त किया गया तथा इस संबध में सदर (बड़ा बाजार ओ0पी0) थाना कांड सं0- 137/25 दिनांक 12.05.2025 धारा-317 (5) बी0एन0एस0 एक्ट 2023 एवं 21 (ए) (बी) / 22 (ए) (बी) NDPS Act 1985 दर्ज किया गया है।-
पुलिस ने 52.95 ग्राम ब्राउन सुगर, 03 मोबाईल फोन, 51,300 नगद रूपये, पिकअप वाहन सं0 जे0एच0 02 ए0आर0 1667, हुंडई आई 20 सं0 डी0एल0 07 सी0एम0 8593 बरामद किया।
गिरफ्तार अभियुक्त में अंगलेश कुमार, उम्र करीब 37 वर्ष, सा0- गिद्धौर, मैन चौक, थाना-गिद्धौर, जिला-चतरा, संदीप कुमार, उम्र करीब 22 वर्ष, सा0-गिद्धौर, मैन चौक, थाना-गिद्धौर, जिला-चतरा, मो0 रिजवान, उम्र-36 वर्ष, सा0- बड़ा बाजार, सुभाष मार्ग, थाना- सदर (बड़ा बाजार ओ0पी0) इमरान खान उर्फ राजा, उम्र करीब 32 वर्ष, सा0-हबीबी नगर, थाना- बड़ा बाजार, शाहील खान उर्फ आलिम, उम्र 22 वर्ष, सा0-रहमत नगर, थाना-पेलावल ओ0पी0, जिला-हजारीबाग शामिल थे।
छापामारी दल में अमित आनंद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग, पु0अ0नि0 बिट्टु रजक, ओ0पी0 प्रभारी, बड़ा बाजार ओ0पी0 2
पु0अ0नि0 राज बल्व थाना प्रभारी कटकमसांडी,
पु0अ0नि0 सुधिर कुमार सदर बड़ा बाजार ओ0पी0
स0आ0नि0 उपेन्द्र सिंह बड़ा बाजार ओ0पी0
आरक्षी 526 अजीत कुमार बड़ा बाजार ओ0पी0
SP QRT टीम और रिजर्व गार्ड कटकमसांडी एवं बड़ा बाजार, ओ0पी0 शामिल थे।

### अनियंत्रित हाइवा से वृद्ध की मौत के बाद पुलिस ने चालक को भेजा जेल



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के भीमडाहा गांव में शनिवार को देर रात्रि अनियंत्रित हाइवा ने सड़क किनारे बैठे तीन लोगों को रौंद दिया था। हादसे में एक वृद्ध की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बेकाबू हाईवा के आरोपी चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में चतरा भेज दिया है। चालक संजय पासवान के पुत्र पवन कुमार बिहार के गया जिला के परैया थाना क्षेत्र के इटावा गांव का रहने वाला था। घटना इतना दर्दनाक था कि तेज गति से आ रही हाईवा अनियंत्रित होकर घर के पास बैठे तीन लोगों को कुचलते हुए सड़क एक मारुति वैन से टक्कर मार सीधे मकान से जा टकराई थी। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई थी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ड्राइवर को घर के एक कमरा में बंद कर दिया था। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों की चुंगल से छुड़ाकर चालक को गिरफ्त में ले थाना ले आए थी। सोमवार को पुलिस ने चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## शादी की खुशियाँ मातम में बदलीं: गिरिडीह में दर्दनाक सड़क हादसा, दो युवकों की मौत, चार गंभीर

**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जोड़ापहाड़ी के पास रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में शादी की खुशियाँ मातम में बदल गईं। बोलेरो वाहन, जिसमें सात लोग सवार थे, शादी समारोह से लौटते वक्त एक पेड़ से टकरा गई। इस भीषण टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि बोलेरो के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए



और वाहन में बैठे लोग बुरी तरह फंस गए। मृतकों की पहचान संतोष कुमार वर्मा और बिनोद कुमार दास के रूप में की गई है। दोनों युवक शादी में शामिल होकर लौट रहे थे और हादसे के समय बोलेरो के अगले हिस्से में बैठे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन की रफ्तार काफी तेज थी और अचानक वह असंतुलित होकर सीधे सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से टकरा गई। आसपास के लोगों ने शोर सुनकर मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया।
बताया जा रहा है कि हादसा ड्राइवर को झपकी आने की वजह से हुआ। नींद की झपकी के चलते चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। हादसे के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं घायलों का इलाज गिरिडीह सदर अस्पताल में चल रहा है, जिनमें चार की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर किया जा सकता है। इस दुर्घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गई और शादी का पूरा माहौल मातम में तब्दील हो गया। हादसे की खबर जैसे ही गांव में पहुँची, पूरा इलाका शोक में डूब गया। लोग यह विश्वास नहीं कर पा रहे थे कि खुशी के इस मौके पर इतनी बड़ी घटना घट सकती है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर सेना के लिए किया सामूहिक हवन



**आदिवासी एक्सप्रेस /बौसी (बांका)**

भारतीय सेना के शौर्य पराक्रम और साहस के दम पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से देश के लोग काफी खुश है। जिसे लेकर देश में तरह-तरह की उत्साह बढ़ाने का कार्य किया जा रहे हैं। मंदार प्रखंड क्षेत्र में ऊपर नीमा ग्राम में गायत्री परिवार द्वारा सैनिक की सुरक्षा और विजय के लिए हवन किया गया। लोगों ने कहा कि देश के सेना हमारा गर्व है और इनका हौसला बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य है उन्होंने बेहतरीन जीत हासिल किया है और देश के दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया है इस मौके पर पंडित नागेंद्र मांझी महादेव मण्डरेश्वर मांझी ईश्वर मांझी और नरेश मांझी ने हवन किया काफी संख्या में महिला भी मौजूद थे। देश के सैनिकों के नाम से हवन किया गया और में काफी संख्या में लोग शामिल हुए दुश्मनों के छक्के छुड़ाने वाले सैनिकों की जय कही गई।

### दो बाइक के सीधे टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी



**बांका कटोरिया से श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका कटोरिया के आरपाथर-चिड़ैयांमोड़ रोड में पड़रिया मोड़ के पास दो बाईक की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। जिसमें दोनों बाइक सवार 4 लोग गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गए। जख्मी में जयपुर थाना क्षेत्र के कोल्हासार निवासी पलटू यादव, उसकी पत्नी चित्रलेखा देवी एवं 7 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार एवं कटोरिया थाना क्षेत्र के जमुआ निवासी श्रीकांत यादव शामिल है। जिसे इलाज के लिए कटोरिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जख्मी के परिजन ने बताया कि पलटू यादव अपनी पत्नी व बच्चे के साथ रिखिया राजदह गांव से वापस घर लौट रहा था। जबकि श्रीकांत यादव बाईक द्वारा घर से कटोरिया थाना क्षेत्र के बलियामहरा जा रहा था। इसी दौरान पड़ड़िया मोड़ के पास दोनों बाईक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें चारों गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी सभी को ईलाज के लिए कटोरिया अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर बिनोद कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार कर जख्मी पलटू यादव, उसके पुत्र अंकित, एवं श्रीकांत यादव को देवघर रेफर कर दिया गया।

### पूर्वी सिंहभूम:मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों की लिस्ट में गड़बड़ी




**संवाददाता द्वारा**

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम में मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ियों का पता चला है। पूर्वी सिंहभूम जिले के डिप्टी कमिश्नर अनन्या मित्तल ने संभावित अनियमितताओं पर चिंता जताते हुए सभी प्रखंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और अंचल निरीक्षकों (सीआई) को जांच करने और तीन कार्य दिवसों के भीतर रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। प्रारंभिक जांच के बाद,मित्तल ने कहा कि यह संज्ञान में आया है कि योजना के कई लाभार्थियों को एक ही बैंक खाते के माध्यम से धन प्राप्त हुआ है,जो योजना के दिशानिर्देशों का उल्लंघन है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है,÷सभी बीडीओ और सीआई को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर वास्तविक लाभार्थियों की सूची को सत्यापित करने और तीन कार्य दिवसों के भीतर जिला मुख्यालय को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।÷ बयान के अनुसार,जिले भर के 2,912 बैंक खातों से दो या दो से अधिक लाभार्थियों को लाभ मिला है।

बयान में आगे कहा गया है कि ऐसे सबसे ज्यादा मामले निम्नलिखित अंचलों और प्रखंडों से सामने आएप्पोटका (573),जमशेदपुर अंचल (390),गोलमुरी-सह-जुगसलाई (388),मानगो अंचल (300),घाटशिला (271),बोड़ाम (191),चाकुलिया प्रखंड (164),गुड़ाबंधा (122),पटमदा (113),डुमरिया (111),बहरागोड़ा (99), मुसाबनी (97),धालभूमगढ़ (81) और चाकुलिया अंचल (10)।

कड़ी चेतावनी जारी करते हुए,अनन्या मित्तल ने कहा,÷ऐसी अनियमितताओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपात्र लाभार्थियों के नाम सूची से हटा दिए जाएंगे, और वितरित की गई राशि उनसे वसूल की जाएगी।÷ उन्होंने आगे चेतावनी दी कि ऐसे धोखाधड़ी वाले कार्यों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

मंईयां सम्मान योजना का उद्देश्य जरूरतमंद और योग्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है और इसके लाभ केवल सही लाभार्थियों तक ही पहुंचने चाहिए। ज़िला प्रशासन ने आम जनता और योजना के लाभार्थियों से सटीक जानकारी प्रदान करने की अपील भी की। बयान में आगे कहा गया,÷अगर किसी को योजना के तहत अनियमितताओं की जानकारी है,तो उन्हें आगे आकर प्रशासन को सूचित करना चाहिए,जो तुरंत कार्रवाई करेगा।

7इधर भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज़ ने ÷मंइयां सम्मान योजना÷ के तहत 5.46 लाख बहनों-बेटियों को अपात्र ठहराने के निर्णय पर नाराज़गी जताई है. कहा कि यह निर्णय हेमंत सोरेन सरकार की दोहरी नीति और वोट बैंक राजनीति का स्पष्ट प्रमाण है, जिसने पहले इन गरीब बहनों-बेटियों को योजना में शामिल कर वोट बटोरे. अब चुनाव बाद उन्हें अपात्र बताकर अपमानित किया जा रहा. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक भी बहन-बेटी से वसूली की गई तो भारतीय जनता पार्टी बहनों-बेटियों का अपमान क़तई बर्दाश्त नहीं करेगी. राफिया ने कहा कि हेमंत सरकार पैसे देकर वोट लेती है, फिर सत्ता में आने के बाद वसूली करती है. यही इनका असली चरित्र है.

# बारातियों से भरी बस पर गिरा 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार; पल भर में दो जिंदा जले, 18 गंभीर रूप से झूलसे




**बांका कटोरिया से श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका कटोरिया क्षेत्र के जयपुर थानान्तर्गत कोल्हासार पंचायत के कल्हाडिंडा गांव के रोड में एक बस पर सवार कई बाराती हाइटेंशन बिजली की तार के चपेट में आकर झुलस गए। जानकारी के अनुसार बारात बौंसी थाना क्षेत्र के कुम्हरभाग गांव से कल शाम को लगभग एक सो लोगों का जत्था बस द्वारा कटोरिया क्षेत्र के कोल्हासार पंचायत अन्तर्गत बाराकोला गांव गई थी. जहां केवलाल राय की पुत्री अर्चना कुमारी की विवाह रात्री में हुई एवं सुबह बारात लौटने के क्रम में यह हादसा हुआ. कुछ लोग बस में ऊपर बैठकर सफर कर रहे थे. जिसमें से किसी युवक के हांथ में धुप से बचनें के लिए पलाश पेड़ की टुटी हुई हरे पत्तों की टहनी पकड़े हुए थे। जो हाइटेंशन तार के संपर्क में आ गए. तार में 11000 वोल्ट का करंट दौड़ रहा था. जिससे मौके पर ही बौंसी थाना क्षेत्र के कुम्हरभाग गांव के अजबलाल सिंह के 14 वर्षीय किशोर संतोष कुमार और तेलियाकुरा गांव के तेवारी पहाड़िया के 35 वर्षीय युवक बिजय पहाड़िया की मौत हो गई. हादसे में झुलसे करीब 18 घायलों में से सात की हालत गंभीर है, जिनका बचना मुस्किल है। जिन्हें देवघर एवं बांका तथा भागलपुर रेफर किया गया है. स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि जर्जर तारों की शिकायत पहले भी एक बच्चे की बिजली करंट के तार में झुलसनें पर की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. जिनके बाद आज विभाग की लापवाही से घटना हुई। हादसे की सूचना मिलते ही जयपुर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची. स्थिति का जायजा लिया गया और घायलों को तत्परता से इलाज के लिए भेजा गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच की जा रही है. ये हादसा बस नंबर JH-04R/2218 में हुई है। जिसमें मुख्य घायल सुमन कुमार, लक्ष्मी कुमारी, सिकार मुर्मू, पार्वती कुमारी, राजेन्द्र सिंह, सुनील मुर्मू, पुजा कुमारी, जया कुमारी , मंदकिशोर सिंह, मुकेश कुमार, महेंद्र सिंह, शिवम कुमार के साथ अनेकों लोग झुलसे हैं। वहीं आरपत्थर मेन रोड से सोंरी गांव जानें वाले ग्रामीण रोड में तीन साल से तार व पोल झुका है। जिनको लेकर ग्रामीण राजेश यादव द्वारा बिजली विभाग के जेई को कई बार बोला गया लेकिन अभीतक लापरवाही के कारण तार नही उठाया गया है। जिनसे कभी भी हादसा हो सकती है।

# नवीन जिन्दल किसानों के कल्याण के लिए हैं प्रयासरतः तेजिंदर सिंह गोल्डी

- नवीन जिन्दल के प्रयास आने वाले समय में रंग लाएंगेः कैलाश सैनी
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में किसान मेले का हुआ भव्य समापन, प्रगतिशील किसानों और स्टार्टअप उद्यमियों को किया गया सम्मानित



**कुरुक्षेत्र, (आरएनएस)।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन और इरमा आईसीड के संयुक्त तत्वावधान में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के प्रांगण में आयोजित किसान मेले का समापन समारोह आज उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। किसान मेले के समापन कार्यक्रम में तेजिंदर सिंह गोल्डी ने सांसद नवीन जिन्दल को एक कर्मठ और समाजसेवी व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल अपने पिता स्व. श्री ओपी जिन्दल से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय हैं। सांसद नवीन जिन्दल किसानों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

इस कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल की प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की यह पहल सराहनीय है और आने वाले समय में यह एक मील का पत्थर साबित होगी और रंग लाएगी। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों के साथ-साथ नवीन जिन्दल टीम के सदस्य, प्रगतिशील किसान, नवाचार कर रहे युवा स्टार्टअप प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, वॉलंटियर तथा अनेक गणमान्य अतिथि शामिल हुए। समापन समारोह में प्रगतिशील किसानों, स्वयं सहायता समूहों और नवाचार करने वाले स्टार्टअप प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर सांसद नवीन जिन्दल के मीडिया सलाहकार डॉ. राज कुमार ने मेले की उपलब्धियों के साथ-साथ आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल प्राकृतिक खेती से जुड़ी अनेक योजनाओं को चलाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं, और यह किसान मेला इस दिशा में पहला महत्वपूर्ण पड़ाव है।

इस अवसर पर हरियाणा तालाब प्राधिकरण के सदस्य श्री तेजिंदर बिडलान, कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. करमचंद, नवीन जिन्दल फाउंडेशन के प्रतिनिधि, धर्मवीर सिंह, कर्नल अरुण चंदेल, मनीष मिश्रा, सुदीप द्विवेदी, अमित रांगटा, कृष्मन सिंह, डॉ. आबिद अली, भूषण पाल मंगला, राहुल ढींगरा, राजेश सिंहमार, आकाश राणा और पिहोवा हल्का इंचार्ज जीत राम सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे।

# असम के बरपेटा में 35वीं रजनीकांत देव शर्मा स्मृति प्रांतीय एवं क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता सफलता पूर्वक सम्पन्न



**पंकज नाथ,**
**आदिवासी एक्सप्रेस, असम**

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की संबद्ध शिशु शिक्षा समिति, असम द्वारा शंकरदेव शिशु निकेतन, बरपेटा रोड में 10 मई से 12 मई 2025 तक आयोजित 35वीं रजनीकांत देव शर्मा स्मृति प्रांतीय एवं क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आज सफल समापन हुआ। गुवाहाटी के जू-रोड स्थित शिशु शिक्षा समिति, असम के कार्यालय में प्रांतीय प्रचार प्रमुख मुकुतेश्वर गोस्वामी ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि समापन समारोह में पूर्वोत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, क्षेत्रीय खेल प्रमुख रंजीत कुमार शैकिया तथा निकेतन के संचालन समिति के विशिष्ट पदाधिकारियों ने विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी छात्र-छात्राएं आगामी विद्या भारती के राष्ट्रीय खेल समारोहो में भाग लेने के लिए चयनित हुए। गुवाहाटी विभाग को सर्वश्रेष्ठ दल का खिताब मिला, लखीमपुर विभाग को सर्वश्रेष्ठ अनुशासन टीम तथा शिवसागर विभाग को सर्वश्रेष्ठ मार्च-पास्ट टीम के रूप में पुरस्कृत किया गया। समापन भाषण में डॉ. तिवारी ने कहा, नवभारत के निर्माण में छात्रों को प्रमुख भूमिका निभानी होगी। शारीरिक शिक्षा छात्रों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण आधार है। खेलों के माध्यम से छिपी हुई प्रतिभा को निखारना संभव है और इन्हीं प्रयासों से हम देशमाता का गौरव बढ़ा सकते हैं।÷ उन्होंने सभी विजयी और प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधितों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

# साइबर क्राइम और नशामुक्ति को लेकर जन जागरूकता अभियान, छतरपुर पुलिस की पहल



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**छत्तरपुर, पलामू।** छतरपुर पुलिस की ओर से लठेया पिकेट द्वारा सुशीगंज गांव में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में गांव के महिलाएं, पुरुष एवं छात्र-छात्राएं, बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। पुलिस टीम का नेतृत्व करते हुए महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी उपस्थित लोगों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी दी और नशामुक्त जीवन शैली अपनाने का अनुरोध किया। गांव की महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया। साइबर अपराध के बढ़ते खतरे को देखते हुए उससे बचाव के उपाय बताया तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में मोबाइल का सदुपयोग, डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास, बच्चों के विरुद्ध हो रहे अपराध, यौन शोषण, और घरेलू हिंसागंभीर विषयों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। इन अपराधों से बचाव और उनका विरोध करने के उपाय भी बताए गए। उपस्थित लोगों की समस्याएं भी सुनी गई और समाधान का आश्वासन दिया गया। लठेया पीकेट प्रभारी धर्मवीर यादव ने भी पंचायत एवं गांव के महिलाएं एवं पुरुष को बाल विवाह और बच्चों में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को रोकने हेतु अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को पढ़ाई के प्रति रेत करें और उनके उज्जवल विष्य की दिशा में सहयोग करें। कसी भी प्रकार की आपात स्थिति टोल फ्री नंबर 112 पर संपर्क कर त्वरित सहायता प्राप्त करने की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में छतरपुर महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी, पिकेट प्रभारी धर्मवीर यादव, सुशीगंज मुखिया सुदामा पासवान, पूर्व मुखिया पंकज पासवान सहित पंचायत के सैकड़ों महिलाएं, पुरुष मौजूद थे।

### हरियाणा ने शांति, समानता और सामाजिक न्याय को लेकर दोहराई अपनी प्रतिबद्धताः रवि कुंडली



**हरियाणा, (आरएनएस)।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) अधिवक्ता रवि (सोनू) कुंडली ने प्रदेशवासियों व देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। गौतम बुद्ध के विचारों को सामाजिक समरसता और न्याय की दिशा में आज भी प्रासंगिक बताते हुए, उन्होंने कहा कि बुद्ध के संदेश - शांति, करुणा और अहिंसा, आज के समाज में बराबरी और सम्मान की आवश्यकता को समझने के लिए बहुत जरूरी हैं, खासकर उन वर्गों के लिए जो लंबे समय से भेदभाव और अन्याय का सामना कर रहे हैं। अधिवक्ता कुंडली ने गौतम बुद्ध और डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को एक-दूसरे से जुड़ा हुआ बताते हुए कहा कि बाबा साहब ने 1956 में बौद्ध धर्म को अपनाकर सामाजिक असमानता के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम उठाया था, जो आज भी दलित समाज के आत्मसम्मान और मुक्ति के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। ÷डॉ. अंबेडकर का धर्मांतरण केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का मजबूत संदेश था, जो दर्शाता है कि अन्याय और भेदभाव के खिलाफ शांतिपूर्ण विकल्प मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) हरियाणा में दलित समाज के अधिकारों के लिए लगातार कार्य कर रही है और पार्टी का उद्देश्य सामाजिक बदलाव और समानता की दिशा में आगे बढ़ना है।रवि कुंडली ने कहा कि आज जब समाज में विभाजन और वैमनस्य की स्थितियाँ उभर रही हैं, तब बुद्ध के विचारों को अपनाकर संवाद और आपसी सम्मान की भावना को बढ़ाना ज़रूरी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे गौतम बुद्ध और अंबेडकर के विचारों को पढ़ें, समझें और अपने जीवन में अपनाएं, साथ ही उन्होंने युवाओं से यह अपील की कि वे सामाजिक न्याय, समानता और अहिंसा के मूल्यों को मजबूत करें और इन सिद्धांतों के साथ समाज में बदलाव की भूमिका निभाएं।

### सीसीएल के चंद्रगुप्त से जुड़े सवालों के घेरे में रैयतों ने प्रेस कांफ्रेंस कर प्रेस मीडिया के समक्ष रखेंगे अपनी बात

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- अबुल कलाम**

**टंडवा- (चतरा)** केरेडारी सिमा स्थित बुकरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन मंगलवार 13 मई 2025 समय दोपहर तीन बजे ग्राम बुकरु आम बगीचा में आयोजन किया जाएगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में टंडवा केरेडारी के सभी सम्मानित प्रिंट इलेक्ट्रानिक मीडिया को आमंत्रण किया गया है। आप सभी सम्मानित पत्रकार भाइयों से समय पर आकर हक अधिकार की लड़ाई में आवाज को बुलन्द करने के लिए आप सभी को शामिल होना ज़रूरी है। मामला सीसीएल से जुड़े हुए सवाल को दरसाता है। चंद्रगुप्त कॉल परियोजना पर माननीय झारखंड उच्च न्यायालय का आदेश रैयत के हित में आने से रैयतों में देखा जा रहा है कि खुशी का लहर दौड़ता हुआ देखने को मिल रहा है इसी को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रेस इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया के समक्ष प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा उस आयोजन में आप चंद्रगुप्त के भू-रैयत भी शामिल होंगे इसकी जानकारी टंडवा बुकरू रैयत संतोष नायक ने दी।

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भाजपा की पंचायत चुनाव जीत का श्रेय सामूहिक नेतृत्व और प्रधानमंत्री की लोकप्रियता को दिया



**पंकज नाथ,**
**आदिवासी एक्सप्रेस, असम**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कल रविवार को राज्य के पंचायत चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत का श्रेय पार्टी के मजबूत नेतृत्व, रणनीतिक समन्वय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्थायी लोकप्रियता को दिया है । पंचायत चुनाव नतीजों के बाद बोलते हुए मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने इस चुनाव में हमारा नेतृत्व किया है। शुरू से ही हमें विश्वास था कि उम्मीदवारों के चयन से लेकर गठबंधन तक सभी चीजों को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद हम भारी जीत हासिल कर पाएंगे। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि यह अभियान एक सामूहिक प्रयास था, जिसमें केंद्रीय मंत्रियों, राज्य मंत्रियों, विधायकों और पार्टी नेताओं की सक्रिय भागीदारी थी। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि, राज्य भाजपा अध्यक्ष के सुझाव के बाद सभी केंद्रीय मंत्रियों, राज्य मंत्रियों, विधायकों और सभी भाजपा नेताओं ने इस चुनाव में हिस्सा लिया था। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्व असम के मुख्यमंत्री तथा वर्तमान के केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव तथा सांसद कामाख्या प्रसाद तासा, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली और केंद्रीय राज्य मंत्री पबित्र मार्घेरिटा सहित कई प्रमुख नेताओं को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि, असम के प्रति प्रधानमंत्री का प्यार और उनकी शुभकामनाएं हमें प्रेरित करती हैं। उन्होंने इस पंचायत चुनाव में असम के लोगों से मिले भारी समर्थन का श्रेय लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोगे के ऊपर छोड़े प्रभाव को दिया ओर इस विशाल जीत का एक कारण के रूप में प्रधानमंत्री को बताया।

## भारत की पुरुष और मिश्रित रिले टीमें विश्व चैंपियशनिप क्वालीफिकेशन से चूकी

**एजेंसी**

**गुआंगझोउ (चीन)।** भारत की पुरुष और मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीमें विश्व एथलेटिक्स रिले 2025 से आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने में विफल रहीं। अपना पहला अवसर चूकने के बाद आज हुई स्पर्धा में टीमों को इस सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के लिए अपनी हीट में शीर्ष तीन में जगह बनाने की आवश्यकता थी। मिश्रित 4गुणा 400 मीटर रिले में भारत की टी संतोष, रूपल, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3:14.81 का समय निकालकर हीट 2 में चौथा स्थान हासिल कर पाई और क्वालीफिकेशन से चूक गईं। स्पर्धा में इटली (3:12.53) समय के साथ पहले, फ्रांस (3:12.66) समय के साथ दूसरे और कनाडा (3:12.95) समय के साथ तीसरा स्थान पर रहते हुए क्वालीफिकेशन हासिल किया।

## चेनाई और हासिस की भारतीय जोड़ी ने जीता ट्रैप मिश्रित टीम का कांस्य पदक

**निकोसिया (साइप्रस)।** ओलंपियन केनान चेनाई और सबीरा हारिस की भारतीय जोड़ी ने आईएसएसएफ विश्वकप 2025 में ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। आज यहां साइप्रस के निकोसिया में आयोजित शॉटगन निशानेबाजों के लिए आईएसएसएफ विश्व कप ओलंपियन केनान चेनाई और 18 वर्षीय सबीरा हारिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया।



आईएसएसएफ विश्व कप में इस वर्ष में भारत का पहला शॉटगन पदक है। भारतीय निशानेबाजी जोड़ी ने एक करीबी मुकाबले में तुर्किये के रुमेसा पेलिन काया और टोलगा ट्यून्सर को 34-33 से हराकर पोडियम पर अपना स्थान सुरक्षित किया।

## मलोग में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जुब्बल क्षेत्र के में नंदपुर पंचायत के अंतर्गत मलोग में नवयुवक मण्डल मलोग द्वारा आयोजित स्वर्गीय राय सिंह रांटा मेमोरियल पंचायत स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के शुभारम्भ समारोह की अध्यक्षता की। इस प्रतियोगिता में 35 टीमें भाग ले रही हैं। श्री ठाकुर ने नवयुवक मण्डल मलोग के सदस्यों को इस आयोजन पर बधाई दी और कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेलों का सर्वाधिक महत्त्व और योगदान है। हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में जहाँ बड़े मैदान और खुली जगह की उपलब्धता कम है, वहाँ पर वॉलीबाल, कब्बडी और खो-खो जैसे खेल उपयुक्त माने जाते हैं। इसलिये हम इन खेलों को अपने पारम्परिक खेल भी मानते है। उन्होंने बताया कि जुब्बल क्षेत्र ने वॉलीबाल में एक से बढ़कर एक राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिये है। युवाओं से आह्वान करते हुए उन्होंने बताया कि वे बढ़चढ़ कर खेलों में भाग लें और नशीले पदार्थों के सेवन की कुप्रवृति से दूर रहे। उन्होंनें बताया कि सरकार ने युवाओं को खेल की ओर प्रेरित करने के लिए विभिन्न प्रयास किये हैं और इसी दिशा में खेल छात्रावास जुब्बल के नवनिर्मित भवन को जनता को समर्पित किया गया है। खेल छात्रावास में वॉलीबॉल के साथ-साथ अब कबड्डी और बैडमिंटन का भी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है जिससे कि राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं बच्चों को प्राप्त हो रही हैं।

## भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को 97 रनों से हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला जीती

**कोलंबो** । स्मृति मंधाना (116) की शतकीय, हरलीन देओल (47), जेमिमाह रॉड्रिग्स (44) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (41) की शानदार पारियों के बाद स्नेह राणा (चार विकेट) और अमनजोत कौर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने फाइनल में मुकाबले में श्रीलंका को 97 रनों से हराकर त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला अपने नाम कर ली। 343 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की बेहद शुरुआत खराब रही और उसने अपना पहला विकेट हसिनी परेरा (शून्य) के रूप में गवां दिया। परेरा को अमनजोत कौर ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान चामरी अटापट्टू ने विष्मी गुणारत्ने के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिये 68 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में अमनजोत कौर ने विष्मी गुणारत्ने (36) को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद नीलाक्षी डिसिल्वा और अटापट्टू के बीच तीसरे विकेट लिये 73 रन जोड़े। 24वें ओवर में स्नेह राणा ने चामरी अटापट्टू (51) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। हर्षिता समाराविक्रमा (26) रन और देवमी विहंगा (चार) रन बनाकर आउट हुई।

# विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, कहा- जीवन भर याद रहेगी इस प्रारूप से मिली सीख

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। इस चौंकाने वाले फैसले की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से दी। कोहली ने अपने भावुक पोस्ट में टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपने जुनून, इस प्रारूप से मिली सीख और अपने 14 साल के शानदार सफर को साझा किया। विराट ने अपने पोस्ट में लिखा, '14 साल पहले मैंने पहली बार टेस्ट क्रिकेट में ब्लू कैप पहनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा। इसने मुझे परखा, मुझे गढ़ा और ऐसी सीख दी जो मैं जीवनभर साथ रखूंगा। कोहली ने कहा, सफेद जर्सी में खेलने में कुछ खास है। ये एक शांत, लंबा और धैर्य से भरा सफर होता है। ये छोटे-



छोटे पल जो कोई नहीं देखता लेकिन जो हमेशा आपके साथ रहते हैं। अब जब मैं इस फॉर्मेट से विदा ले रहा हूं, तो मन भारी है लेकिन अंदर से सही लग रहा है। मैंने टेस्ट क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया, और इसने मुझे उससे कहीं ज्यादा लौटाया। कोहली ने पोस्ट में आगे लिखा, 'मैं कृतज्ञता से भरा हुआ हूं। इस खेल के लिए, उन सभी साथियों के लिए जिनके साथ मैंने मैदान साझा किया, और हर उस व्यक्ति के लिए जिन्होंने मुझे इस सफर में सराहा। हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कान के साथ याद करूंगा। विराट कोहली ने भारत के लिए 123 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने इन मैचों में 46.85 की औसत के साथ 9,230 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 30 शतक और 31 अर्धशतक लगाए। टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली का उच्चतम स्कोर नाबाद 254 रन रहा। विराट कोहली ने ऐसे समय संन्यास की घोषणा की है जब कुछ ही दिन पहले रोहित शर्मा ने भी क्रिकेट के इस सबसे लंबे प्रारूप को अलविदा कह दिया था। विराट कोहली पहले ही टी20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। इसका मतलब है कि कोहली अब रोहित की तरह सिर्फ वनडे प्रारूप में ही खेलते नजर आएंगे।

## तन्वी शर्मा ने जीता डेनमार्क चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उभरती हुई भारतीय शटलर तन्वी शर्मा ने महिला एकल के फाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया की नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को हराकर डेनमार्क चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। 16 वर्षीय तन्वी शर्मा ने फाइनल में मुकाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को 21-13, 21-10 से हराया। तन्वी का यह बीडब्ल्यूएफ इंटरनेशनल चैलेंज स्तर का दूसरा खिताब है। आज खेले गये मुकाबले की शुरुआत में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी संघर्ष करती दिखीं, और इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी ने 6-2 की बढ़त बनाई। हालांकि, तन्वी ने धैर्य रखते हुए स्कोर 8-8 से बराबर कर दिया और मैच पर अपना दबदबा बनाते हुए सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। तन्वी ने सेमीफाइनल में इंडोनेशियाई शटलर मुटियारा आयु पुष्पितसारी पर 23-21, 19-21, 21-19 से हराया था।



टूर्नामेंट में उन्होंने सबसे बड़ी जीत दूसरे राउंड में यूक्रेन की दुनिया की 44वें नंबर की खिलाड़ी पोलिना बुहरोवा के खिलाफ दर्ज की।

## इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप में खेलेंगे रैना-धवन, गुप्टिल-दिलशान जैसे दिग्गज करेंगे शिरकत

**एजेंसी**

**ग्रेटर नोएडा।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) में हिस्सा लेने जा रहे हैं। यह टूर्नामेंट 27 मई से 5 जून के बीच ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा। इस ग्लोबल क्रिकेट लीग में श्रीलंका के पूर्व ओपनर तिलकरत्ने दिलशान, न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान जैसे इंटरनेशनल दिग्गज खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से इंडियन वॉरियर्स टीम उतरेगी, जिसमें रैना और धवन के अलावा पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार और मनप्रीत गोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल होंगे। कुल 6 टीमें टूर्नामेंट में भाग लेंगी, जो दुनिया के छह अलग-अलग महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करेंगी। ये टीमें हैं - इंडियन वॉरियर्स, अफ्रीकन लायंस, ट्रांस टाइटन्स (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड), यूरो ग्लैडिएटर्स, अमेरिकन स्ट्राइकर्स और एशियन एवेंजर्स। आईएलसी के डायरेक्टर गौरव कमल ने टूर्नामेंट को लेकर एक बयान में कहा, इन दिग्गज खिलाड़ियों ने सालों तक हमें रोमांचित किया है,




और अब एक बार फिर ये मैदान में लौटकर हमें पुरानी यादें ताजा कराएंगे। ILC उनके क्रिकेटिंग करियर को सम्मान देने के साथ-साथ खेल की वैश्विक एकता का उत्सव भी है। वहीं, आईएलसी के एक और निदेशक मनीष भट्ट ने कहा, शिखर धवन की क्लासिक बल्लेबाजी और सुरेश रैना की धमाकेदार स्ट्रोक्स इस टूर्नामेंट को बेहद खास बना देंगे। इनका अनुभव और करिश्मा युवा क्रिकेट फैंस को प्रेरित करेगा। इस लीग में कुल 18 मुकाबले खेले जाएंगे और सभी मैच सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव प्रसारित किए जाएंगे।

## नीरज चोपड़ा समेत चार भारतीय एथलीट्स 16 मई को दोहा डायमंड लीग में लेंगे हिस्सा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा 16 मई को दोहा में होने वाली प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीटिंग में तीन अन्य भारतीय एथलीट्स के साथ हिस्सा लेंगे। यह पहली बार होगा जब डायमंड लीग के किसी एक इवेंट में भारत की तरफ से चार एथलीट्स भाग लेंगे।

नीरज चोपड़ा 2023 में दोहा डायमंड लीग का खिताब जीत चुके हैं, जहां उन्होंने 88.67 मीटर भाला फेंका था। वहीं, 2024 में वह 88.36 मीटर की थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार भी उनसे गोल्डन थ्रो की उम्मीद की जा रही है।

नीरज के साथ पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में किशोर जेना भी नजर आएंगे। जेना ने 2024 में भी हिस्सा लिया था और 76.31 मीटर की थ्रो के साथ नौवें स्थान पर रहे थे। इस बार वह अपने प्रदर्शन में सुधार की कोशिश करेंगे।

**अन्य दो भारतीय एथलीट्स का ट्रैक पर होगा दमदार प्रदर्शन**

इस बार ट्रैक इवेंट्स में भी भारत की दमदार मौजूदगी देखने



को मिलेगी। पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह अपना डायमंड लीग डेब्यू करने जा रहे हैं। वहीं, महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में पारुल चौधरी उतरेंगी, जो इस इवेंट की भारतीय रिकॉर्डधारक हैं। नीरज और जेना को इस बार सशक्त प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। मैदान में दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), 2024 के विजेता याकुब वाडलेच (चेक गणराज्य), जूलियन वेबर और मैक्स डेनिंग (जर्मनी), जूलियस येगो (केन्या) और रोडरिक डीन (जापान) जैसे दिग्गज होंगे।

## आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप 2025: किन्नन चेनाई-सबीरा हारिस ने ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट में जीता कांस्य

**जेंसी**

**नई दिल्ली।** ओलंपियन किन्नन चेनाई और 18 वर्षीय सबीरा हारिस की जोड़ी ने साइप्रस के निकोसिया में आयोजित आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप 2025 में ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया।

कांस्य पदक मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने तुर्की की टीम – टोल्गा टंसर और रुमेया काया – को 34-33 के करीबी अंतर से हराया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में भारत ने 142 अंक बनाए थे और चीनी ताइपे की टीम (वान-यू लियू और कुन-पी यांग) को शूट-ऑफ में 4-2 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल मैच में प्रवेश किया।

**सबीरा का शानदार प्रदर्शन**




18 वर्षीय सबीरा हारिस ने क्वालिफिकेशन में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 75 में से 72 शॉट्स लगाए, जबकि 34 वर्षीय अनुभवी किन्नन चेनाई ने 70 शॉट्स पूरे किए। सबीरा इससे पहले भी जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में शार्दूल विहान के साथ मिक्स्ड ट्रैप इवेंट में मेडल जीत चुकी हैं।

**गोल्ड मुकाबले से चूकी तुर्की की टीम**

दिलचस्प बात यह रही कि तुर्की की टीम गोल्ड मेडल मुकाबले में जगह बनाने से भी चूक गई। वे दूसरे स्थान पर रही चीन की जोड़ी झांग ज़िक्सी और क्वी यिंग से शूट-ऑफ में 1-2 से हार गए, जबकि पोलैंड की टीम ने 146 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया।

**दूसरे भारतीय दल का औसत प्रदर्शन**

भारत की दूसरी टीम जिसमें शार्दूल विहान (72) और कीर्ति गुप्ता (65) शामिल थे, ने कुल 137 अंक बनाए और 34 टीमों में 17वें स्थान पर रही।

## दीपिका कुमारी, पार्थ सालुंखे ने जीते कांस्य पदक

**एजेंसी**

**शंघाई।** ओलंपियन दीपिका कुमारी और पार्थ सालुंके ने तीरंदाजी विश्व कप 2025 में व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धाओं में कांस्य पदक अपने नाम किये। इसके साथ ही भारत ने टूर्नामेंट में कुल सात पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। दीपिका कुमारी ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। यह तीरंदाजी विश्व कप में उनका 37वां पदक है। इससे के साथ ही वह अब सबसे अधिक पदक जीतने वाली भारतीय तीरंदाज बन गई। 12वीं वरीयता प्राप्त दीपिका ने महिलाओं के व्यक्तिगत रिकर्व तीरंदाजी कांस्य पदक मैच में टोक्यो 2020 में स्वर्ण पदक जीतने वाली कोरिया गणराज्य टीम की सदस्य कांग चाए-यंग को 7-3 से हराकर यह पदक जीता। इससे पहले दीपिका ने क्वार्टरफाइनल में चीन की ली जियामन को 6-2 से हराया था। सेमीफाइनल में उन्हें दक्षिण कोरिया की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन लिम सिहयोन से 1-7 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं पार्थ सालुंखे ने पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के दौरान कई उलटफेर किए। सालुंखे ने कांस्य पदक के लिए हुए मैच में फ्रांसीसी तीरंदाज बैपटिस्ट एडिस को 6-4 से हराया। भारतीय तीरंदाज ने पहले राउंड में शूट-ऑफ में टोक्यो 2020 ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज को हराया और फिर इसके बाद उन्होंने क्वार्टरफाइनल में दक्षिण कोरिया की किम जे देओक को 6-2 से मात दी।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अल नास्त्र सऊदी प्रो लीग के खिताबी दौड़ से बाहर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुवाई वाली अल नास्त्र टीम को सऊदी प्रो लीग खिताब के लिए अब अगले सीजन तक इंतजार करना होगा। मिली ताज़ा हार के बाद टीम 2024-25 सीजन के खिताबी दौड़ से बाहर हो गई है। अब एएफसी चैंपियंस लीग एलीट में क्वालीफाई करना ही उसका प्रमुख लक्ष्य रह गया है। लीग में टॉप पर चल रही अल इत्तिहाद ने करीम बेंजेमा के दो गोलों की मदद से अल फैहा को 3-0 से हराकर अपने शीर्ष स्थान को और मजबूत कर लिया। 31 मैचों के बाद इत्तिहाद के 74 अंक हो चुके हैं, जबकि अल नास्त्र अधिकतम 72 अंक ही हासिल कर सकती है। इस तरह वह खिताब की दौड़ से बाहर हो गई है। गौरतलब है कि अल नास्त्र ने पिछली बार 2018-19 सीजन में सऊदी प्रो लीग खिताब जीता था।



इसके बाद अल हिलाल ने चार बार और इत्तिहाद ने एक बार खिताब पर कब्जा जमाया है।

**चैंपियंस लीग एलीट में कैसे पहुंचेगी अल नास्त्र?**

2024-25 एएफसी टूर्नामेंट के अनुसार, सऊदी प्रो लीग की शीर्ष तीन टीमें एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसके अलावा, किंग्स कप का विजेता एएफसी चैंपियंस लीग टू (एसीएल 2) में जाएगा, जो एशिया की द्वितीय श्रेणी की प्रतियोगिता है। अगर किंग्स कप विजेता पहले से लीग की टॉप-3 में है, तो चौथे स्थान की टीम को एसीएल 2 का टिकट मिलेगा। इस साल के किंग्स कप फाइनल में पहुंची अल इत्तिहाद और अल क़दीसिया दोनों ही लीग की टॉप तीन की दौड़ में हैं। ऐसे में अगर इनमें से कोई एक कप जीतता है और लीग में भी टॉप-3 में रहता है, तो चौथे स्थान वाली टीम एसीएल 2 में पहुंचेगी।

**रोनाल्डो की टीम के लिए समीकरण**

अभी अल नास्त्र अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। टीम को एएफसी चैंपियंस लीग एलीट में जगह बनाने के लिए अपने बाकी बचे चारों मुकाबले जीतने होंगे और साथ ही टॉप टीमों के नतीजे भी उसके पक्ष में आने चाहिए। अगर टीम दूसरे स्थान पर पहुंचती है, तो उसका एलीट में खेलना तय है। अगर वह तीसरे या चौथे स्थान पर रहती है और किंग्स कप विजेता टॉप-3 में रहता है, तो अल नास्त्र को कम से कम एसीएल 2 में खेलने का मौका मिल सकता है।

## नवोन को हराकर सिनर इटालियन ओपन के अगले दौर में

**रोम।** डोपिंग मामले में तीन महीने के निलंबन के बाद मैदान पर लौटे इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी यानिस सिनर ने अर्जेंटीना के मारियानो नवोन को हराकर इटालियन ओपन के अगले दौर में



जगह बना ली है। यानिस सिनर ने पुरुष एकल मुकाबले में घरेलु दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करते हुए मारियानो नवोन को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया। उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद पहली बार घरेलु दर्शकों के सामने खेलते हुए यह पहली जीत दर्ज की है यह उनकी लगातार 22वीं जीत है। सिनर अगले दौर में नीदरलैंड के जेसपर डे जोंग से मुकाबला होगा।

## हारिस ने नेशनल टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट में लगातार चौथा खिताब अपने नाम किया

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** संत जोसफ कॉलेज के कक्षा 7 के छात्र हारिस खान ने सोनीपत हरियाणा में 05 से 10 मई तक आयोजित एआईटीए (चैम्पियनशिप सीरीज-7) अंडर-12 टेनिस टूर्नामेंट में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल का खिताब अपने नाम किया। हारिस ने फाइनल में तमिलनाडु के श्रविन रुबेस को 6-1, 6-2 से सीधे सेटों से हराकर यह उपलब्धि हासिल की।

इससे पहले सेमीफाइनल में हारिस ने हरियाणा के यश दहिया को 6-0, 6-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। हारिस ने अंडर-14 में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। अंडर-14 के सेमी फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के प्रथम सीडेड वेदांत शुक्ला को 6-4, 6-0 से सीधे सेटों में पराजित किया। अंडर-14 फाइनल में दिल्ली के रेयांश भल्ला के हाथों उन्हें 6-3, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। परन्तु अपने ज़बरदस्त फोरहैंड और ड्राप शॉट्स से सभी का दिल जीत लिया। हारिस ने अंडर-14 (डबल्स) में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई और उप विजेता का ख़िताब जीता। इस जीत के साथ हारिस ने अपने टेनिस कैरियर का लगातार चौथा एआईटीए चैम्पियनशिप का ख़िताब जीत कर यह दिखा दिया कि मेहनत और लगन से बड़ा से बड़ा लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। उनकी इन



उपलब्धियों पर उनके कोच सैफ इकबाल ने बधाई देते हुए आने वाले टूर्नामेंट में ऐसे ही प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दी।

# रियल मैड्रिड को हराकर ला लीगा खिताब के करीब पहुंचा बार्सिलोना

**एजेंसी**

**बार्सिलोना।** ला लीगा में खेले गए एल क्लासिको मुकाबले में बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 4-3 से हराकर खिताब की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए। इस जीत के साथ बार्सिलोना ने तालिका में मैड्रिड पर सात अंकों की बढ़त बना ली है और अब सिर्फ तीन मैच बाकी हैं।

**मबाप्पे की हैट्रिक पर भारी पड़ा बार्सिलोना का** जज़्बा

रियल मैड्रिड की ओर से किलियन मबाप्पे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक लगाई, लेकिन बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा के दो गोल और लामिन यमाल व एरिक गार्सिया के एक-एक गोल ने मैच का पासा पलट दिया। चैंपियंस लीग से बाहर होने के बाद यह मैच बार्सिलोना के लिए 'करो या मरो' जैसा था, लेकिन कोच हैंसी फ्लिक की टीम ने शानदार वापसी करते हुए चौथे क्लासिको में भी जीत दर्ज की।

**मबाप्पे ने दिलाई शुरुआती बढ़त**

रियल मैड्रिड ने दमदार शुरुआत की और महज चौथे मिनट में मबाप्पे ने पेनल्टी पर गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। यह पेनल्टी तब मिली जब गोलकीपर वोज्शेच शेचनी ने मबाप्पे को गिराया, हालांकि



बार्सिलोना ने ऑफसाइड की मांग की थी। 14वें मिनट में मबाप्पे ने दूसरा गोल किया, जिससे मैड्रिड ने 2-0 की बढ़त ले ली। यह उनका 26वां लीग गोल था, जिससे उन्होंने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को पीछे छोड़ते हुए टॉप स्कोरर बन गए।

**राफिन्हा की जोड़ी और यमाल का जलवा**

मैड्रिड की बढ़त ज्यादा देर टिक नहीं सकी। राफिन्हा ने दो मिनट बाद ही गोल दागा, फिर पहले हाफ के अंतिम क्षणों में उन्होंने लुकास वाज़क्वेज़ से गेंद छीनकर दूसरा गोल भी कर डाला। लामिन यमाल ने भी मैच में शानदार खेल दिखाया। उन्होंने एक गोल भी किया, जबकि एक हैडर पर राफिन्हा को शानदार क्रॉस दिया जो गोल में तब्दील नहीं हो सका।

**मबाप्पे की तीसरी बार कामयाबी, पर जीत नहीं दिला सके:** दूसरे हाफ में मबाप्पे ने विनीसियस जूनियर की सहायता से तीसरा गोल करते हुए हैट्रिक पूरी की, लेकिन बार्सिलोना की डिफेंस और मिडफील्ड ने इसके बाद कोई बड़ी चूक नहीं की। विक्टर मुनोज के पास अंत में स्कोर बराबर करने का मौका था, लेकिन उन्होंने गेंद ऊपर मार दी।

## अमेरिका चीन की वस्तुओं पर टैरिफ घटाकर 30फीसदी करेगा, बीजिंग 90 दिनों तक लगाएगा 10फीसदी कर

**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन इस बात पर सहमत हुए हैं कि वे 90 दिनों की शुरुआती अवधि के लिए अपने पहले से घोषित पारस्परिक शुल्क और जवाबी शुल्क वापस ले लेंगे। इस बीच, चीन अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा, और अमेरिका चीनी वस्तुओं पर लगभग 30 प्रतिशत कर लगाएगा। सोमवार को एक संयुक्त बयान के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए उनके द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों के महत्व को पहचानते हुए अमेरिका और चीन के बीच सहमति बनी। दोनों देशों ने एक स्थायी, दीर्घकालिक और पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक और व्यापार संबंधों के महत्व को पहचाना। दोनों देशों ने अपनी हालिया चर्चाओं पर विचार किया और माना कि निरंतर चर्चाओं में उनके आर्थिक और व्यापार संबंधों में प्रत्येक पक्ष की चिंताओं को दूर करने की क्षमता है। आगे बढ़ते हुए, दोनों देश आर्थिक और व्यापार संबंधों के बारे में चर्चा जारी रखने के लिए एक तंत्र स्थापित करेंगे। इन चर्चाओं के लिए चीनी पक्ष के प्रतिनिधि स्टेट काउंसिल के वाइस प्रीमियर हे लिफेंग होंगे, और अमेरिकी पक्ष के प्रतिनिधि ट्रेजरी के सचिव स्कॉट बेसेंट और यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जैमीसन ग्रीर होंगे। दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त बयान में कहा गया, ये चर्चाएं चीन और अमेरिका में बारी-बारी से आयोजित की जा सकती हैं, या पार्टियों की सहमति से किसी तीसरे देश में की जा सकती हैं।

## जलवायु संरक्षण में भारत की भूमिका अहम, दुनिया ने माना- एशिया का लीडर

**नई दिल्ली।** जलवायु संरक्षण की दिशा में भारत द्वारा किए जा रहे कामों को पूरी दुनिया में मान्यता मिल रही है। एक वैश्विक मंच ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की प्रगति की जमकर तारीफ की है और कहा कि भारत ऊर्जा परिवर्तन के मामले में एशिया का नेता बनकर उभर रहा है। क्लाइमेट ग्रुप की सीईओ हेलेन क्लार्कसन ने सिंगापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'एशिया में ऊर्जा परिवर्तन में भारत की अग्रणी भूमिका है। यह अपने जलवायु लक्ष्यों में लगातार प्रगति कर रहा है, जिसमें सौर ऊर्जा पर खासा फोकस किया जा रहा है। यह उत्साहजनक है। हेलेन क्लार्कसन ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में देखी गई प्रगति के साथ अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में भारत की प्रगति शानदार है। उन्होंने भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025 तक भारत की कुल अक्षय ऊर्जा (आरई) क्षमता 220 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें सौर ऊर्जा का सबसे बड़ा योगदान है। यह कुल नवीकरणनीय ऊर्जा क्षमता का करीब 48 प्रतिशत है।

## भारत ने मालदीव को दी 50 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता, विदेश मंत्री ने जताया आभार

**नई दिल्ली।** भारत ने 50 मिलियन डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को वित्तीय सहायता प्रदान की है। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने ट्वीट किया, मैं 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और भारत सरकार के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। यह समय पर की गई सहायता मालदीव और भारत के बीच मित्रता के घनिष्ठ संबंधों को दर्शाती है और आर्थिक लचीलेपन के लिए राजकोषीय सुधारों को लागू करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों का समर्थन करेगी। मालदीव में भारतीय उच्चायोग के अनुसार, भारत ने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल को रोलओवर करके मालदीव को वित्तीय सहायता प्रदान की है। मालदीव सरकार के अनुरोध पर, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मालदीव के वित्त मंत्रालय की ओर से जारी 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सरकारी ट्रेजरी बिल को एक और वर्ष के लिए सब्सक्राइब किया है। मार्च 2019 से, भारत सरकार एसबीआई ऐसे कई ट्रेजरी बिलों की सदस्यता की सुविधा प्रदान कर रही है और सालाना, ब्याज-मुक्त तरीके से मालदीव सरकार को रोलओवर कर रही है।

## चालू वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** देश की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। हम एक उचित आधार, मजबूत आर्थिक बुनियाद के साथ शुरुआत कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था देशों के मुद्दों के अल्पकालिक प्रभाव से उबरने में भी सक्षम है। भारतीय उद्योग परिसंघ यानी सीआईआई के अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा, देश को बढ़ती व्यापार बाधाओं की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करने चाहिए। पुरी ने कहा, ऊर्जा, परिवहन, मेटल, केमिकल और हॉस्पिटालिटी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निजी निवेश में वृद्धि हो रही है। देशों में मौजूदा तनाव से उपजी अनिश्चितता के कारण निवेश में कुछ कमी आ रही है। विकास और प्रतिस्पर्धा के घरेलू चालकों पर ध्यान देने की जरूरत है। पुरी ने कहा, भारत ने निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को दंडित करने का सही काम किया है।

# स्रीगी डीएलएफ ने आईपीओ निवेशकों को किया मालामाल, पहले दिन ही लगभग डबल हुए पैसे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के लिए प्लास्टिक मोल्डिंग्स, होम अप्लायंसेज मोल्डिंग्स और एडवांस्ड इंजेक्शन मोल्डिंग्स का काम करने वाली कंपनी स्रीगी डीएलएम के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 99 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 188.10 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी के सपोर्ट से यह शेयर उछल कर 197.50 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया। स्रीगी डीएलएम का 16.98 करोड़ रुपये का आईपीओ 5 से 7 मई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 490.93 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 136.52 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1,534.66 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके



अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 243.71 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 17,14,800 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी ग्रेटर नोएडा में मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी सेटअप करने, मशीनरी खरीदने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 1.13 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 2.81 करोड़ और 2023-24 में 3.10 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 28 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर से बढ़ कर 54.65 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष की बात करें तो अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच कंपनी को 3.77 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इसी तरह इस अवधि में कंपनी 54.47 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल कर चुकी है।

## भारत के खुदरा व्यापार पर कब्ज़े की कोशिशों के खिलाफ 16 मई को कैट की राष्ट्रीय संगोष्ठी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों के संगठन कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज कहा कि भारत के सालाना 140 लाख करोड़ रुपये के खुदरा व्यापार को विदेशी पूंजी पोषित ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों द्वारा कब्ज़ाने की साज़िश के विरोध में कैट 16 मई को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर रहा है।

कैट के महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि इस अहम कांफ्रेंस में देशभर से 100 से अधिक व्यापारिक नेता हिस्सा लेंगे, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मुख्य वक्ता होंगी। श्री खंडेलवाल ने बताया कि इस संगोष्ठी में व्यापारियों के साथ-साथ स्वदेशी उत्पादों के समर्थक, ट्रांसपोर्ट संगठनों, एमएसएमई, महिला उद्यमियों, किसानों, स्टार्टअप्स और उपभोक्ता संगठनों सहित व्यापार जगत के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस मंच से एक संयुक्त रणनीति बनाई जाएगी, जिसका उद्देश्य देशव्यापी जागरूकता अभियान शुरू कर इन कंपनियों के खिलाफ जनमत तैयार करना है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. सी. भरतिया ने इस आयोजन को बेहद महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि विदेशी कंपनियों की अनैतिक गतिविधियों का व्यापारी वर्ग संगठित होकर विरोध करे। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कंपनियों ने अब तक मोबाइल, एफएमसीजी, इलेक्ट्रॉनिक्स, परिधान, किराना, होटल-रेस्तरां जैसे क्षेत्रों में भारी नुकसान पहुंचाया है और अब अन्य सेक्टरों पर भी कब्ज़े की कोशिश में जुटी हैं। श्री भरतिया ने स्पष्ट किया कि यह कांफ्रेंस एक निर्णायक पहल* होगी, जिसकी रणनीति के आधार पर पूरे देश में जागरूकता और विरोध अभियान शुरू किया जाएगा, जिससे देश के पारंपरिक खुदरा व्यापार को बचाया जा सके।

## शुरुआती कारोबार में ही निवेशकों को 10.59 लाख करोड़ का फायदा, 176 शेयरों पर लगा अपर सर्किट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर हुए सीजफायर के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान रौनक बनी हुई है। बाजार में जबरदस्त उत्साह का माहौल बना हुआ है, जिसके कारण बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग तीन प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की जा चुकी है?। बाजार खुलते ही आज खरीदारी का इतना जोरदार रुझान बना कि शुरुआती कुछ मिनट में ही स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 10.59 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। शुरुआती कारोबार में निफ्टी के फार्मास्यूटिकल इंडेक्स को छोड़ कर शेष सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। फार्मास्यूटिकल इंडेक्स फिलहाल उतार-चढ़ाव के बीच सपाट स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। इसी तरह मिडकैप और स्मॉल कैप शेयरों में भी आज जोरदार खरीदारी होती हुई नजर आ रही है। बाजार की तेजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कारोबार शुरू होने के कुछ देर बाद ही बीएसई में



लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपीटलाइजेशन बढ़ कर 427 लाख करोड़ रुपये हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को इन कंपनियों का मार्केट केपीटलाइजेशन 416.41 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) था। इस तरह बाजार खुलते ही निवेशकों की संपत्ति में करीब 10.59 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में शामिल शेयरों में से सन फार्मास्यूटिकल्स और इंडसइंड बैंक के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार करते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा इन दोनों सूचकांक में शामिल शेष सभी शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। फिलहाल बीएसई पर 2,933 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही है। इनमें से 2,584 शेयर मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 256 शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं।

## टॉप 10 में शामिल 8 कंपनियों के मार्केट कैप में 1.60 लाख करोड़ की गिरावट, रिलायंस को सबसे ज्यादा नुकसान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 8 कंपनियों के मार्केट कैप में 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। दूसरी ओर, टॉप 10 में शामिल 2 कंपनियों के मार्केट कैप में करीब तीन हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। इस सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), आईटीसी और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में 1,60,314.48 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। दूसरी ओर, हिन्दुस्तान यूनिलीवर और इंफोसिस के मार्केट कैप में 2,952.89 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। 5 मई से 9 मई के बीच हुए कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 59,799.34 करोड़ रुपये घट कर 18,64,436.42 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 30,185.36 करोड़ रुपये कम होकर 9,90,015.33 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 27,062.52 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 14,46,294.43 करोड़ रुपये के स्तर पर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 18,429.34 करोड़ रुपये घट कर 6,95,584.89 करोड़ रुपये के स्तर पर, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 13,798.85 करोड़ रुपये कम होकर 5,36,927.95 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईटीसी का मार्केट कैप 8,321.89 करोड़ रुपये की कमी के साथ 5,29,972.97 करोड़ रुपये के स्तर पर, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 2,138.29 करोड़ रुपये कम होकर 10,53,891.62 करोड़ रुपये के स्तर पर और टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 578.89 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 12,45,418.09 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।दूसरी ओर, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 2,537.56 करोड़ रुपये बढ़ कर 5,48,382.85 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह इंफोसिस का मार्केट कैप 415.33 करोड़ रुपये उछल कर 6,26,083.70 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 18,64,436.42 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 14,46,294.43 करोड़ रुपये), टीसीएस (कुल मार्केट कैप 12,45,418.09 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 10,53,891.62 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,90,015.33 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 6,95,584.89 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 6,26,083.70 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,48,382.85 करोड़ रुपये) बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,36,927.95 करोड़ रुपये) और आईटीसी (कुल मार्केट कैप 5,29,972.97 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## 1.75 करोड़ घरों को रोशन करेगा अदाणी का खावड़ा सोलर प्लांट

**एजेंसी**

**खावड़ा।** भारत के शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने में महत्ती भूमिका निभा रही कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीआईएल) की गुजरात के कच्छ के खावड़ा में बन रही दुनिया की सबसे बड़ी सौर परियोजना पूरी तरह से तैयार होने पर 1.75 करोड़ घरों को बिजली की आपूर्ति की जा सकेगी। यह परियोजना 538 वर्ग किलोमीटर अर्थात 132943 एकड़ में फैली है जो लगभग मुंबई के आकार के बराबर है और पेरेसि से पांच गुना बड़ा है। इस संयंत्र ये पौलेंड , कनाडा या स्पेन की पूरी आबादी को बिजली आपूर्ति की सकता है। कंपनी के अनुसार इस सोलर पार्क को आसमान से देखा जा सकता है। यह परियोजना 30 हजार मेगावाट क्षमता की है जिसमें 26 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा और चार हजार मेगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। अभी इस परियोजना में 4106.9 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। कंपनी का लक्ष्य 2030 तक 50



गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का है और खावड़ा प्लांट की क्षमता 30 गीगावॉट है। एजीईएल ने 2029 तक करीब 1.60 लाख करोड़ रुपये के निवेश से इस परियोजना को पूरा करने वाली है। इसके पूर्ण होने में इसमें 6 करोड़ सोलर पैनल लगगें और करीब 800 पवन चक्की लगेगी। कंपनी ने नयी प्रौद्योगिकी से ऐसी पवन चक्की बनायी है जो एक पवन चक्की 5.2 मेगावाट बिजली का उत्पादन करने में सक्षम है। कंपनी ने जर्मनी के डब्ल्यू 2ई विंड टू एनर्जी के साथ मिलकर 5.2 मेगावाट की सबसे शक्तिशाली ऑनशोर विंड टर्बाइन विकसित की है, जिसमें 160 मीटर का रोटर व्यास, 20,106 मीटर का स्वीप्ट एरिया और 200 मीटर की टिप ऊंचाई है। कंपनी इस प्लांट में ऐसे सोलर पैनल लगा रही है जो दोनों ओर से बिजली उत्पादन करने में सक्षम है। इनमें से अधिकांश सोलर पैनलों ऐसे लगाये गये हैं जो धूप के साथ घुमने में सक्षम है। सोलर पैनलों की प्रतिदिन स्वचालित रोबोटिक मशीनों से सफाई की जाती है जिसमें पांनी का उपयोग नहीं किया जाता है। यह कंपनी का पूरी तरह से शून्य पानी उपयोग वाला प्लांट है और इससे 171.6 करोड़ लीटर पानी का बचत होगा। कंपनी ने हाल ही में करीब 700 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं का संचालन शुरू किया है, जिससे खावड़ा में कुल क्षमता चार हजार मेगावाट हो गई है। खावड़ा प्लांट अकेले 87.4 अरब यूनिट बिजली पैदा करेगा, जो 1.74 करोड़ घरों को बिजली आपूर्ति करने में सक्षम होगा। इससे सालाना 6.36 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होगा। खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क अकेले भारत की कुल सोलर ऊर्जा उत्पादन का 9 फीसदी उत्पादन कर सकता है। खावड़ा परियोजना पूरी दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा पावर प्लांट है। इससे 15200 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मिलने का अनुमान है। कंपनी ने पूरा होने के बाद, यह सभी ऊर्जा स्त्रोतों में ग्रह का सबसे बड़ा बिजली संयंत्र होगा।

## मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड, पाम तेल महंगा

**एजेंसी**

**इंदौर।** सप्ताहांत खाद्य तेलों में भाव तेजी लिए रहे। मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड तथा पाम तेल ऊंचा बिका। तिलहनों में रिफाइनरी प्लांटों की लिवाली घटी रही, इससे भाव कम हुए। मूंगफली तेल 1310 से



1320 रुपये प्रति 10 किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1340 से 1360 रुपये पर रुका। हालांकि कारोबार के दौरान भाव ऊपर नीचे हुए। सोयाबीन रिफाइंड 1215 से 1220 रुपये पर खुलकर 1265 से 1270 रुपये बिका। पाम तेल 1280 से 1285 रुपये खुलकर 1290 से 1295 रुपये होकर थमा। तिलहन जिन्सों में मांग से भाव ऊपर नीचे हुए। पशु आहार कपास्या खली में लिवाली से मजबूती दर्ज की गई।

## मनोज ज्वेलर्स ने आईपीओ निवेशकों को किया निराश, कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी का कारोबार करने वाली कंपनी मनोज ज्वेलर्स के शेयरों ने आज अपने आईपीओ निवेशकों को काफी निराश किया। बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इस शेयर की आज डिस्काउंट रेट पर लिस्टिंग हुई और थोड़ी ही देर में गिर कर यह लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 54 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इनकी लिस्टिंग 5 पैसे के डिस्काउंट के साथ 53.95 रुपये के स्तर पर हुई। डिस्काउंटेड लिस्टिंग के बाद निवेशकों को उसे समय और झटका लगा, जब बिकवाली के दबाव में थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर टूट कर 51.26 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के शुरुआती




कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 5.07 प्रतिशत का नुकसान हो गया। मनोज ज्वेलर्स का 16.20 करोड़ रुपये का आईपीओ 5 से 7 मई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.14 गुना ही सब्सक्राइब हो सका था। इनमें रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.01 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 30 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने पुराने कर्ज को चुकाने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 36 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 62 लाख और 2023-24 में 3.24 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 153 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर से बढ़ कर 43.38 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष की बात करें तो अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच कंपनी को 3.77 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इसी तरह इस अवधि में कंपनी 42.97 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल कर चुकी थी।

## अगले सप्ताह दो नए आईपीओ की लॉन्चिंग, दो शेयरों की होगी लिस्टिंग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सोमवार 19 मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में दो नए आईपीएल लॉन्च होने वाले हैं। ये दोनों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इनके अलावा पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 9 मई को लॉन्च हुए एक आईपीओ में भी इस सप्ताह 14 मई यानी बुधवार तक बोली लगाई जा सकेगी। जहां तक लिस्टिंग की बात है, तो इस सप्ताह दो कंपनियां के शेयर लिस्ट होकर स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरुआत करेंगे। इस सप्ताह इंटेग्रिटी इंफ्राबिल्ड डेवलपर्स का 12 करोड़ रुपये का आईपीओ 13 मई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 15 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 100 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का एलॉटमेंट 16 मई को किया जाएगा। वहीं इनकी लिस्टिंग 20 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। इसी तरह 14 मई यानी बुधवार को एक्रेशन फार्मास्यूटिकल्स का 29.75 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 16 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 96 से 101 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का एलॉटमेंट 19 मई को किया जाएगा। वहीं इनकी लिस्टिंग 21 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी।इन दोनों नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 9 मई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले वर्चुअल गैलेक्सी इन्फोटेक के 93.29 करोड़ रुपये के आईपीओ में बुधवार 14 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 135 से 142 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का एलॉटमेंट 15 मई को किया जाएगा। वहीं, इनकी लिस्टिंग 19 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। इस आईपीओ को अभी तक 69 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिल चुका है सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान दो कंपनियां लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में अपने कारोबार की शुरुआत करने जा रही हैं। इनमें एक कंपनी श्रीगी डीएलएम लिमिटेड है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.07 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर पर

**एजेंसी**

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 02 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.07 अरब



डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 688.13 अरब डॉलर पर रहा था।रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 02 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 51.4 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.5 अरब डॉलर की भारी कमी आई और यह घटकर उछलकर 81.8 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर तीन करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 18.6 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 30 लाख डॉलर की कमी आई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले घटकर 4.5 अरब डॉलर रह गई।

# सर्राफा बाजार में बड़ी गिरावट, 1,800 रुपये तक सस्ता हुआ सोना

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। आज के कारोबार में सोना 1,650 रुपये से लेकर 1,800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में 1,100 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 96,880 रुपये से लेकर 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 88,800 रुपये से लेकर 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 96,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 88,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के



स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 96,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 88,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 96,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 88,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 96,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 88,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 96,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 88,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 96,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 88,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।


पाकिस्तानी यूजर ने पति को छोड़ने की दी सलाह, तो

# देवोलीना भट्टाचार्जी

## ने उड़ाई धज्जियां, कहा- 2 दिन में तेरी आर्मी भीख मांगने पे आ गई...



देवोलीना भट्टाचार्जी टेलीविजन इंडस्ट्री का जाना माना नाम हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं. हाल ही में उन्होंने भारत-पाकिस्तान में तनाव के मामले को लेकर कई सारे पोस्ट शेयर किए हैं. एक्ट्रेस ने इंडियन आर्मी के सपोर्ट के लिए कई सारे ट्वीट किए हैं. हालांकि इन्हीं सब के बीच देवोलीना का एक पाकिस्तानी फैन सामने आया है, जिसने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को उनके पति को छोड़ने की सलाह दी है. इस पर एक्ट्रेस ने उसे करारा जवाब दिया है.जब से पहलगाम में आतंकी अटैक हुआ है, तभी से कई सारे स्टार्स ने पाकिस्तान और आतंकवादियों के विरोध में पोस्ट शेयर की है. इन्हीं में से एक नाम देवोलीना का भी है. हालांकि, इसी दौरान ज्यादातर स्टार्स को पाकिस्तानी



फैंस की तरफ से निगेटिव कमेंट मिल रहे हैं, जो कि लाजमी हैं. हाल ही में एक पाकिस्तानी यूजर न देवोलीना के पोस्ट पर कमेंट करते हुए उन्हें उनके पति को छोड़ने के लिए कहा गया है.

**‘अपने पति को छोड़ दें’**

दरअसल, पाकिस्तानी यूजर ने लिखा कि मैं भारत के सभी प्रोड्यूसर्स से ये रिक्वेस्ट करता हूं कि प्लीज देवोलीना को कुछ काम दे दें,

## भारत की सबसे रईस एक्ट्रेस, जिनकी फिल्में नहीं देखते उन्हीं के बच्चे, 100 से ज्यादा पिक्चर्स में किया काम

कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस ने 80 के दशक में खूब नाम कमाया. ऐसी ही एक अदाकारा के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, जो अब भारत की सबसे अमीर एक्ट्रेस हैं. उन्होंने कई शानदार फिल्में दी हैं. हालांकि फिर भी आपको ये जानकर हैरानी होगी कि उनके बच्चे उनकी फिल्में नहीं देखते हैं.यहां बात हो रही है जानी-मानी एक्ट्रेस जूही चावला की. जूही चावला ने अपने करियर का आगाज 80 के दशक में किया था. अपने लंबे और सफल करियर में उन्होंने कई शानदार फिल्में दी थीं. अब चाहे वो फिल्मों से दूर हैं, लेकिन वो भारत की सबसे अमीर एक्ट्रेस हैं. आइए आपको जूही की नेटवर्थ बताते हैं.

**‘सल्तनत’ से किया था बॉलीवुड डेब्यू**

57 वर्षीय जूही चावला का जन्म हरियाणा के अंबाला में 13 नवंबर 1967 को हुआ था. जूही ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 1986 में आई फिल्म ‘सल्तनत’ से की थी, लेकिन उन्हें पहली बड़ी और खास पहचान साल 1988 की फिल्म ‘कयामत से कयामत तक’ से मिली थी. आमिर खान ने इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया था. दोनों की ये पिक्चर ब्लॉकबस्टर हुई थी.



जूही ने अपने करियर में ‘कयामत से कयामत तक’ के बाद ‘डर’, ‘दीवाना मस्ताना’, ‘भूतनाथ’, ‘इश्क’, ‘यस बॉस’, ‘हम हैं राही प्यार के’, ‘राजू बन गया जेंटलमैन’, ‘बोल राधा बोल’ और ‘स्वर्ग’ जैसी बेहतरीन फिल्मों सहित कुल 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है. एक्ट्रेस के अलावा जूही ने बतौर प्रोड्यूसर भी काम किया. वो ‘अशोका, ‘फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी’ और ‘चलते चलते’ जैसी फिल्मों की प्रोड्यूसर रह चुकी हैं.

**जूही की फिल्में नहीं देखते उनके बच्चे**

जूही बॉलीवुड की कामयाब एक्ट्रेस हैं. दर्शक उनकी फिल्में बड़े चाव के साथ देखते हैं. हालांकि उनके बेटे अर्जुन मेहता को उनकी फिल्मों में दिलचस्पी नहीं है. जूही ने खुद इसके पीछे की वजह बताई थी. एक बार जूही के बेटे अर्जुन ने उनसे ये कहा था कि उन्हें वो फिल्में पसंद नहीं हैं, जिनमें वो रोमांटिक रोल करती हैं.

**4600 करोड़ है जूही की नेटवर्थ**

हुरुन रिच लिस्ट 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक जूही चावला की टोटल संपत्ति 4600 करोड़ रुपये है और वो भारत की सबसे अमीर एक्ट्रेस हैं. 850 करोड़ की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में ऐश्वर्या राय बच्चन दूसरे नंबर पर मौजूद हैं.

